


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





09 करण जौहर के साथ अनबन पर कार्तिक आर्यन ने तोड़ी ...

टी20 विश्व कप में गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला ... 11



वर्ष : 15 | अंक : 62 | नई दिल्ली, बुधवार, 12 जून, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सुल्तान ने फोन पर बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का फोन आया। सुल्तान हैथम बिन तारिक ने हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार तारिक ने ओमान और भारत के बीच सदियों पुराने मैत्री संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने भारत के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और दिसंबर 2023 में भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा का जिक्र किया, जिससे सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में मजबूती आई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए भारत-ओमान साझेदारी को और गहरा तथा मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने तारिक और ओमान के लोगों को आने वाली ईद अल अजहा पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

### पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

श्रीनगर। पुलवामा जिले में दो आईईडी बरामद होने के मामले में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 3 जून को लश्कर कमांडर रेयाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के सक्रिय कार्यकताओं (ओजीडब्ल्यू) के नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए। रविवार को बरामद किए गए करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण एक दिन बाद नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

### मामले में एनटीए को नोटिस, आठ जुलाई को होगी अगली सुनवाई

# नीट-2024 पेपर विवाद : काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल कॉलेज स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी के आरोप वाली याचिकाओं के मद्देनजर दाखिले से संबंधित काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया, लेकिन इस मामले में की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर कहा कि कई सवाल उठाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए से जवाब मांगते हुए कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। हालांकि, पीठ ने याचिकाकताओं द्वारा किए गए मौखिक अनुरोध पर काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक की खबर सुनकर वे अंदर तक हिल गए हैं। वे बहुत तनाव और चिंता में हैं, क्योंकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने एक दिन मेडिकल प्रैक्टिशनर बनने का सपना देखा था। उन्होंने न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि एनटीए ने बिहार के पटना स्थित शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर और बिहार पुलिस द्वारा पेपर लीक मामले में आगे की जांच की पृष्ठभूमि में संबंधित विभिन्न एजेंसियों की चल रही जांच पूरी होने से पहले ही पेपर लीक मामले में कथित अपराधियों को क्लीन चिट देते हुए अपना स्वयं का परिपत्र/अधिसूचना प्रकाशित कर दिया है। पीठ ने अधिवक्ता की ओर से काउंसलिंग पर रोक लगाने के समर्थन में बार-बार दी जा रही दलीलों कहा, हम काउंसलिंग बंद नहीं करेंगे। अगर आप आगे बहस करेंगे तो हम इसे खारिज कर देंगे। नीट 2024 परीक्षा 5 मई 2024 को आयोजित की गई थी। परिणाम 4 जून 2024 को घोषित किए गए थे। स्वास्थ्य विज्ञान महानिदेशालय, चिकित्सा परामर्श समिति की ओर से जुलाई 2024 के पहले सप्ताह में यूजी काउंसलिंग 2024 शुरू करने की संभावना है। दरअसल, इस साल हुई नीट की परीक्षा में देशभर से 23 लाख से भी अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 4 जून को परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट में कुल 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान हासिल किया है। इन सभी 67 छात्र-छात्राओं को 720 में 720 अंक मिले हैं। ये सभी छात्र हरियाणा के झज्जर के एक ही सेंटर के हैं। नतीजे सामने आने के बाद से ही इसे लेकर देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया। तेलंगाना के रहने वाले अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में परीक्षा को रद्द कर उसे फिर से आयोजित करने की मांग की गई है। साथ ही पूरे मामले की एसआईटी जांच और काउंसिलिंग रोकने की भी मांग की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को किसी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया है और एनटीए से जवाब मांगा है इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा के परिणाम की घोषणा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि उसने एनटीए तथा अन्य को नोटिस जारी किया था। परीक्षा में शामिल छात्रों द्वारा दायर याचिका में 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा में कदाचार की गहन एवं जल्द जांच करने का निर्देश देने, और पेपर लीक की जांच पूरी होने तक परिणाम के प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसमें एनटीए को परीक्षा परिणाम वापस लेने और नये सिरे से परीक्षा के आयोजन का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### भीषण गर्मी व हीटवेव की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# गर्मी व लू से बचाव के लिए लोगों को करें जागरूक : सीएम नीतीश

- बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो
- दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ता सुनिश्चित करें

**अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखें**



प्रात : किरण

पटना। भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदा जनक स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी जिलाधिकारी को दिया आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भीषण गर्मी और हीट वेव की आपदा जनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन एवं राज्य के सभी जिला अधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं।

उन्होंने कहा कि भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें साथ ही क्षेत्र में जाकर लोगों की पूरी सावधानी बरतने की सलाह दें। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अभी निर्देश दिया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से अलर्ट पर रहे और सभी जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित सुनिश्चित रखें। गांव हो या शहर सभी जगह पर निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरुक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें।

**सूबे में प्रचंड गर्मी का कहर जारी, जनजीवन बेहाल:** पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पटना, जहानाबाद, अरवल, नालंदा, लखीसराय, शेखुपुरा, कैमूर, सासाराम, औरंगाबाद, नवादा, गया, भोजपुर, बक्सर में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के दक्षिण पूर्व भागों के एक से दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना के साथ ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर पश्चिम भाग के एक से दो स्थान पर गर्म दिन होने व उत्तर पूर्वी भागों के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन तेज हवा की संभावना जताई है, जिसकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की बताई जा रही है। मौसम विभाग का मानना है कि दक्षिण मध्य भाग के पटना, गया, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय,जहानाबाद, दक्षिण पश्चिम भाग के बक्सर ,भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल जिला की तापमान मंगलवार को 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है। दक्षिणी भागों के अधिकांश जिला में 14 जून तक हीट वेव की पूवानुर्मान बताई गई है। मौसम विभाग का यह मानना है कि सन स्ट्रोक से आम लोगों को जहां तक हो बचने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही मौसम विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि बीमारी और बेहोशी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

### लालू प्रसाद ने 77 वें जन्मदिवस पर काटा 77 पाउंड का केक

# सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्षता की मजबूती के लिए सजग रहना होगा : लालू

### सोनिया गांधी, सीएम नीतीश, राहुल,खरगे सहित कई नेताओं ने दी बधाई



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्म दिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को 10 सर्कुलर रोड पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद सुप्रीमो ने परिवार, नेताओं और कार्यकताओं के साथ मिलकर जन्मदिन का केक काटा और सबको अपने हाथों से केक खिलाया। जन्मदिन पर संदेश देते हुए कहा कि हम सभी को गरीबों से शोषितों, वंचितों के बीच जाकर काम करना चाहिए और उनको गले लगा कर उनको सम्मान का भाव देना चाहिए। साथ ही साथ देश में गंगा-यमुना संस्कृति और भाईचारा के माहौल को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना चाहिए, सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्षता की धारा को मजबूती प्रदान करने के लिए हर स्तर पर सजग रहना होगा। जन्मदिन के अवसर पर राजनीति के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से जुड़े अनेक सेलीब्रिटी लोगों के साथ हीं बड़ी संख्या में आम लोगों ने मिलकर, दूरभाष द्वारा एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लालू के जन्म दिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

शुभकामना देने वालों में कोंग्रेस नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, कोंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन,पं बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी नेता शरद पवार, तेलगु देशम पार्टी के नेता चन्द्रबाबू नायडू,महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, आप सांसद संजय सिंह, कोंग्रेस सांसद राजीव शुक्ला, समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान , पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा , सीपीआई माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा, पत्रकार रजत शर्मा, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के नाम उल्लेखनीय हैं।

# शाह, जयशंकर समेत केंद्र में नई सरकार के विभिन्न मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

### मंत्रियों ने कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए मंत्रियों में अमित शाह, डॉ. एस जयशंकर, किरन रिजिजू और सबार्नंद सोनोवाल समेत विभिन्न मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यभार संभाल लिए हैं। अमित शाह समेत कई मंत्रियों ने मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। आज कार्यभार ग्रहण करने वाले मंत्रियों में जगत प्रकाश नड्डा, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, गिरिराज सिंह, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और अश्विनी वैष्णव भी शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर कल नई सरकार के मंत्रियों के विभागों की अधिसूचना जारी की।

रविवार को प्रधानमंत्री, उनकी सरकार के 30 नए कैबिनेट मंत्रियों, पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी थी। श्री शाह ने लगातार दूसरी बार केन्द्रीय गृह मंत्री का कार्यभार संभाला है। श्री शाह गृह मंत्रालय के नार्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने से पहले सुबह साढे दस बजे यहां चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक गये। उन्होंने वहां शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी थे।


श्री नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला। उन्होंने मंत्रालय में पहली बार राज्य मंत्री का पदभार संभालने वाले गोंडा (उत्तर प्रदेश) के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह तथा पवित्र मार्गेरीटा का मंत्रालय में स्वागत किया। श्री मागेरीटा को कपड़ा मंत्रालय में राज्य मंत्री की भी जिम्मेदारी दी गयी है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने अपना कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देशवासियों ने चुनाव के माध्यम से सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की भूमिका तय कर दी है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर उनकी कोशिश रहेगी कि विपक्ष को साथ लेकर संसद को सुचारू रूप से चलाया जाये।

# बागमती में डूबने से तीन बच्चों की मौत, सीएम ने जताया शोक

प्रात : किरण

पटना। बिहार के सीतामढ़ी जिला के सुप्पी प्रखंड की अख्ता पूर्वी पंचायत के वाजपेयी टोला के पास बागमती नदी में स्नान के दौरान एक युवक व तीन बच्चे डूब गये। घटना मंगलवार की है। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना व एसडीआरएफ की टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ के गोताखोरों की मदद से तीन शवों को निकाला गया। एक बच्चा लापता बताया जा रहा है। शवों की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाने के झिटकाही गांव निवासी मो महमूद के पुत्र मो दिलशाद , अख्ता पूर्वी वार्ड नंबर निवासी जालिम खान के पुत्र मो शाहनवाज तथा मो जुनैद के पुत्र मो सोहैल के रूप में की गयी है। स्थानीय नूर मोहम्मद के पुत्र सहमद मंसूरी लापता है। उसकी तलाश जारी है।

**बच्चों की मौत पर सीएम ने जताया शोक :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में बागमती नदी में तीन बच्चों के डूबने से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में लापता एक अन्य बच्चों की समुचित खोजबीन जारी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

बाल श्रम एक सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है। यह न केवल देश की प्रगति में बाधक है, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए एक अभिशाप है। राज्य सरकार इस जटिल समस्या को समाप्त करने एवं बाल श्रम से विमुक्त कराये गये बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प को और मजबूत करने के लिए हर वर्ष 12 जून को ''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस'' मनाया जाता है।

विभिन्न नियोजनों/प्रतिष्ठानों में बाल श्रम की सतत् निगरानी हेतु जिला स्तरीय धावा दल का गठन किया गया है। बाल श्रम से विमुक्त किये गये बच्चों को विभिन्न प्रकार की सुविधायें दी जाती है तथा उन्हें पुनर्वास कार्यक्रमों से जोड़ा जाता है। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुदान भी दिया जाता है। बिहार को बाल श्रम से मुक्त राज्य बनाना राज्य सरकार का संकल्प है और हम इस दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। ऐसे पुनीत कार्य समाज के सभी वर्गों की साझेदारी एवं सहयोग के बिना संभव नहीं है।

**''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस''** के अवसर पर हम समाज के सभी वर्गों यथा जन–प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आम नागरिकों, श्रमिक संगठनों एवं बुद्धिजीवियों से राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने में सहयोग की अपेक्षा करते हैं। आइये, हम सब मिलकर बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 001715 (LRD)D. 2024-25



बिहार सरकार

**संदेश**

बच्चे हमारे समाज रूपी बगिया के वो सुदंर फूल हैं जिनका सुगंध पूरे समाज को प्राप्त होता है। बच्चों को उनका अधिकार देना एवं नैसर्गिक वातावरण में पालन–पोषण हमारा दायित्व है, परन्तु बाल श्रम जैसा समाजिक कुचक्र इन फूलों के विकास में बाधक तो है ही साथ ही साथ किसी भी सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य भर में अभियान चलाया जा रहा है। यह एक सामाजिक–आर्थिक समस्या है। इस जटिल समस्या को समाप्त करने एवं बाल श्रमिकों के कल्याण एवं पुनर्वास को सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष 12 जून को **''विश्व बाल श्रम निषेध दिवस''** के रूप मे मनाया जाता है।

बच्चों की सही जगह स्कूल एवं खेल का मैदान है। बाल श्रम के उन्मूलन, विमुक्ति एवं पुनर्वास हेतु राज्य कार्ययोजना के माध्यम से इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए हम सतत् प्रयत्नशील हैं। बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का हमारा संकल्प है एवं हम इस दिशा की ओर प्रयासरत हैं। बिहार को बाल श्रम मुक्त बनाने में समाज के सभी वर्गों की साझेदारी एवं परस्पर सहयोग अपेक्षित है। बाल श्रम मुक्त समाज ही समग्र राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। 21वीं सदी का विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के लिए इस अभिशाप से मुक्त करने की जिम्मेवारी हम सब की है।

हम सभी आज संकल्प लें एवं पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 001716 (LRD)D. 2024-25

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 12 जून, 2024


# जाम से बेहाल लोग : फाइलों में भटक रहे पार्किंग के प्रस्ताव, बीच सड़क पर खड़े हो रहे वाहन



**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल में पर्यटकों की आमद साल दर साल बढ़ती जा रही है, जो पर्यटन कारोबारियों और सरकार के लिए तो शुभ संकेत है, लेकिन स्थानीय पुलिस-प्रशासन के लिए वाहनों के दबाव को नियंत्रित करना और यातायात सुव्यवस्थित रखने चुनौती बन गया है।

सरोवरनगरी में पर्यटकों की आमद साल दर साल बढ़ती जा रही है, जो पर्यटन कारोबारियों और सरकार के लिए तो शुभ संकेत है, लेकिन स्थानीय पुलिस-प्रशासन के लिए वाहनों के दबाव को नियंत्रित करना और यातायात सुव्यवस्थित रखने चुनौती बन गया है। भौगोलिक परिवेश के चलते जगह के अभाव में जिला प्रशासन के पास फिलहाल बड़ी पार्किंग की कोई योजना नहीं है। ऐसे में छोटी पार्किंग बनाने की दिशा में ही कवायद चल रही है लेकिन ये प्रस्ताव भी फाइलों से बाहर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में यहां आने वाले सैलानियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो स्थानीय लोग भी जाम से परेशान हैं।

नैनीताल में डीएसए के सबसे बड़े पार्किंग स्थल का बड़ा हिस्सा कम हुआ है। एक हजार वाहन वाला पार्किंग स्थल दो सौ वाहनों की क्षमता पर सिमट गया है। इस कमी का विकल्प प्रशासन उपलब्ध नहीं करा पाया, जिससे जहां-तहां अनधिकृत पार्किंग होने और प्रशासन की ओर से बनाए गए रूट प्लान पर अमल न होने से जाम लगना आम हो गया है। रूसी बाईपास पर सड़क किनारे पार्किंग कराए जाने और वहां से शटल सेवा से यात्री नैनीताल भेजने से कुछ हद तक व्यवस्था संभाली जा सकी है। बता दें कि दो साल पहले तत्कालीन मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने प्रशासन को पार्किंग के संबंध में निर्देश दिए थे। कहा था कि शहर से बाहर टनल व मैकेनिकल पार्किंग की तलाश की जाए। इसके तहत जिला प्रशासन स्थान तलाश रहा है।

**ये पार्किंग स्थल अब तक नहीं बने :** नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर 41.65 करोड़ रुपये से ऑटोमेटिक रोटरी कार पार्किंग का प्रस्ताव अभी फाइलों तक ही सीमित है। इसमें 194 चारपहिया और 96 दोपहिया वाहनों को खड़ा करने की योजना है। यह मल्टी स्टोरी पार्किंग होगी जिसमें हर मंजिल पर कई वाहनों को खड़ा किया जा सकता है।

मल्लीताल मेट्रोपोल में 134 आवास को ध्वस्त कर समतल की गई भूमि पर भी पार्किंग बननी है, लेकिन यहां भी अभी काम शुरू नहीं हुआ है। फिलहाल इस खाली भू-भाग पर पार्किंग से आंशिक राहत अवश्य मिली है।

छावनी परिक्षेत्र के पिगरी में प्रस्तावित 300 से 400 वाहनों की पार्किंग का मामला सात-आठ साल से चर्चा में रहा, लेकिन रक्षा मंत्रालय की अनुमति न मिलने से यह भी लंबित है। इसके लिए कई दौर का निरीक्षण भी हो चुका है। जिसमें जिला प्रशासन से शासन तक के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण कर चुके हैं।

## एसडीआरएफ जवान राजेंद्र अब फतह करेंगे अलास्का की सबसे ऊंची चोटी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एसडीआरएफ के मुख्य आरक्षी राजेंद्र नाथ उत्तरी अमेरिका में अलास्का की सबसे ऊंची चोटी माउंट डेनाली को फतह करेंगे। उन्हें सोमवार को सेनानायक ने मुख्यालय से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डेनाली की ऊंचाई समुद्र तल से 6,190 मीटर है।

एसडीआरएफ वाहिनी जौलीग्रांट में सेनानायक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पर्वतारोहण एक साहसिक खेल है। इसमें काफी जोखिम भी होता है। उच्च हिमालय क्षेत्र में आपदा के दौरान पर्वतारोहण की टीम रेस्क्यू कार्य में बहुत सहायक साबित होती है इसलिए एसडीआरएफ के प्रत्येक जवान के लिए पर्वतारोहण का विशेष महत्व है। मालूम हो कि राजेंद्र नाथ ने इससे पहले चंद्रभागा-13 (6,264 मीटर), डीकेडी-2 (5,670 मीटर), माउंट त्रिशूल (7,120 मीटर) माउंट गंगोत्री प्रथम (6,672 मीटर), माउंट श्रीकंठ (6,133 मीटर), माउंट बलज्यूरी (5,922 मीटर), माउंट बंदरपूंछ (5,500 मीटर), यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुश (5,642 मीटर), अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर) व दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के अर्जेंटीना में स्थित सबसे ऊंची चोटी माउंट अंकोकागुआ (6,961 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया है।

## कंपनी की सील तोड़कर निर्माणाधीन मकान पर लगाया अपना ताला

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी की ओर से निर्माणाधीन मकान पर लगाई गई सील तोड़कर मालिक ने अपना ताला लगा दिया। आरोप है कि सामान भी चोरी कर लिया गया। अधिकारियों के निरीक्षण में ये बात सामने आई। कंपनी के अधिवक्ता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अधिवक्ता बिभास कुमार राय गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के कानूनी प्रतिनिधि हैं। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर ग्राम आन्नेकी हेत्तमपुर में आवासीय कॉलोनी लक्ष्मी नगर में निमर्माणाधीन मकान को बीते 22 दिसंबर को तहसीलदार के साथ बैंक के कानूनी प्रबंधक की उपस्थिति में सील कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आरतोला से जागेश्वर धाम तक तीन किमी दायरे में दिन भर जाम

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सप्ताहांत पर अल्मोड़ा जिले में पर्यर्टकों की आवाजाही अचानक बढ़ गई। रविवार को अल्मोड़ा और जागेश्वर में इस कारण जाम लगा रहा। आरतोला से जागेश्वर धाम तक तीन किमी दायरे में दिन भर जाम की स्थिति रही। 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जागेश्वर धाम के दर्शन किए। सैलानी चिलचिलाती धूप में जाम में फंसे रहे। गर्मी और धूप से पर्यटकों के सिर में तेज दर्द होने लगा। कई सैलानी वाहन से उतर कर आसपास छांव तलाशने लगे। रविवार को नगर, जागेश्वर, चितई, बिनसर, कसारदेवी समेत आसपास के पर्यटन स्थल पर्यटकों के गुलजार रहे। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों से पर्यटक काफी संख्या में जिले में पहुंचे हैं। जागेश्वर धाम में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आरतोला से जागेश्वर धाम तक तीन किमी दायरे में दिन भर पल-पल लंबा जाम लगा। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार रही। जागेश्वर में करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलने से आवाजाही शुरू हुई। इससे यात्रियों और सैलानियों ने राहत की सांस ली। वहीं, नगर में सुबह करीब साढ़े 11 बजे माल रोड में जाम लगा। पर्यटक और यात्री जाम में फंसे रहे। जागेश्वर धाम में भीड़ अधिक होने से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। भीड़ व्यवस्थित करने के लिए मंदिर प्रबंधन समिति को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### मेडिकल कालेज के संविदा कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायलॉजी विभाग में कांटेक्ट पर कार्यरत कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा। विभिन्न जगहों से करीब 20 कर्मचारी यहां काम कर रहे हैं और वेतन न मिलने के कारण आर्थिक दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार माइक्रोबायलॉजी विभाग में वर्तमान में तीन प्रोजक्ट चल रहे हैं। अलग-अलग प्रोजक्ट में किसी में तीन तो किसी में पांच से आठ संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं। केंद्र के इस प्रोजक्ट के लिए अलग से हर वित्तीय वर्ष में बजट आता है, लेकिन इस बार बजट नहीं आया है। तब से दो माह पूरे हो गए हैं और जून का महीना शुरू हो गया, लेकिन कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि कांट्रेक्ट रिन्यूवल समेत प्रोजेक्ट कितने समय में पूरा करना है यह सारे कार्य विभागीय हेड तय करता है। हालांकि वेतन संबंधी मामले में बात हुई है कर्मियों को जल्द वेतन मिल जाएगा।

### 15 जून से बंद रहेगा ढिकाला जोन

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व पार्क का ढिकाला जोन 15 जून से पर्यटकों के लिए बंद हो जाएगा। इसके अलावा कार्बेट पार्क के सभी जोन में रात्रि विश्राम भी बंद कर दिया जाएगा। 30 जून को बिजरानी रेंज में भी सफारी बंद हो जाएगी। सीटीआर के वार्डन अमित ग्वासीकोटी ने बताया कि मानसून सीजन शुरू होने वाला है। इसे देखते हुए 15 जून से पर्यटकों के लिए ढिकाला जोन बंद कर दिया जाएगा। ढिकाला जोन के साथ ही सभी जोन में पर्यटकों के रात्रि विश्राम की सुविधा भी बंद हो जाएगी। 15 जून के बाद पर्यटक ढिकाला को छोड़कर गर्जिया, बिजरानी, झिरना और ढेला जोन में पर्यटक जंगल सफारी करेंगे। ढिकाला जोन में चार कैंटर सुबह और चार कैंटर शाम की पाली में डे विजिट पर जाते हैं।

### सुबह से शाम तक पटरी से उतरते रही यातायात व्यवस्था

**नैनीताल, एजेंसी।** मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ घूमने आए सैलानियों को भीषण गर्मी में भीमताल, भवाली, कैंची, गरमपानी और खैरना में जाम के चलते परेशान रहना पड़ा। सैलानी और यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस और प्रशासन की यातायात व्यवस्था सुबह से शाम तक पटरी से उतरी हुई नजर आई। जाम में फंसे सैलानियों को खुद ही जाम खोलना पड़ा। भीमताल में डांठ और तल्लीताल मार्ग में जगह-जगह सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या बनी रही। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से सड़क किनारे खड़े वाहनों को नहीं हटाया जा रहा है।

## नैनीताल में दर्दनाक हादसा: पिकअप के खाई में गिरने से 2 लोगों की मौत, 13 अन्य घायल



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में नैनीताल जिले के बेतालघाट में रविवार देर रात को एक पिकअप के खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई एवं 13 घायल हो गए। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात लगभग 01 बजे बेतालघाट पुलिस को सूचना मिली कि बेतालघाट मेले से वापस लौट रही एक पिकअप हरचानोली के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। पिकअप में 15 लोग सवार थे। बेतालघाट के थाना प्रभारी अनीश अहमद की अगुवाई में एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं देर रात को ही राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया।

वहीं इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 लोग घायल हो गए। शवों को रविवार रात को ही बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हायर सेंटर रैफर किया गया है। बता दें कि मृतकों में उम्मेद सिंह निवासी ग्राम नैनीचक, बेतालघाट और मीनाक्षी बोहरा निवासी खैराली बंगा, बेतालघाट शामिल हैं जबकि बबीता, कंचन, दीपा एवं पना को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

## कोसी नदी में तटबंध बनाने का काम जल्द हो पूरा

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** कोसी नदी के तट पर बसे चुकुम गांव में बारिश में ग्रामीणों के घर बह जाते हैं। इसे देखते हुए सिंचाई विभाग की ओर से तटबंध बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा भरतपुरी क्षेत्र में भी तटबंध बनाने काम चल रहा है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने दोनों स्थानों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ चुकुम व भरतपुरी का निरीक्षण किया। अधिकारियों को बरसात से पहले हर हाल में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। विधायक के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, जगदीश छिमवाल, मोहान से नवीन कुमइया, लक्ष्मण सिंह रावत, सोबन रावत, गंगा सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे। बता दें कि 800 की आबादी वाले चुकुम गांव में बारिश में गांव का एक हिस्सा बह जाता है।

## दोपहर 12 बजे अचानक लापता हो गया छात्र, 60 घंटे बाद भी सुराग नहीं



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक के छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का रविवार शाम तक पता नहीं चला।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर के शिवालिक भवन छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक के छात्र राघवेंद्र सिंह परमार का रविवार शाम तक पता नहीं चला। जबकि छात्र की खोजबीन में विवि प्रशासन सहित पुलिस की तीन टीमें लगी हैं, जिनका नेतृत्व खुद एसपी सिटी मनोज कत्याल कर रहे हैं।

त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है और छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। राघवेंद्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे अचानक लापता हो गया। उसका मोबाइल बंद मिलने पर वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश के बाद उसके गायब होने की सूचना उसके परिजनों की दी।

शनिवार को छात्र के परिजन पंतनगर पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। वार्डन डॉ. राजीव रंजन ने विवि के सभी विभागों और नगला, गोलगेट, आनंदपुर जवाहर नगर व शांतिपुरी आदि में छात्र के लापता होने की सूचना फोटो सहित भेजकर जानकारी होने पर संपर्क करने की अपील की है। उधर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तीन टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी है। एसआई दिनेश रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को छात्रावास में करीब 50 छात्रों सहित छोटी मार्केट में दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही क्षेत्र के नगला, गोलगेट व जवाहरनगर में पूछताछ कर एक संदिग्ध को भी उठाया, लेकिन फिर भी अब तक छात्र का कोई सुराग नहीं मिला है।

## स्टेडियम के लिए चयनित भूमि पर जल्द होगी चहारदीवारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** खदरी खड़क माफ में राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम निर्माण के लिए चयनित भूमि पर जल्द चहारदीवारी का कार्य शुरू हो जाएगा। यहां करीब 70 बीघा भूमि पर स्टेडियम निर्माण होना है। विभाग ने इस भूमि पर चहारदीवारी निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। आचार संहिता समाप्त होते ही अब विभाग को शासन से इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन मिला है।

इसी साल जनवरी में राजस्व विभाग ने खदरी खड़क माफ में राजकीय पॉलिटेक्निक के समीप खेल विभाग को 70 बीघा भूमि हस्तांतरित की थी। इस भूमि पर राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जाना है। अभी तक ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में खेल गतिविधियों के लिए कोई स्टेडियम नहीं है। इससे शहर के खेलप्रेमियों को खेलकूद गतिविधियों के लिए भरत मंदिर इंटर कॉलेज और मुनि की रेती क्षेत्र के पूर्णानंद खेल मैदान पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय खेलप्रेमी लंबे समय से क्षेत्र में एक स्तरीय स्टेडियम निर्माण की मांग कर रहे थे।

ग्राम प्रधान खदरी खड़क माफ के प्रयासों से यह भूमि खेल विभाग को उपलब्ध हुई थी। जिला क्रीड़ा अधिकारी निधि बिंजोला ने बताया कि आचार संहिता लगने से पूर्व विभाग ने उक्त भूमि पर चहारदीवारी निर्माण के लिए करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव के स्वीकृत होने का सकारात्मक आश्वासन मिला है जिससे जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। बिंजोला ने बताया कि चहारदीवारी निर्माण से भूमि पर अतिक्रमण नहीं होगा और कुछ गतिविधियां भी शुरू हो सकेंगी।

## मोबाइल टावरों की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** मोबाइल टावरों की बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने नौ लाख रुपये की कीमत की करीब 12 बैटरियों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

मोबाइल टावरों की बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने नौ लाख रुपये की कीमत की करीब 12 बैटरियों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

रविवार को पुलिस कार्यालय में एसपी क्राइम ने चंद्रशेखर आर घोड़के ने पत्रकारों को बातचीत करते हुए घटना का खुलासा किया। बताया कि 27 मई को पंतनगर यूनिवर्सिटी में जियो रिलायंस के टावर से सात लिथियम लाय-न बैटरी चोरी हो गई थीं। इसकी पंतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल व पंतनगर सीओ ओमप्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर की मदद से संदिग्धों की पहचान की। आठ जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दिनेशपुर मोड़ पर चेकिंग की। यहां पुलिस ने कार सवार रामनगर के ललित, कालाढूंगी थाना क्षेत्र के दीपक और गुमानीवाला थाना ऋषिकेश निवासी संदीप को धर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने संजयवन के पास झाड़ियों में छिपाई बैटरियां बरामद कीं। इनमें सात पंतनगर यूनिवर्सिटी के मोबाइल टावर व पांच रामनगर के मोबाइल टावरों से चुराई गई थीं।

## धोखे से पति की संपत्ति में बनी वारिस, परिजन बोले- इस शर्त पर पहले ही ले लिया था प्लाट


**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** शक्तिफार्म के ग्राम देवनगर की एक महिला ने तलाक के बाद धोखे से पति की संपत्ति में खुद को वारिस बना लिया। पति की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

शक्तिफार्म के ग्राम देवनगर की एक महिला ने तलाक के बाद धोखे से पति की संपत्ति में खुद को वारिस बना लिया। पति की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम सुरेंद्रनगर निवासी सुलता सरकार ने पुलिस को बताया कि उनके भाई सुमंगल वाइन और कमला वाइन का 2018 में तलाक हो चुका है। तलाक के शर्त अनुसार बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी उनकी मां को दी गई। साथ में 8790 वर्ग फुट का प्लाट भी दिया गया, जिसे उन्होंने बेच दिया।

सुलता ने बताया तलाक के बाद उनके भाई सुमंगल और माता-पिता उन्हीं के साथ रहते थे। सुमंगल की 2020 में मृत्यु हो गई। उनके तीन बच्चे थे। बड़ा बेटा विशाल वाइन जेल में बंद है। दूसरा बेटा राजीव घर में है, जबकि बेटी प्रिया वाइन ने किन्ही कारणों से आत्महत्या कर ली थी। बताया कि जब उसने अपने निजी काम के चलते पटवारी से मुलाकात की तो उसे पता चला कि उसके भाई सुमंगल की खतौनी में वारिस के तौर पर विशाल, राजीव, कमला का नाम दर्ज है।

सुलता ने शिकायत पुलिस से की। पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाही न किए जाने के चलते वह न्यायालय के शरण में पहुंची और केस दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कैंची धाम में श्रद्धालुओं के लिए पहली बार हेलीकॉप्टर सेवा, ड्रोन और सीसीटीवी से की जाएगी मेला की निगरानी



**नैनीताल, एजेंसी।** बाबा नीब करौरी के धाम कैंची में 15 जून को स्थापना दिवस पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसे लेकर प्रशासन व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा है। पहली बार श्रद्धालुओं के लिए हेलीकाप्टर सेवा रहेगी।

यदि किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ती है तो पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार होगा। उसके बाद हायर सेंटर ले जाने के लिए हेलीकाप्टर का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए नागरिक उड्डयन विभाग से हेली सेवा मांगी गई है। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र की ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सफाई दुरुस्त रखने को भवाली से कैंची तक हर सौ मीटर में पर्यावरण मित्र रहेंगे। सोमवार को नैनीताल क्लब में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अधिकारियों की बैठक ली। कहा कि हेली सेवा केवल गंभीर स्थिति में ही प्रयोग होगी। भवाली और गरमपानी से शटल सेवा के लिए करीब 100 से अधिक बसों व 500 छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है। भवाली की पार्किंग फुल होने की स्थिति पर भीमताल, हल्द्वानी से शटल सेवा चलेगी।

एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि पार्किंग स्थलों को दस जोन में बांटा गया है। मंदिर परिसर में 100 मीटर में बैरीकेड लगाए गए हैं। बैठक में डीआइजी डा. योगेंद्र रावत, अपर आयुक्त जीवन सिंह नागन्याल, एडीएम शिव चरण द्विवेदी, एसडीएम प्रमोद कुमार, जिला पंचायत के एएमएस पीएस बिष्ट, डा. वीके पुनेड़ा, भवाली के पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा, मंदिर ट्रस्ट के प्रदीप साह, ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया व एमपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी मंत्रीमंडल में एनडीए के घटक दलों को मिला झुनझुना मंत्रालय, अब इनको खत्म करेगी भाजपा - संजय सिंह

**अच्छा मंत्रालय न देकर भाजपा ने साफ संकेत दे दिया है कि उसने अपने घटक दलों को समाप्त करना शुरू कर दिया है- संजय सिंह**

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रीमंडल में एनडीए के घटक दलों को सम्मान जनक मंत्रालय नहीं मिलने के बाद आम आदमी पार्टी ने उन्हें सावधान रहने की सलाह दी है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि सोमवार को घोषित मंत्रीमंडल में एनडीए के घटक दलों को झुनझुना मंत्रालय मिला है। इनको एक भी अच्छा मंत्रालय नहीं मिला है। इसकी हमें पहले से ही आशंका थी। मंत्रीमंडल में सम्मान न देकर भाजपा ने साफ संकेत दे दिया है कि उसने अपने घटक दलों को समाप्त करना शुरू कर दिया है। पिछले दस सालों में भाजपा ने कई पार्टियों को तोड़ा है और सरकारें गिराई हैं। अगर लोकसभा में इनका स्पीकर बन गया तो ये घटक दलों को तोड़कर खत्म कर देंगे। ये लोग मनमाना बिल लाएंगे और विरोध करने वाले सांसद को मार्शल के जरिए सदन से बाहर फिकवा देंगे। इसलिए टीडीपी -जेडीयू अपना स्पीकर बनाना चाहिए और यही उनकी पार्टी, संविधान और लोकतंत्र के हित में है। अगर भाजपा राजी न हो तो इंडिया गठबंधन को समर्थन का विचार करना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली ह्यतथाकथितह्ण एनडीए सरकार की घोषणा हो गई है। तथाकथित इसलिए क्योंकि अभी भी इसे मोदी 3.0 सरकार कहा जा रहा है। इंडिया गठबंधन के दलों को जिस बात की आशंका थी वो सच साबित होने जा रहा है। इस सरकार में एनडीए के घटक दलों को गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, रेल, सड़क, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, दूर-संचार में से कोई मंत्रालय नहीं मिला। उन्हें हाथ में केवल झुनझुना मंत्रालय थमा दिया गया। भाजपा ने साफ तौर पर पहला संकेत दे दिया है कि उसकी अपने घटक दलों को अपमानित करने और धीर-धीरे उनकी ताकत समाप्त करने की जो प्रवृत्ति और कार्य शैली है, मंत्रालय के बंटवारे के बाद इसकी शुरूआत हो गई है। हमने पहले भी ऐसा देखा है। जब ये नवीन पटनायक के साथ थे, उनके साथ भी इन्होंने ऐसा ही किया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का तीर कमान चुरा लिया और उनकी पार्टी तोड़ दी। शरद पवार की घड़ी चुरा ली। इसके अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश में सरकार गिराई और गोवा में जोड़-तोड़कर सरकार बनाई। इन्होंने 10 साल में देश के अंदर जोड़-तोड़ करके, विधायकों और सांसदों की खरीद फरोख्त करके पार्टियों को तोड़ा है।एनडीए के घटक दलों को ये झुनझुना मंत्रालय देने के बाद अब इनका अगला चरण इन पार्टियों को खत्म करना होगा।

संजय सिंह ने कहा कि अगर गलती से भी बीजेपी का स्पीकर बन गया तो उसके तीन बड़े खतरे हैं। पहला, बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान की धज्जियां उडाई जाएंगे। दूसरा, एनडीए के घटक दल टीडीपी, जेडीयू, जेडीएस, आरएलडी इन सभी छोटी से लेकर बड़ी पार्टियों को तोड़-तोड़कर बीजेपी के साथ मिलाया जाएगा। तीसरा, कोई भी सांसद अगर सरकार के मनमाने बिल के खिलाफ आवाज उठाएगा तो उसे मार्शल से बाहर फिकवा दिया जाएगा। भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार एक साथ 150 सांसदों को मोदी सरकार ने निलंबित किया था। यह केवल कहने की बात होती है कि ये लोकसभा या राज्यसभा के अध्यक्ष का फैसला है, क्योंकि निलंबन का प्रस्ताव सरकार लेकर आती है। संसदीय कार्यमंत्री द्वारा निलंबन प्रस्ताव लाने पर सांसदों को निलंबित करके सदन से बाहर किया जाता है। चूंकि निलंबन की कार्यवाही और मार्शल द्वारा सदन से बाहर निकाले जाने का सबसे ज्यादा भुक्त भोगी मैं खुद हूं, इसलिए सांसदों को कम से कम इस विषय में मेरी सलाह माननी चाहिए। भाजपा वाले चिल्ला चिल्लाकर कहते हैं कि संजय सिंह 6 साल में 56 बार वेल के अंदर गए। लेकिन मैं वहां अपनी लड़ाई लड़ने नहीं बल्कि जनता के मुद्दे उठाने के लिए गया। देश के किसान, नौजवान, पहलवान, मणिपुर, शिक्षा मित्र, और वृद्धा पेंशन जैसे मुद्दों पर सवाल पुछने पर मुझे सदन से बाहर निकाल दिया गया। संजय सिंह ने कहा कि मैं टीपीडी, जेडीयू जैसे दलों से अनुरोध करूंगा कि कम से कम स्पीकर अपना बनाइए। ये आपकी पार्टियों के हित में है। यह बाबा साहब अंबेडकर के संविधान, भारत के लोकतंत्र और देश के संसदीय परंपराओं के हित में है कि लोकसभा स्पीकर टीडीपी का होना चाहिए। अगर बीजेपी इसपर समर्थन नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन के घटक दलों को निश्चित रूप से इस पर विचार करना चाहिए। अगर टीडीपी बीजेपी के समर्थन के बिना अपना स्पीकर का उम्मीदवार मैदान में उतारेगी तो उसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों की उसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीटें कम होने के बाद लगाता उत्तर प्रदेश के लोगों को निशाना बनाए जाने के विषय में राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद से भाजपा जिस तरह से उत्तर प्रदेश और खासतौर से अयोध्यावासियों को गंदी गालियां दे रही हैं वो बहुत ही अफसोसजनक और पीड़ादायक है।

# 13 साल के लड़के ने दी थी आईजीआई एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी, धरा गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली से कनाडा जाने वाली फ्लाइट में बम होने वाला मेल भेजने वाले 13 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा है। इस बच्चे को मेरठ से पकड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि बच्चे ने पूछताछ में बताया कि उसने सिर्फ मजे मजे में ये ईमेल किया था। इसी महीने की चार तारीख को दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम रखे होने की एक कॉल से जब अफरा तफरी मची तो सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ गई। अब इस मामले में एयरपोर्ट पुलिस ने 13 साल के एक नाबालिग को पकड़ा है। इस बच्चे ने मेल के माध्यम से ये जानकारी दी थी कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम रखा हुआ है। एयरपोर्ट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट में बम की जानकारी चार जून की रात को लगभग 11:30 बजे मिली थी। यह फ्लाइट तड़के 5 जून को टेक ऑफ करने वाली थी लेकिन बम की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया और इमरजेंसी घोषित कर विमान की तलाशी ली गई। इसके बाद में यह हॉक्स कॉल घोषित की गई। इधर एयरपोर्ट पुलिस ने जांच शुरू की। इस बीच पुलिस टीम की जांच मेरठ तक जा पहुंची। जहां ईमेल के सोर्स का पता लगा और टीम के लगातार प्रयास के बाद यह पता चला कि ईमेल भेजने वाला 13 साल का एक किशोर है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि फ्लाइट में बम की इस ईमेल का आईडिया उसे मुंबई एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम होने की जानकारी होने के बाद आया। उसके बाद उसने इस तरह की ईमेल दिल्ली एयरपोर्ट के फ्लाइट में बम होने के जानकारी के लिए किया। उसे इस बात का अंदेशा था कि पुलिस इस बात की जानकारी नहीं लगा पाएगी कि ईमेल उसने किया है। यह ई-मेल अपने मोबाइल से उसने नकली ईमेल आईडी से किया था और इसके लिए उसने अपनी मां का वाई-फाई लेकर मेल भेजा था। इस मेल को भेजने के बाद उसने फौरन इस ईमेल को डिलीट कर दिया। उसने यह भी बताया कि अगले दिन जब उसने यह खबर न्यूज चैनल और अखबारों में देखी तो उसे बड़ी खुशी हुई लेकिन उसने इस बात की जानकारी अपने माता-पिता को नहीं दी थी।


**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/553 नई दिल्ली, दिनांक 10.06.2024

एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल–की खरीद हेतु दिनांक 02.07.2024 को खोली जाने वाली ई–स्वदेशी निविदा सं: डब्ल्यूटीए–553.

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आई सी एफ ड्रॉइंग सं. एएए02045 ऑल्ट–बी और आईआरएस आर–1695 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 या नवीनतम के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001

1735/24 दूरभाष सं. 011-23073191, ईमेल आईडी: drsm@rb.railnet.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बिजली कटौती पर आतिशि ने उठाए राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड पर सवाल



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशि ने राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में बिजली कटौती का कारण बताया है। उनका कहना है कि दिल्ली को 1200 मेगावाट बिजली मुहैया कराने वाले उत्तर प्रदेश के एक प्लांट में आग लगने के कारण ऐसा हुआ है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशि ने एक पत्रकार वार्ता में बिजली कटौती की जल्द आपूर्ति का वादा किया है। उन्होंने कहा कि बिजली बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है और बिजली अब धीरे-धीरे विभिन्न क्षेत्रों में लौट रही है। दिल्ली में बिजली का उत्पादन बहुत सीमित है। दिल्ली में ज्यादातर बिजली अलग-अलग राज्यों से आती है। राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड पर सवाल खड़े करते हुए आतिशी ने इसे बड़ी विफलता बताते हुए चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पीजीसीआईएल के अध्यक्ष से समय मांगा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो।

# दिल्ली में जारी पानी की किल्लत को लेकर केजरीवाल सरकार पर फिर बरसे वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में जारी पानी की किल्लत को लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक बार फिर अरविंद केजरीवाल सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, हमने सिर्फ अभी पिक्चर दिखाई है। हरियाणा से जब दिल्ली पानी पहुंचता है, तो वो अधिक मात्रा में ही होता है, लेकिन मूनक शहर से लेकर ककौली तक पानी की चोरी हो रही है। निजी टैंकर वहां खड़े होकर पानी चुराते हैं। इसके बाद दिल्ली आते-आते पानी चोरी हो जाती है और यह सबकुछ दिल्ली सरकार के संरक्षण में हो रहा है, इसलिए हम बार-बार कह रहे हैं कि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की वजह से दिल्ली में लगातार पानी की कमी हो रही है।

बीजेपी नेता ने आगे कहा, मैं आपको बता दूं कि दिल्ली में पानी की कमी के मूल रूप से दो कारण हैं। पहला चोरी और दूसरा कुप्रबंधन। दिल्ली में पानी के पाइप का लीकेज किसी एक स्थान पर नहीं, बल्कि कई स्थानों पर हो रहा है, मगर केजरीवाल सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, जिससे स्पष्ट है कि उसे दिल्ली की जनता से कोई सरोकार नहीं है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या दिल्ली सरकार ने पिछले 10 सालों से आंख मूंद रखी है? शिकायत तो उनके पास भी आती है। पानी के पाइप की रिपेयरिंग क्यों नहीं की जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि केजरीवाल सरकार अपनी जनता को लेकर गंभीर नहीं है, वो बस अपने जेब में पैसे भरना चाहती है।उन्होंने कहा, हम इस मामले की जरूर शिकायत करेंगे। इसके अलावा, हमारी कोशिश रहेगी कि दिल्ली की जनता को पानी की किल्लत से छुटकारा मिले। बता दें कि दिल्ली में पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। आलम यह है कि पानी की कमी की वजह से लोगों को अपनी दैनिक गतिविधियों को पूरा करने में दिक्कत हो रही है।

# खंडेलवाल ने फुटपाथ पर जन-चौपाल लगाकर शुरू किया जन संवाद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को एक अनूठी पहल करते हुए ऐतिहासिक टाउन हॉल और घंटाघर के फुटपाथ पर एक जन-चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं के समाधान करने की शुरूआत की।

खंडेलवाल ने जन चौपाल लगाने के बारे में बताया कि एक जन प्रतिनिधि के तौर पर लोगों के बीच अपनी उपलब्धता एवं संवाद तथा उनकी समस्याओं के तुरंत निदान को ध्यान में रखते हुए यह शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि इस तरह से आपका सांसद-आपके द्वार को जमीन तक व्यावहारिक रूप से उतरने की पहल की गई है। खंडेलवाल ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों से कहा था कि आज वोट माँगने आया हूं, कल काम मांगने भी मैं ही आऊंगा और अपने उसी वादे को पूरा करने के लिए इस अभियान की शुरूआत की है, जिसके जरिए वो लोगों से सीधा संवाद रखेंगे।

खंडेलवाल ने कहा कि चुनाव में जो वादे किए थे, वो उन सभी को पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को हल करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में नए काम भी शुरू करेंगे। चांदनी चौक लोकसभा सीट से नवर्निर्वाचित भाजपा सांसद की जन चौपाल में क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिनको अधिकारियों द्वारा नोट किया गया और उनके समाधान को तुरंत किए जाने का काम भी शुरू हुआ। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम सहित अन्य सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


**DHANUKA AGRITECH LIMITED**

dhanuka

CIN: L24219DL1985PLC020126

**Registered Off.:** 82, Abhinash Mansion, 1st Floor, Joshi Road, Karol Bagh, New Delhi - 110 005 (India) | **Phone No.** 011-2353 4551
**Corporate Office:** Global Gateway Towers, MG Road, Near Guru Dronacharya Metro Station, Gurugram - 122 002
**Email:** investors@dhanuka.com | **Website:** www.dhanuka.com

**NOTICE FOR ISSUANCE OF DUPLICATE SHARE CERTIFICATE**

The following Share Certificate of the Company has been reported lost/misplaced by the Shareholder / their legal heirs and requests are been received for issuance of Duplicate Share Certificate:

| FOLIO NO. | NAME OF SHAREHOLDER | NO OF EQUITY SHARES | SHARE CERTIFICATE NO. | DISTINCTIVE NOS. |
|---|---|---|---|---|
| 270 | ASHOK REDDY MOSALI | 2500 | 270 | 238476 - 240975 |

Any person(s) who have claim against above listed share certificate(s), please lodge their claim with all supporting documents at registered office of the Company within 7 days of this notice. If no valid claim/objection is received within above stated period, the Company will proceed to issue Duplicate Share Certificate(s) to above listed person(s)/her legal heir as request submitted for transmission also and no further claim would be entertained in this regard.

By order of the Board
For **DHANUKA AGRITECH LIMITED**
Sd/-
JITIN SADANA
COMPANY SECRETARY
FCS - 7612

**Place:** Gurugram
**Dated:** 11.06.2024


# दिल्ली में पानी की किल्लत से हाहाकार, महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन



नई दिल्ली। पानी की परेशानी को लेकर दक्षिण दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद रामवीर सिंब बिधूड़ी ने मंगलवार को छतरपुर विधानसभा के 100 फुटा रोड से भाजपा नेताओं के साथ पदयात्रा निकाला। इस दौरान भारी संख्या में छतरपुर विधानसभा की महिलाएं भी शामिल हुई। महिलाओं ने सर पर मटका रखकर दिल्ली जलबोर्ड और दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

वहीं, दिल्ली जल बोर्ड के वाटर फिलिंग प्वाइंट पर पहुंचकर महिलाओं ने मटका फोड़ कर अपना रोष जाहिर किया। इस दौरान सांसद रामवीर बिधूड़ी ने कहा कि पूरी दिल्ली में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले 10 सालों में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की। दिल्ली सरकार ने जल संरक्षण के लिए कोई कार्य नहीं किया। जिसके चलते आज दिल्ली में पानी की भारी किल्लत देखी जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10 वर्षों में पानी के उत्पादन के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

रामवीर बिधूड़ी ने कहा कि हम जल बोर्ड के कार्यालय पर आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आतिशी के त्यागपत्र की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही दिल्ली के उपराज्यपाल से पानी की किल्लत की समस्या को लेकर बात करूंगा और उनसे अनुरोध करूंगा कि वह जहां पानी की किल्लत ज्यादा है वहां दौरा करें। दरअसल, दिल्ली में इस वक्त लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। ऊपर से पानी की किल्लत ने राजधानी के लोगों की मुसीबतें और बढ़ा दी है। आलम ये है कि दिल्ली के कई इलाकों में लोग पानी को तरसे रहे हैं। दिल्ली के कई इलाकों में टैंकरों से पानी भरने के लिए लोगों की लंबी कतार देखने को मिल रही और कई इलाकों में तो लोगों को जरुरतों के लिए भी पानी नहीं मिल रहा।

# यमुना में बाढ़ की स्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मंत्री सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मानसून के मद्देनजर दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को आईटीओ स्थित यमुना बैराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने विभाग के अधिकारियों संग आईटीओ बैराज की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बैराज पर चल रहे काम की संपूर्ण जानकारी मंत्री सौरभ भारद्वाज जी के समक्ष रखी। बीते वर्ष मानसून के समय इसी बैराज के कारण यमुना में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण यमुना के आसपास के क्षेत्र में जल भराव हो गया था और लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बीते वर्ष की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानसून के आने से पहले ही इस बार परिस्थितियों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्हीं तैयारी का जायजा लेने ही मंत्री सौरभ भारद्वाज आईटीओ बैराज पहुंचे। इस मौके पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पिछले साल जिस मात्रा में वर्षा हुई और हरियाणा की ओर से जितना पानी यमुना में छोड़ा गया, बीते कई दशकों में इतना पानी कभी यमुना में नहीं आया था और यही कारण था कि बीते वर्ष यमुना में बाढ़ की स्थिति बन गई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि यह बैराज हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इस बैराज के संचालन की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है परंतु बीते वर्ष की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही इस बार दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने समस्या से निपटने के लिए हरियाणा सरकार के साथ तालमेल करके सारी तैयारियां की हैं। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एक नई तकनीक की जानकारी देते हुए भारद्वाज ने बताया कि इस बार यमुना में पानी इकट्ठा ना हो और बाढ़ की स्थिति पैदा ना हो, उससे निपटने के लिए पहली बार एक प्रयोग दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोग को पायलट कट कहा जाता है। इस प्रयोग के तहत बैराज के आसपास वर्षों से जमा मिट्टी को ठीक बैराज के सामने से खोदते हुए दूर तक छोटी-छोटी नहरें बना दी जाती हैं। इस कार्य को करने में यमुना में बनाई गई कृत्रिम नहरों के बीच में वर्षों से जमा मिट्टी के छोटे छोटे टापू बन जाते हैं और जब पीछे से बारिश का पानी हरियाणा की तरफ से छोड़ा जाएगा, तो वह तेज बहाव के साथ इन कृत्रिम नहरों से होते हुए आगे निकलेगा और उसके बहाव के साथ बीच-बीच में बने मिट्टी के ये टापू उस पानी के साथ बहकर आगे निकल जाएंगे, जिससे कि पानी के रुकने की सारी संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी और पानी तेज प्रवाह के साथ आगे निकल जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से यमुना में पानी के रुकने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी और जब पानी के प्रवाह में कोई रुकावट ही नहीं होगी तो बाढ़ की संभावनाएं भी समाप्त हो जाएंगी। भारद्वाज ने कहा कि विभाग का मंत्री होने के नाते मैं आप लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमने इस वर्ष इस प्रकार से तैयारी की हैं कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस वर्ष यमुना में बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सूचना पत्र सं.–**770-W/169/WA-1/FZR-67-2024-25-ADEN-LDH, 68-2024-25-ADEN-LDH, 69-2024-25-ADEN-LDH, 70-2024-25-ADEN-LDH, 71-2024-25-ADEN-LDH, 72-2024-25-ADEN-LDH, 73-2024-25-ADEN-JRC, 74-2024-25-ADEN-JRC & 75-2024-25-ADEN-JRC** वरिष्ठ मंडल अभियंता–प्रथम, फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई–निविदाएं, अंतिम तिथि **01.07.2024** समय **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा प्रपत्र की बयाना राशि की जगह 'निविदा सुरक्षा घोषणा पत्र' निर्धारित प्रारूप में निविदा के साथ ई–पोर्टल पर संलग्न करेगा।

| निविदा प्रकार | खुला | निविदा अनुभाग | कार्य | बोली प्रणाली | एकल बोली प्रणाली |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 07.06.2024 | बोली शुरू की तिथि | 17.06.2024 | बोली समापनकी तिथि तथा समय | 01.07.2024 |

| क्र.सं. | निविदा सं. | निविदा का विवरण | विज्ञापन मूल्य | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 67-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में "सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, आपातकालीन कार्य जोन नंबर 1/2024–25 लुधियाना में स्टेशन बिल्डिंग और अन्य सेवा भवनों की मरम्मत का कार्य करना। | ₹99,98,198.93 | 60 दिन | 12 महीने |
| 2. | 68-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में डीजल शेड, आरपीएफ बैरक, आरपीएसएफ बैरक और लोको कार्यालय आदि में जोन संख्या 2/2024–25 के अंतर्गत साधारण मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन और आकस्मिक कार्य का कार्य करना। | ₹74,99,158.78 | 60 दिन | 12 महीने |
| 3. | 69-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में सेवा भवन और स्टाफ क्वार्टरों में जोन संख्या 3/2024–25 के तहत साधारण मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन और आकस्मिक कार्य का कार्य करना। | ₹1,19,97,115.43 | 60 दिन | 12 महीने |
| 4. | 70-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में जोन नंबर 4/ 2024–25 के तहत लुधियाना में कॉलोनी नं. 1 से 13 में स्टाफ क्वार्टरों की "सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, आपातकालीन मरम्मत का कार्य करना। | ₹1,19,97,685.11 | 60 दिन | 12 महीने |
| 5. | 71-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में जोन नंबर 5/ 2024–25 के तहत विद्युत शेड और टीआरडी कार्यालय आदि में साधारण मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन और आकस्मिक कार्य का कार्य करना। | ₹24,98,995.00 | 60 दिन | 12 महीने |
| 6. | 72-2024-25-ADEN-LDH | सहायक मण्डल अभियंता–लुधियाना के क्षेत्राधिकार में PGW-NSS-JJJ- RHU खंड पर सेवा भवन और स्टाफ क्वार्टरों में सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, आपातकालीन मरम्मत का कार्य करना। | ₹1,49,95,920.11 | 60 दिन | 12 महीने |
| 7. | 73-2024-25-ADEN-JRC | सहायक मण्डल अभियंता–जालंधर कैंट के क्षेत्राधिकार में "सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, आपातकालीन कार्य जोन 2024–25 के तहत स्टेशन बिल्डिंग और अन्य सेवा भवनों की मरम्मत का कार्य करना। | ₹1,59,99,403.12 | 60 दिन | 12 महीने |
| 8. | 74-2024-25-ADEN-JRC | सहायक मण्डल अभियंता–जालंधर कैंट के क्षेत्राधिकार में पड़ते वरिष्ठ खंड अभियंता मुकेरियां क्षेत्राधिकार में "सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, आपातकालीन कार्य जोन 2024–25 के तहत स्टेशन बिल्डिंग और अन्य सेवा भवनों की मरम्मत का कार्य करना। | ₹1,49,95,920.11 | 60 दिन | 12 महीने |
| 9. | 75-2024-25-ADEN-JRC | सहायक मण्डल अभियंता–जालंधर कैंट के क्षेत्राधिकार में पड़ते वरिष्ठ खंड अभियंता जालंधर कैंट क्षेत्राधिकार में वर्ष 2024–25 के लिए साधारण मरम्मत और रखरखाव के साथ–साथ नए कार्य, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्धन और परिवर्तन, सेवा भवन और ब्रिज वर्कशॉप के स्टाफ क्वार्टर के आकस्मिक कार्य। | ₹34,98,593.00 | 60 दिन | 12 महीने |

नोट: 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जांच करेंगे। 1723/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के


# CA राहुल मालोदिया के व्यापारी टू सीईओ समिट ने राजकोट के व्यवसायियों को बनाया सशक्त

- इस महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यक्रम में 1000 से अधिक उद्यमियों, व्यवसायियों और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया



11 जून 2024:राजकोट, गुजरात के हेमू गढ़वी ऑडिटोरियम, 9 जून, रविवार को आयोजित व्यापारी टू सीईओ समिट 2024 एक दिवसीय कार्यक्रम सफल रहा, जिसमें देश भर से आये 1000 से अधिक व्यापारियों के साथ राहुल मालोदिया ने व्यापार को बढ़ाने के लिए रणनीतिओ पर चर्चा की। उद्यमियों को संपूर्ण संतुलित विकास, सेल्स स्ट्रेटजी, मार्केटिंग और फाइनेंस कैसै संभाले और छोटे- छोटे बदलावों के साथ आपके कारोबार की ग्रोथ कैसे होगी जैसे नॉलेज सेशन लिये। कार्यक्रम में व्यापारियों को आधुनिक बाजार के अनुसार अपने व्यापार की तरक्की के गुर सिखाए गए। सत्रों में बाजार के जटिल मुद्दों पर सहजता के साथ चर्चा में बताया कि हर छोटा व्यापारी बड़ा बिजनेसमैन बन सकता है उसे केवल जागरूक करने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों को समय प्रबंधन और कर्मचारी जुड़ाव जैसी उनकी सबसे महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने का अवसर मिला। नेटवर्क,मार्केटिंग ,सेल्स, फाइनेंस और आर्थिक गतिशीलता को समझने पर मालोदिया के सत्रों ने उद्यमशीलता उत्कृष्टता के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान किया। ह्यव्यापारी 2 सीईओ समिट ह्य अपनी तरह का एक अनूठा आयोजन था जहां उपस्थित लोग विभिन्न उद्योगों में समान विचारधारा वाले व्यापारिक नेताओं के साथ अनुभव और नेटवर्क साझा कर सकते थे। ह्लराजकोट में हुए अपने अनुभव को साझा करते हुए, उअ राहुल मालोदिया ने कहा, ह्लमैं राजकोट में व्यापारी समुदाय की भारी उपस्थिति और भागीदारी के लिए आभारी हूं। उनका कहना है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे व्यापारियों को सीईओ बनने की नॉलेज देना है। उनको पता ही नहीं होता कि कैसे कर्मचारियों को संभालें। कहां से पैसा लाया जाएं, क्या करें और कैसे करें। उन्हें यही सब बताने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इनमें व्यापार से जुड़ी हुई सभी तरह की नॉलेज दी गयी।

मालोदिया बिजनेस कोचिंग कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से व्यापारियों और व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ह्यव्यापारी 2 सीईओ समिटह्ण की शानदार सफलता ने रणनीतिक रूप से कार्यवाही योग्य समाधानों के साथ इच्छुक और अनुभवी व्यापार मालिकों का मार्गदर्शन करने वाले अग्रणी प्रदाता के रूप में कंपनी की स्थिति को मजबूत किया है।

## 863 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुरू

नई दिल्ली। आचार संहिता खत्म होने के बाद अब रुके हुए सरकारी कार्यों के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने बीते साल जारी की गई 863 रिक्तियों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुरू कर दी है। वहीं, आचार संहिता लागू होने से पहले जारी की गई भर्तियों के लिए अब परीक्षा कार्यक्रम जल्द ही जारी होगा। ऐसे में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। डीएसएसएसबी ने नवंबर-2023 में दिल्ली जेल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट समेत अन्य विभागों में तकनीकी और गैर तकनीकी स्टाफ की भर्ती के लिए आदेश जारी किया था। विभाग ने 863 पदों के लिए अहताएं जारी कर आवेदन मांगे थे। बीते साल 12 दिसंबर तक इन पदों के लिए पात्र युवाओं ने आवेदन किया था। इस वर्ष मार्च में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रक्रिया पर कुछ समय के लिए ब्रेक लग गया था।

# राजधानी किरण



## आतिशी ने दिल्ली में सभी ज़िलाधिकारियों और विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ कांवड़ शिविर की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

- राजस्व मंत्री का निर्देश-कांवड़ियों के लिए शिविर में वाटर प्रूफ टेंट, फर्नीचर, शौचालय, पानी, मेडिकल सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की हो व्यवस्था
- पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिलें दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट, इन तीनों जिलों में कांवड़ियों की सुविधा के लिए लगाए जाएँगे सबसे अधिक शिविर-राजस्व मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कांवड़ यात्रा शुरू से से डेढ़ महीने पहले ही केजरीवाल सरकार ने शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए जोर-शोर से तैयारियां करना शुरू कर दिया है इस दिशा में राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली में सभी ज़िलों के डीएम और विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ कांवड़ शिविर की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बता दें कि कांवड़ियों की सुविधा के लिए इस साल दिल्ली भर में लगभग 200 कांवड़ शिविर लगाए जाएँगे पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिलें दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री पॉइंट है ऐसे में इन तीनों जिलों में सबसे ज्यादा शिविर लगाए जाएँगे ताकि कांवड़ियों को कोई परेशानी का सामना करना पड़े

इस बाबत साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, हर साल की तरह केजरीवाल सरकार इस साल भी दिल्ली भर में कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए कांवड़ कैंप लगवायेगी, जहाँ उनके लिए हर जरुरी सुविधाएँ भी सुनिश्चित की जाएगी

कांवड़ियों के लिए शिविर में वाटर प्रूफ टेंट, फर्नीचर, शौचालय, पानी, मेडिकल सहित अन्य जरुरी सुविधाएँ मौजूद होंगी उन्होंने साझा किया कि इस बाबत सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए हर जरुरी कदम सुनिश्चित किए जाए

बता दे कि सावन महीने में लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से जल लेने जाते है ऐसे में दिल्ली सरकार राजधानी में जगह-जगह कांवड़ शिविर लगाती है जहाँ कांवड़ियों के रुकने और आराम करने के लिए हर जरुरी सुविधाएँ मुहैया करवाई जाती है ऐसे में इस साल भी केजरीवाल सरकार, दिल्ली में कांवड़ियों की सुविधा के लिए लगभग 200 कांवड़ शिविर लगवायेगी।

इस बाबत साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, सावन के इस पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा,सुविधा और सुरक्षा के लिए सरकार हर जरुरी इंतजाम कर रही है और सभी जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े

उन्होंने साझा करते हुए कहा कि पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिलें दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट होता है ऐसे में यहाँ सबसे ज्यादा शिविर लगाए जाएँगे ताकि बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने बाद भी भीड़ का आसानी से प्रबंधन हो सकें

साथ ही प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरियों को शिविरों से जोड़ा जाएगा। किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस की उपलब्धता होगी। साथ ही अस्पतालों को कांवड़ियों के इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए जाएँगे।

कांवड़ शिविर से जुड़ी तैयारियों को लेकर राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी ज़िलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि, अभी से लेकर शिविर के आयोजन तक हर ज़िलाधिकारी हर सप्ताह तैयारियों से जुड़ी रिपोर्ट सौंपे।

## फिल्मी स्टाइल में बाईक से पीछाकर दबोचा कार

- तलाशी ली तो कार में भरी थी शराब की पेटियां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में डेढ़ हजार क्वार्टर शराब का बरामद किया है। इस मामले में एक वैगन आर कार को भी जप्त किया गया है। जिसमें शराब की पेटियां भरकर तस्करी करके बॉर्डर पार से लाई गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। यह प्रेम नगर किराड़ी का रहने वाला है। एडिशनल डीसीपी वेस्ट राजा बंटिया ने बताया कि क्राइम कंट्रोल के लिए इलाके में पेट्रोलिंग कर रही मोतीनगर की पुलिस टीम ने इस शराब तस्कर की गाड़ी को जांच के लिए रोका था। लेकिन पुलिस टीम ने जैसे ही रोकने का इशारा किया ड्राइवर ने कार की स्पीड बढ़ा दी और भागने लगा। एसएचओ वरुण दलाल की देखरेख में पुलिस टीम ने वैगन आर कार का फिल्मी स्टाइल में बाइक से पीछा किया और फिर आगे जाकर पकड़ा। जब गाड़ी को रोका तो फिर उसकी तलाशी ली गैरी, उसके अंदर से शराब की पेटियाँ भरी हुई थी। यह कार पंजाबी बाग की तरफ से मोती नगर की ओर भाग रही थी।

पुछताछ की गई तो आरोपी कार ड्राइवर की पहचान हरेंद्र कुमार के रूप में हुई। जब कार की तलाशी ली गई तो उसके अंदर 22 कार्टून शराब के बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि गाड़ी किसकी है, इसके बारे में उसे नॉलेज नहीं है। उसे यह गाड़ी मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया रेड लाइट पर टिल्लू ने दी थी। वहां से इसे आगे तक पहुंचाना था, लेकिन पुलिस ने बीच में पकड़ लिया। अब पुलिस इस आरोपी को रिमांड पर लेकर इसके सहयोगी की तलाश कर रही है।

## पिछले वर्ष की भांति भी पानी आया तो भी यमुना में बाढ़ नहीं आएगी : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि इस बार राजधानी में बाढ़ नहीं आएगी, क्योंकि यमुना नदी को उसके पानी के प्रवाह के लिए साफ रास्ता मिल जाएगा।

नदी से गाद निकालने के कार्य का जायजा लेने के लिए सौरभ भारद्वाज ने आईटीओ बैराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैराज हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ ह्लइसके गेट बंद करने के कारणह्व आई थी। मंगलवार को दिल्ली सरकार के बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यमुना के बाढ़ क्षेत्र का दौरा भी किया है। इस दौरान उन्होंने कहा है, ह्ल...सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है ताकि दिल्ली में यमुना में बाढ़ न आए और यमुना का पानी सड़कों पर न आए।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि इस बार यमुना में बाढ़ न आए, इसके लिए पिछले 3 महीने से काम चल रहा है। पिछली बार जिन गेट के न खुलने से बाढ़ से भयंकर हालात बने थे, उन्हें खोल दिया गया है। पिछले 3 महीने से पायलट कट पर बड़ी-बड़ी मशीनें द्वारा काम चालू है। सालों से जमा हुई गाद के बीच में चैनल इस तरह बनाए गए हैं कि जैसे ही हरियाणा से पानी आएगा, यह सारी गाद बह जाएगी और और यमुना के पानी को निकलने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाएगी।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अपने-अपने मंत्रालयों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि दिल्ली की 70 विधानसभा में जहां-जहां पर भी उनके द्वारा अस्थायी और स्थायी पंप लगाए गए हैं, उन पंप की लोकेशन की एक सूची और उन पंप को संचालित करने वाले अधिकारियों के नाम और फोन नंबर की एक सूची तैयार कर, उस विधानसभा के विधायक को मुहैया कराई जाए, ताकि मानसून के समय में यदि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति पैदा होती है, तो स्थानीय विधायक संबंधित अधिकारी से बातचीत कर उस समस्या का तुरंत प्रभाव से निवारण करवा सके। इससे आम लोगों को भी सहूलियत मिलेगी।

बता दें कि पिछले साल दिल्ली में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हो गया था। जुलाई महीने के अंत में यमुना का जलस्तर अचानक बढ़ने लगा था, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कुछ हिस्सों में हुई भारी बारिश और हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गया था। यमुना खतरे के निशान 204.49 मीटर से करीब 2 मीटर ऊपर बह रही थी, जिसके चलते पूर्वी, उतरी और दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में पानी प्रवेश करके गया था।

## दिल्ली के कश्मीरी गेट से छेनू गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

खतरनाक छेनू गैंग के दो सदस्यों को कई आपराधिक मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस में मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राकेश पावरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान हाजी इमरान (41) और अब्दुल रहमान (38) के रुप में हुई है। पावरिया ने बताया कि पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों आरोपी एक कार में यात्रा कर रहे थे। पुलिस की इसकी सूचना पहले से थी। पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने उन्हें रोका तो वे कार से उतरकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनके पास से तीन कारतूसों से भरी एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और एक कारतूस सहित एक देशी पिस्तौल जब्त की गई। एक अन्य अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान इमरान ने खुलासा किया है कि वह 2010 में आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया और छेनू गैंग का नेतृत्व करने वाले इरफान से जुड़ गया। ह्लछेनू गैंगह्व पूर्वी दिल्ली में जबरन वसूली, डकैती और चोरी के कई मामलों में शामिल रहा है। इरफान तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार, इमरान और इरफान 2011 में पूर्वी दिल्ली में डकैती केएक मामले में शामिल थे। इसके साथ ही उन्होंने साल 2017 में जाफराबाद और भजनपुरा इलाके में एक गैंगवार के दौरान कथित तौर पर दो हत्याएं भी की थीं। हत्याओं के मामले में इमरान करीब साढ़े तीन साल तक न्यायिक हिरासत में रहा। पुलिस ने बताया कि 2022 में वह जेल से बाहर आया और उसने अब्दुल रहमान को अपना साथी बना लिया। पुलिस ने आगे बताया कि इमरान पूर्वी दिल्ली में आठ आपराधिक मामलों में और रहमान जुआ और चोरी के मामलों में कथित तौर पर शामिल रहा है।

## प्रमोद सावंत ने गोवा का भूवैज्ञानिक-खनिज मैप किया जारी

- गोवा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता हटते ही गोवा में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रमोद सावंत के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार तय अवधि में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्यमंत्री सावंत ने राज्य का भूवैज्ञानिक और खनिज मानचित्र जारी किया।

मुख्यमंत्री ने नीलाम हो चुके 9 खनन ब्लॉकों की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। इस दौरान विभिन्न कंपनियों समेत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण को पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने की प्रक्रिया को तय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उम्मीद है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक लगभग 3-4 खदानें चालू हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने शिरगांव के नीलामी पट्टा धारक को लइराई देवी मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को नीलामी से बाहर रखने के भी निर्देश दिए।

बैठक के एजेंडे में राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) द्वारा वित्तपोषित खनन पट्टों की खोज समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। खनिज वर्गीकरण के लिए प्रयोगशालाएं शुरू कर खान एवं भूविज्ञान निदेशालय (डीएमजी) को और सशक्त करने पर भी जोर दिया गया। यही नहीं, यह भी तय हुआ कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) एनएमईटी फंड का उपयोग करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने में खान एवं भूविज्ञान निदेशालय की मदद करेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसआई आगामी नीलामी के लिए निर्धारित खनिज ब्लॉकों के लिए भूवैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## महिलाओं को 1000 रुपये मानदेय देने की मांग को लेकर आतिशी के आवास के बाहर प्रदर्शन

नई दिल्ली। महिला मंच की सदस्यों ने मंगलवार को दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से शहर की महिलाओं को 1000 रुपये मानदेय देने की उसकी बजट घोषणा को पूरा करने की मांग की।

मथुरा रोड पर स्थित मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए। एक प्रदर्शनकारी सफिया फहीम ने कहा, आप सरकार ने अपने बजट में महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। यह कोई चुनावी वादा नहीं था, इसलिए सरकार को अब महिलाओं को यह पैसे देने चाहिए।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया गया और किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,कुछ महिलाएं मंत्री आतिशी के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रही थी। महिलाएं शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहीं थी, जिससे किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बार-बार आश्वासन दिया था कि दिल्ली की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में पेश किए गए अपने बजट में आप सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की वयस्क महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। आतिशी ने पहले दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि लोकसभा चुनाव के लिए लगी आदर्श आचार संहिता हटने के बाद इस योजना को अधिसूचित किए जाने की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक इस योजना को लागू कर दिया जाएगा।

## सोना तस्करी के मामले में दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। आइजीआइ एयरपोर्ट पर सोना तस्करी के एक मामले में दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। आरोपितों में एक रुस का वहीं दूसरा उज्बेकिस्तान का नागरिक है। इनके पास से करीब एक किलो सोना बरामद हुआ है। बरामद सोने की कीमत करीब 67 लाख आंकी गई है। मामले की जांच जारी है। कस्टम विभाग की संयुक्त आयुक्त मोनिका यादव का कहना है कि दोनों मास्को से टर्मिनल 3 पहुंचे। यहां दोनों ने इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ग्रीन चैनल को पार कर लिया। लेकिन कस्टम अधिकारियों को इनकी गतिविधि पर संदेह हुआ और दोनों को रोका गया। तलाशी के दौरान इनसे सोना बरामद हुआ। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। यह पता किया जा रहा है कि दोनों सोना किसे सौंपने वाले थे।

## प्रचंड गर्मी में डॉ राजबहादुर शर्मा ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



प्रात: किरण संवाददाता

- जून माह के हर मंगलवार को ऐसे ही सेवा रहेगी जारी: डॉ राजबहादुर

स्योहारा।इस वर्षी गर्मी के मौसम में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी में मंगलवार को दोपहर के बीच स्योहारा के जाने माने समाजसेवी और डॉक्टर डॉ राजबहादुर शर्मा ने शिवाजी मार्किट में स्थित अपनी दुकान पर एक मानवीय कार्य को अंजाम देते हुए सैकड़ों राहगीरों की गर्मी में प्यास बुझाने के लिये ठंडा और मीठा शर्बत पिलाते हुए एक समाज में एक अच्छा सन्देश दिया।डॉ राजबहादुर के सौजन्य से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते डॉ राजबहादुर ने कहा इस नेक काम से आमजन में आपसी प्रेम और भाईचारे का एक खास संदेश जाएगा तो साथ ही धूप से बेहाल राहगीरों को प्यास और गर्मी से लगने वाली प्यास में राहत भी मिलेगी उन्होंने सभी से इस तरह के कार्यक्रम करते रहने की भी अपील की। ओर आगे उन्होंने ये भी बताया की पूरे जून माह में हर मंगलवार को ये सेवा ऐसे ही जारी रहेगी। इस मोके पर डॉ राजबहादुर शर्मा(लोकतंत्र सैनानी, दीपांशु गोड, चन्द्रपाल वर्मा,जयशंकर शर्मा,फहद कफील,पीयूष शर्मा,विशाल कुमार,सात्विक शर्मा आदि सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## मोदी मंत्रिमंडल में शामिल राजग घटक दलों को खत्म करेगी भाजपा : संजय सिंह

- भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी और घटक दलों को दबाती है, यह बात मंत्रालय के बंटवारे के बाद सामने आ गई है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




केंद्र की मोदी सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। इस पर विपक्षी दल सवाल भी उठा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने कहा कि एनडीए के घटक दलों को झुनझुना मंत्रालय थमा दिया गया है। संजय सिंह ने कहा कि गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल शक्ति, पेट्रोलियम और दूरसंचार मंत्रालय नहीं, एनडीए के घटक दलों के हिस्से में सिर्फ झुनझुना मंत्रालय आया है। भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी और घटक दलों को दबाती है, यह बात मंत्रालय के बंटवारे के बाद सामने आ गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी भाजपा किसी के साथ सहयोगी बनकर काम करती है तो उसका सब कुछ छीन लेती है। शरद पवार की घड़ी चुरा ली। उद्धव ठाकरे का तीर-कमान चुरा लिया। भाजपा हर राज्य में तोड़फोड़ की राजनीति करती है। पार्टियों को तोड़ती है। सरकार गिराती है। उन्होंने 10 साल में यही काम किया। भाजपा ने एनडीए के घटक दलों को जो मंत्रालय दिया है, उसके बाद अगला कदम उनकी पार्टियों को खत्म करने का होगा।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर गलती से भाजपा का स्पीकर बन गया तो तीन बड़े बदलाव होंगे। पहला बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खतरा है। दूसरा खतरा यह है कि जितनी भी पार्टियां उनके साथ मौजूद हैं, चाहे टीडीपी हो, आरएलडी हो, पवन कल्याण की पार्टी हो या फिर जयंत चौधरी की पार्टी हो या फिर कोई अन्य पार्टी, सभी के नेताओं को तोड़कर वह भाजपा में मिला लेंगे। तीसरा कोई भी मनमाना बिल भाजपा संसद में लेकर आएगी और किसी सांसद ने उसके खिलाफ अगर आवाज उठाई तो उसे मार्शल से बाहर फेंकवा देंगे। अपने पिछले कार्यकाल में मोदी जी ने 150 से ज्यादा सांसदों को बाहर करवा दिया था।

## दिल्ली मेट्रो में लड़कियों का भोजपुरी गाने पर डांस विडियो वायरल

नई दिल्ली। रील बनाने वालों के लिए दिल्ली मेट्रो खास अड्डा बन चुकी है। इस वजह से दिल्ली मेट्रो में रील बनाने के मामले थम नहीं रहे हैं। इस वजह से कुछ समय के अंतराल पर अक्सर मेट्रो में रील बनाने का कोई न कोई वीडियो सामने आ जाता है। इसी क्रम में मेट्रो में भोजपुरी गाने पर डांस करतीं दो युवतियों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर लोग आपत्ति जता रहे हैं। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो शेयर कर लिखा, दिल्ली मेट्रो मनोरंजन का अड्डा बनती जा रही है। लोग डांस के इस वीडियो पर आपत्ति जता रहे हैं। साथ ही डीएमआरसी से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मेट्रो में डांस का यह कोई पहला वीडियो नहीं है। इससे पहले होली के दौरान दिल्ली मेट्रो ट्रेन के फर्श पर बैठकर अश्लील डांस करते दो युवतियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद दोनों युवतियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद अभी पिछले माह भी मेट्रो में अश्लील डांस करती युवतियों का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में में भी पुलिस ने एफआइआर दर्ज की थी। इस तरह की सख्ती के बावजूद मेट्रो में रील बनाने की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। ऐसी घटनाओं से दूसरे यात्री असहज होते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में दायर हरियाणा के एफि डेविट से हुआ हरियाणा सरकार के झूठ का पर्दाफाश; एफि डेविट आँकड़ों से साफ- हरियाणा रोक रहा है दिल्ली के हिस्से का पानी-जलमंत्री आतिशी

- 1 मई से 22 माई तक हरियाणा ने मुनक नहर के जरिए सीएलसी में 719 क्यूसेक और डीएसबी में 330 क्यूसेक पानी छोड़ा: लोकसभा चुनाव की वोटिंग से 2-3 दिन पहले ये पानी 91 क्यूसेक तक कम हुआ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली को पर्याप्त पानी देने के हरियाणा के दावे का पर्दाफाश हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हरियाणा के एफि डेविट से ही हरियाणा सरकार के इस झूठ का पर्दाफाश हो गया है। एफि डेविट आँकड़ों से साफ हो गया है कि, हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी रोक रहा है। इस विषय में साझा करते हुए जलमंत्री आतिशी ने कब कि, दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी देने का दावा करने वाली हरियाणा सरकार के आँकड़ों से साफ हो गया है कि, हरियाणा ने मुनक नहर के जरिए दिल्ली को कम पानी दिया है। उन्होंने कहा कि, हरियाणा के एफि डेविट से खुलासा हो रहा है कि, पहले दिल्ली लोकसभा चुनाव के वोटिंग के दौरान और उसके बाद अब भीषण गर्मी में हरियाणा से कम पानी मिला है। 1 मई से 22 माई तक हरियाणा मुनक नहर के जरिए सीएलसी में 719 क्यूसेक और डीएसबी में 330 क्यूसेक पानी छोड़ा था लेकिन दिल्ली में लोकसभा चुनाव की वोटिंग से 2-3 दिन पहले हरियाणा ने मुनक नहर के जरिए मिलने वाला पानी 91 क्यूसेक तक कम कर दिया।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, भीषण जलसंकट के बीच भी हरियाणा ने पिछले 4 दिनों में मुनक नहर से दिल्ली में 1050 क्यूसेक के बजाय 985 क्यूसेक पानी छोड़ा है। यानी एफि डेविट से पूरी दिल्ली और देश के सामने साफ कि हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पानी जानबूझकर रोक रही है। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, पिछले कुछ हफ़्तों से दिल्ली में हीटवेव चल रही है और इसके कारण दिल्ली में पानी की माँग बढ़ गई है। इसके बावजूद जितना पानी दिल्ली को हरियाणा से मिलना चाहिए, वो पानी लगातार कम हो रहा है। चाहे वो वजीराबाद बैराज पर हो या मुनक नहर पर हो, हरियाणा को जितना पानी दिल्ली के लिए छोड़ना होता है वो नहीं छोड़ रही है। इसके कारण दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी पूरी क्षमता पर काम नहीं कर पा रहे है।

उन्होंने कहा कि, जब हम हरियाणा सरकार को चिट्ठी लिखते है, बात करते है तो वो लगातार दावा करते है कि हम पानी छोड़ रहे है, लेकिन हरियाणा सरकार के इस झूठ का पर्दाफाश उनके द्वारा खुद सुप्रीम कोर्ट में दायर एफि डेविट से हो गया है।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, दिल्ली को पानी की जरूरत है। हिमाचल प्रदेश ने कहा कि, हम पानी से सकते है इसके लिए हरियाणा को सिर्फ. रास्ता देना होगा लेकिन हरियाणा ने इसका विरोध किया। इसका उदाहरण है कि, जिस दिन से ये मामला सुप्रीम कोर्ट में गया है तभी से वजीराबाद बैराज का जलस्तर लगातार घट रहा है। लेकिन दिल्ली को पानी न देने की हरियाणा की साज़िश वजीराबाद बैराज पर नहीं रुकी बल्कि मुनक नहर से दिल्ली में आने वाले पानी को भी कम कर दिया गया। उन्होंने कहा कि, अपर यमुना रिवर बोर्ड में हुए फैसले के अनुसार हरियाणा को मुनक नहर से दिल्ली को 1050 क्यूसेक पानी देना तय हुआ। लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार दिल्ली में हरियाणा से कम पानी आ रहा है। हरियाणा लगातार झूठ बोल रहा था कि उन्होंने दिल्ली में पूरा पानी छोड़ा है लेकिन उनके इस झूठ का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट में दिए उनके एफि डेविट ने ही कर दिया। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए एफि डेविट के आँकड़े दिखाते है कि, 1 मई से 22 माई तक हरियाणा मुनक नहर के जरिए सीएलसी में 719 क्यूसेक पानी और डीएसबी में 330 क्यूसेक पानी छोड़ रहे है। यानी रोजाना 1049 पानी छोड़ा गया।

## फिर शुरू होगा हीट वेव का असर, कई दिनों तक नहीं मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर हीट वेव का असर देखने को मिलने वाला है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 12 जून से लेकर 17 जून के बीच हीट वेव का असर देखने को मिल सकता है और पारा 45 डिग्री के पार पहुंच जाएगा।

11 जून तक पारा 44 डिग्री के पार दिख रहा है। डॉक्टरों की सलाह है कि हीट वेव के दौरान घरों से बिल्कुल ना निकलें और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं ताकि डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो पाएं। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो 11 जून को आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है और पारा 44 डिग्री के पार पहुंच सकता है। वहीं 12 जून से लेकर 13, 14, 15, 16 और 17 जून तक पारे के 45 डिग्री से ज्यादा पहुंचने की संभावना जताई गई है।

साथ ही साथ किसी भी तरीके के कोई भी बादल छाने या बारिश या तेज तूफान के असर को भी मौसम विभाग ने नहीं दिखाया है। इससे साफ तौर पर जाहिर है कि एनसीआर वालों को एक बार फिर भीषण और तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है और हीट वेव के चलने के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि बीते दिनों दिल्ली में पारा 50 डिग्री के भी पार पहुंच गया था और बिजली की आपूर्ति भी अपने बीते रिकॉर्ड को तोड़ चुकी थी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में भी बिजली आपूर्ति में होने वाली बाधा के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग लगातार सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। माना जा रहा है कि भीषण गर्मी के एक बार फिर बढ़ने से लोगों की दिक्कत बढ़ने लगेगी, बच्चों और बुजुर्गों पर हीट वेव का बहुत ज्यादा असर होता है। इसलिए डॉक्टर सलाह देते हैं कि ज्यादा से ज्यादा समय तक घर के अंदर रहें और खूब तरल पदार्थ पिएं।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीई के तहत नामांकित बच्चों के नाम की सूची करनी होगी सार्वजनिक

जमुई/गिद्धौर।आरटीई के तहत नामांकन को लेकर विभाग लगातार तैयारी कर रहा है।इसी को लेकर निदेशक ने सोमवार को एनआईसी में शिक्षा विभाग के अधिकारियों व निजी स्कूल के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि निदेशक ने निर्देश दिया है कि सभी प्रस्वीकृत निजी स्कूल संचालकों को सूचना पट पर वर्ग एक में आरटीई के तहत कितने बच्चों का नामांकन हुआ इसको प्रदर्शित करना पड़ेगा।डीईओ ने बताया कि ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से 1 से 16 जून तक नामांकन के लिए बच्चे व अभिभावक संबंधित कागजात के साथ आवेदन करेंगे। 18 से 19 जून तक बच्चों का स्कूल आवंटन शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा।जिन स्कूलों में बच्चों का आवंटन शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा बच्चे उस स्कूल में 20 से 30 जून तक नामांकन ले सकते हैं। डीईओ राजेश कुमार ने कहा कि लाभकारी समूह के वैसे बच्चे जो अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,पिछड़ा वर्ग,अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समूह के बच्चे जिनके माता-पिता वैधानिक अभिभावक की वार्षिक एक लाख रुपए तक हो।

# 25 हजार का इनामी कुख्यात आशीष कुमार एक देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस के साथ हुआ गिरफ्तार

## गिरफ्तार अपराधी पर है आधे दर्जन हत्या, लूट, रंगदारी के मामले दर्ज

- पुलिस ने किया सदर थाना क्षेत्र के पिठाही गांव से गिरफ्तार
- अपराधी के ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम था घोषित



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी मर्डर केस के आरोपी पिठाही वार्ड-11 निवासी आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। 3 जनवरी 2024 को मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रिका पब्लिक स्कूल के पास हत्याकांड मामले में नामजद आरोपी है। इसकी जानकारी एसपी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी 2024 को मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रिका पब्लिक स्कूल के पास अपराधियों ने गढ़िया भेलवा निवासी भूपेंद्र यादव के बेटे मनीष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के परिजन द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पिठाही वार्ड-11 निवासी सिकंदर यादव के बेटे आशीष कुमार सहित कुल 10 नामजद अपराधियों की विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई थी। घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, परंतु उक्त कांड के अभियुक्त फरार चल रहे थे। गठित टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान 10 जून को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त कांड में शामिल अपराधी आशीष कुमार अपने सहयोगी के साथ गढ़िया स्थित दीपक कुमार के घर के निकट इकट्ठा हुए हैं। गठित टीम के द्वारा इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए गढ़िया पहुंचकर घेराबंदी कर कुख्यात अपराधी आशीष कुमार को एक लोडेड देसी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी आशीष कुमार के द्वारा पूर्व में लूट, हत्या, शस्त्र एवं नशीली दवाओं के कारोबार किए जाने जैसे अपराधिक घटना को अंजाम दिया जा चुका है। इसके ऊपर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि आशीष की गिरफ्तारी से मधेपुरा थाना क्षेत्र सहित अन्य जिला में अपराधिक घटना में कमी आएगी। प्रेस वार्ता में सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार भी शामिल थे। छापेमारी टीम में दरोगा इंदजीत तांती, सिपाही सोमू कुमार, सिपुल कुमार, संतोष कुमार यादव, संतोष कुमार शामिल थे।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सात बाईक किया जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना पुलिस ने सोमवार शाम को बाजार स्थित दुर्गा मंदिर चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी संदीप सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान ने दो पहिया वाहनों की सघन रूप से जांच की।

जांच के दौरान डिक्की, सभी तरह के कागजात, हेलमेट, जूता, दो से अधिक सवारी बैठे रहने की जांच की गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सघन वाहन चेकिंग के दौरान दर्जनों बाइक की जांच की गई। जिसमें सात अलग-अलग बाइक को जप्त कर लिया गया। जिसमें किसी बाइक पर तीन सवारी बैठे थे तो किसी के पास ड्राइवरी लाइसेंस, वाहन के कागजात, या हेलमेट या प्रदूषण के कागजात नहीं रहने पर ऐसे बाइक को जप्त कर थाना ले आया गया। उन्होंने बताया कि जप्त वाहन की सूची जिला परिवहन कार्यालय को भेज दिया गए हैं। जहां से जुर्माना लेकर समुचित कार्रवाई के बाद बाइक को छोड़ा जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष संजीव कुमार,एसआई गणेश पासवान सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान व ग्रामीण पुलिस मौजूद थे।

# पीएचसी का एक एंबुलेंस सालों से खराब



प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) पीएचसी केंद्र में रोजाना दर्जनों भर से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। पीएचसी में प्रखंड के नौ पंचायतों के आबादी को देखते हुए दो एंबुलेंस दिया गया है। जहां पीएचसी के एक एंबुलेंस की सेवा करीब एक सालों से बंद है। वही प्रखंड के नौ पंचायतों के आबादी में मात्र एक एंबुलेंस के सहारे, किसी मरीज को एंबुलेंस की सेवा मिल पाती है या किसी को नहीं भी मिल पाती है। एक एंबुलेंस के खराब होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले गरीब मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही आबादी के अनुसार एक ही सरकारी एबुंलेस के पीएचसी में उपलब्ध रहने के कारण निजी वाहनों को किराये पर लेकर आर्थिक दोहन का शिकार होना पड़ रहा है।खास कर प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को ज्यादा दिक्कत होती है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारियों को प्रखंड के रोगियों व प्रसव महिलाओं को सुविधा मुहैया कराने की चिंता नहीं होती है। सालों भर से एक खराब एंबुलेंस पीएचसी परिसर में शोभा की वस्तु बनकर खड़ी रहती है। घैलाढ़ में कभी सरकारी एंबुलेंस की जरूरत पड़ी तो इंतजार करना रोगी की जान आफत में डाल सकता है। यहां एंबुलेंस सेवा आबादी के लिहाज से बहुत कम है। 108 नंबर की सरकारी एंबुलेंस सेवा का हाल तो कुछ यही बयां कर रहा है।सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल बुरा है। ऊपर से एंबुलेंस का भी कमी है। जिसके चलते स्थिति और खराब हो जाती है। किसी तरह की आपातकालीन स्थिति में ज्यादातर लोग 108 नंबर पर एंबुलेंस के लिए कॉल करते हैं, लेकिन एंबुलेंस की कमी के चलते अधिकतर लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पाती है। यदि प्रखंड क्षेत्र के किसी एरिया में कोई सड़क दुर्घटना होती है तो पीड़ितों को राहत पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ललन कुमार ने कहा पुराना एम्बुलेंस कंडम हो गया। उसके बदले में एक नया एम्बुलेंस दिया गया है और ये पीएचसी है, पीएचसी में एक ही एंबुलेंस दिया जाता है वही नया बिल्डिंग में पीएचसी शिफ्ट होने पर दो एंबुलेंस दिया जाएगा।

# मधेपुरा में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला पदाधिकारी, मधेपुरा श्री विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के चिन्हित विद्यालयों में स्थापित किये जा रहे आई सी टी लैब के भौतिक सत्यापन करने हेतु संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया। आगामी बैठक में सभी वार्डेन की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु एवं सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों में बायोमेट्रिक्स मशीन के माध्यम से उपस्थिति बनाने हेतु सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित किया गया। जिले के सभी विद्यालयों के शौचालय में नल का पानी, बेसीन की सुविधा एक माह के अंदर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। इस क्रम में अतिरिक्त वर्ग कक्ष की अधियाचना संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा शि एवं सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को कक्षावार नामांकन का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अतिक्रमित भूमि जैसे हीं मुक्त कराई जाय तो वहाँ जल्द ही बाउन्ड्री का कार्य प्रारंभ कराने एवं सभी विद्यालयों के चाहरदिवारी एवं मुख्य भवन पर रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सभी संबंधितों को निदेशित किया गया।

# ईंट की ढेर से टकराई लग्जरी कार, कई बार पलटी मारने से मौके पर हुई तीन की मौत



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के चकाई देवघर सड़क मार्ग पर गोपीडीह के पास एक अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई. काफी मशक्कत के बाद मृतकों की पहचान हो सकी है. हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है और पटना के रहने वाले थे. मृतकों के नाम संतोष यादव, साहिल कुमार और गोरेलाल यादव बताया गया है, तीनों मृतक पटना के गोरिया टोली और जक्कनपुर के रहने वाले बताए गए हैं. तीनों मृतक की उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है, जो आपस में दोस्त थे. जानकारी के अनुसार, तीनों हुंडई कार में सवार होकर पटना से सोमवार के दिन में पूजा करने के देवघर निकले थे.बताया जा रहा है कि चकाई से देवघर सड़क मार्ग पर सुबह लगभग चार बजे तेज गति से जा रही कार सड़क के किनारे रखी ईंट की ढेर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर कई बार पलटी मारी. ईंट के ढेर में टक्कर लगने के बाद कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. आशंका जताया जा रहा है कि कर चला रहे युवक को नींद आई होगी जिस कारण वह सड़क के किनारे रखे ईंट के ढेर में टक्कर मार दी।इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने चंद्रमंडीह पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने लगभग 2 घंटे के मशक्कत के बाद जेसीबी और गैस कटर की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कर से तीनों शवों को बाहर निकाला और फिर चकाई रेफरल अस्पताल भेजा गया जहां मौजूद डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. तीनों मृतक के पास शिनाख्त के कागजात नहीं रहने के कारण उनकी पहचान के लिए पुलिस को काफी परेशानी उठानी पड़ी. फिर कार के नंबर के द्वारा पुलिस ने परिवार वालों को इस बारे में बताया गया।

# पुलिस ने कुमारखंड चौक से नशे की हालत में एक पियक्कड़ को किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना पुलिस ने मंगलवार को कुमारखंड चौक पर से नशे की हालत में हंगामा करते एक पियक्कड़ युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि कुमारखंड चौक पर एक युवक नशे की हालत में हंगामा कर रहा है। तत्काल पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर सुपौल जिला के किशनपुर थाना क्षेत्र के राजपुर वार्ड सात निवासी रामचंद्र राम का 26 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार नामक युवक को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पियक्कड़ को आगे की समुचित कार्रवाई के लिए मधेपुरा कोर्ट में पेश किया गया।

# देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार को लेकर मधेपुरा में खुशी की लहर, कार्यकताओं ने निकाली विजय जुलूस



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने की खुशी में मधेपुरा में एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाल कर पीएम मोदी जिंदाबाद की नारे जमकर लगाए। दरअसल देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद बीजेपी-जेडीयू सहित एनडीए के अन्य घटक दलों में खुशी की लहर है।मधेपुरा में भारी संख्या में एनडीए कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाल कर शहर में सड़क मार्च की, जहां बीजेपी जिलाध्यक्ष दीपक यादव, जदयू जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश ऋषिदेव के नेतृत्व में निकाले गए इस जुलूस में एनडीए कार्यकताओं ने एक दूसरे को जमकर अबीर-गुलाल लगाया और आपस में मिठाईयाँ बाँट कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मौजूद एनडीए के सैकड़ों कार्यकताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार और लगातार दूसरी बार मधेपुरा के सांसद चुने गए दिनेश चंद्र यादव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं इस मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव विजेंद्र यादव ने कहा कि एक तरफ जहाँ केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है तो वही मधेपुरा लोकसभा से दिनेश चंद्र यादव दूसरी बार मधेपुरा के सांसद चुने गए हैं। इस अवसर पर एनडीए के सभी साथी मिलकर विजय जुलूस निकाले हैं। साथ हीं भाजपा प्रदेश मंत्री स्वदेश कुमार ने कहा कि 62 साल बाद ऐसा अवसर आया है कि किसी व्यक्ति ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लिया है। एनडीए गठबंधन की सरकार एक बार फिर देश को विकास की दिशा देगी और भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा-जदयू सहित एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मदनी नगर वार्ड 4 में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आठ लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता



कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के मंगलवारा पंचायत स्थित मदनी नगर वार्ड नंबर 4 में मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आठ लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों पक्ष से पांच लोग को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। एक पक्ष के मोहम्मद बदरुल, दूसरा पक्ष के मोहम्मद लाखों के बीच खेत में लगे मूंग के पौधे को बकरी द्वारा चराने लेकर मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष के घायल मोहम्मद चांद ने बताया मेरे खेत में लगे मूंग के फसल को मोहम्मद लाखों का बकरी बार-बार पौधे को खा जाते बकरी को कई बार बांधने को कहे तो नहीं माने और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन, रूही खातून अन्य परिजन मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में एक पक्ष के मोहम्मद रहमान, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद बदरुल, मोहम्मद चांद आलम घायल हो गए।

वही दूसरा पक्ष के घायल मोहम्मद लाखों ने बताया मेरी बकरी एक पक्ष के मोहम्मद बदरुल के मूंग के फसल के पौधे को खाया तो बकरी के साथ मारपीट किया जब कहने गए तो एक पक्ष के मोहम्मद रहमान, मोहम्मद सज्जाद, मोहम्मद बदरुल, मोहम्मद चांद लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन और रुही खातून घायल हो गई। दोनों पक्ष के घायल को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर वरुण कुमार ने प्राथमिक उपचार कर मोहम्मद रहमान, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद लाखों, मोहम्मद शाहीन, रूही खातून को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया मारपीट की घटना हुई है इलाज के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलते ही जांच कार्यवाई की जाएगी।

# जिले में भीषण गर्मी और बढ़ते सूर्य के तपिश से बचने हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई के जिलाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा भीषण गर्मी एवं लू से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई । बैठक में आये दिन बढ़ते तापमान के कारण जन जीवन की सुरक्षा को लेकर उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए । जिलाधिकारी राकेश कुमार ने जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल में लू से प्रभावितों के ईलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस की पैकेट, आईभी फ्लूड, जीवन रक्षक दवा, आइसोलेशन वार्ड इत्यादि की विशेष व्यवस्था करने हेतु सिविल सर्जन जमुई को निदेश दिया गया । साथ ही लू से बचाव से संबंधित आईइईईइसीइ सामग्री स्थानीय स्तर पर मुद्रित का पंपलेट पोस्ट के माध्यम से प्रचार प्रसार भी कराई जाए ।कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग शिवदयाल को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर नल का जल नहीं पहुंचता हो वहां टैंकरों के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जाए तथा खराब चापाकल की मरम्मती की जाए । जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार को निदेश दिया कि भीषण गर्मी से स्कूली बच्चों को बचाने के लिए आवश्यक है कि विद्यालय या तो सुबह की पाली में ही संचालित हो अथवा गर्मी की छुट्टियां निर्धारित समय से ही पूर्व घोषित की जाए । साथ ही सभी स्कूलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं लू से बचाव हेतु प्रचार -प्रसार कराई जाए । सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं वहां पर गर्म हवाओं व लू से बचाव से संबंधित (बच्चों को समझने हेतु) सामग्री प्रदर्शित कर जनता को जागरूक किये जाने हेतु समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र पर जीवन रक्षक घोल (डफ्र) की व्यवस्था की जाए। नवजात शिशु, बच्चों मातृ एवं गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था कराई जाए । पशु और मत्स्य विभाग जमुई को निर्देश दिया कि सरकारी ट्यूबवेल के समीप अथवा अन्य सुविधा युक्त स्थान पर गड्ढा खुदवा कर पानी इकट्ठा कराई जाए ताकि पशु पक्षियों को पानी मिल सके ।

ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत तालाबों, आहर तथा पोखरों इत्यादि का खुदाई कराई जाए और इनमें पानी इकट्ठा कर पशु पक्षियों को पानी उपलब्ध कराई जा सके। मनरेगा अंतर्गत कार्य स्थल पर पेय जल तथा लू लगने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए ' पंचायत में लू चलने के दौरान क्या करें ? क्या ना करें ? का प्रचार प्रसार करने हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी जमुई को निर्देशित किया ' साथ ही गांवों में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु पंचायतों को कार्य योजना बनाने का निदेश दिया ।

उसी क्रम में श्रम अधीक्षक जमुई को लू से बचाव हेतु मजदूरों के कार्य स्थल पर पेयजल की व्यवस्था तथा लू लगने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने को निर्देशित किया । साथ ही खुले में काम करने वाले, भवन बनाने वाले तथा कल-कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के लिए पेय जल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। गर्मियों के दिनों में लू चलने से वन्य जीव भी प्रभावित होते हैं, उन सभी वन्य जीव उद्यानों तथा अभ्यारणों में गड्ढे खोदकर जल की व्यवस्था कराने हेतु वन एवं पर्यावरण विभाग को निर्देश दिया गया । जिला अग्निशमन पदाधिकारी जमुई को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी के कारण आग लगी की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है, अतः आग लगने जैसी घटनाओं से निपटने एवं उनके रोकथाम के लिए एदत विषयक विभागीय मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जाए ।

# डायट सेंटर गिद्धौर में प्रशिक्षण ले रहीं शिक्षिका सड़क दुर्घटना में घायल, दाहिना हाथ टूटा

## सड़क पार करने के दौरान टोटो ने मारी टक्कर



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ गिद्धौर:-जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं शेखपुरा निवासी 55 वर्षीय शिक्षिका सोनी लता देवी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जिसमें उनका दाहिना हाथ फ्रैक्कर हो गया। उक्त घटना के बारे में बताया गया कि बीते सोमवार की देर शाम वे गिद्धौर बाजार से खरीददारी कर वापस डायट सेंटर जा रही थीं। इसी दौरान डायट सेंटर के निकट ही रोड क्रॉस करने के क्रम में विपरीत दिशा से रतनपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टोटो ने जोरदार टक्कर मार दी। आसपास किसी के मौजूद न होने से उसी टोटो वाले ने घायल शिक्षिका को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और खुद रफूचक्कर हो गया।

जिसके बाद अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। वहीं घायल शिक्षिका के परिजनों को भी दूरभाष द्वारा घटना की सूचना दी गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री लालू का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया



प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के राजद नेता इंजीनियर नवीन निषाद के आवास परिसर में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर राजद कार्यकताओं ने सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रुप में मनाया। इस दौरान ई नवीन कुमार निषाद केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाने के साथ साथ समाज के गरीब बच्चों को भी केक खिलाकर 77वाँ जन्मदिन मनाया। वहीं इस दौरान इंजीनियर नवीन कुमार निषाद ने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव गरीब शोषित दलित वंचित पिछड़ों के मसीहा है वे सदैव इनके उत्थान के लिए चिंतित रहते हैं उन्होंने बताया कि आज देश में जो स्थिति पैदा हुई है वह समाज को बाटने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि देश में जहां चारों ओर बेरोजगारी भ्रष्टाचार का बोलबाला है वही मोदी सरकार अपने पीठ थपथपाना का काम कर रही है

हम लोगों के सामाजिक न्यायिक मसीहा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हैं तब तक इस तरह की सोच रखने वाले समाज को बांट कर राज करने वालों की मंशा पूरी नहीं होने देंगे वही इस दौरान दर्जनों लोगों और बच्चे बच्चियों उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## गठबंधन के राजधर्म

प्रधानमंत्री मोदी समेत 72 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। उसी के साथ नई केंद्र सरकार का राजधर्म आरंभ हो गया। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की विविधता और ताकत का समारोह मनाने का क्षण है। यह चुनाव आयोग, अन्य संस्थानों, कर्मचारियों और प्रक्रिया का आभार जताने का भी पल है। देश के मतदाताओं ने जनादेश दिया है। गठबंधन की यह सरकार भी लोगों की इच्छा की प्रतीक है, क्योंकि गठबंधन में ही बहुमत और राजधर्म निहित हैं। चूंकि यह गठबंधन की सरकार है, किसी एक दल के पक्ष में बहुमत का जनादेश नहीं है, तो उसके मायने ये नहीं हैं कि गठबंधन की निरंतरता और स्थिरता का ही रोना रोया जाए अथवा बहानों के लिए गठबंधन की आड़ में छिपा जाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह एनडीए-3 सरकार है और 2014 की निरंतरता में ही है। फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और सरकार की स्थिरता गठबंधन के घटक दलों के सहारे ही है। बिल्कुल ऐसा भी नहीं है, क्योंकि जब 1991 में नरसिम्हा राव सरकार बनी थी, तब कांग्रेस के 232 सांसद ही थे। सरकार पूरे पांच साल चली, यह दीगर है कि कुछ कलंक और दाग लग गए थे, जो लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। सदन में बहुमत साबित करने के लिए सांसदों को खरीदा गया था, कुछ को मंत्री पद का लालच दिया गया था। कमोबेश अब भाजपा के पास 240 सांसद हैं और कुछ निश्चित समर्थक भी हैं। बहुमत के लिए खरीद-फरोख्त की नौबत, शायद, न आए। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में हमें तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जद-यू की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्हें भी समविचारक भारत सरकार की जरूरत है, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर सके। दोनों ही दलों के राज्य गरीब और विपन्न हैं। दोनों ही राज्य कर्जदार हैं। अन्य सरकार उनकी जरूरतों को संबोधित नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राजधर्म यह है कि जब भी कोई बड़ा और गंभीर फैसला लेना हो, तो विमर्श की मेज पर सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद हों और फैसला सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। खुद प्रधानमंत्री ऐसी भावना व्यक्त कर चुके हैं। गठबंधन सरकारों के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह भी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल बखूबी निभाए। डॉ. मनमोहन सिंह तो 10 साल तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री रहे। दूरसंचार, पेंशन, सरकारी घाटे पर लगाम कसने की व्यवस्था, बिजली और बीमा क्षेत्र के कई बड़े सुधारवादी फैसले वाजपेयी सरकार के दौरान लिए गए। मनमोहन सरकार के दौरान अमरीका के साथ असैन्य परमाणु करार जैसे संवेदनशील फैसले के अलावा मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनिवार्य-मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, सूचना के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून आदि पारित कराए गए। इनके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों को बाजार के हवाले करने सरीखे बड़े फैसले भी लिए गए। चूंकि अब भाजपा अल्पमत में है, लिहाजा एनडीए की गठबंधन सरकार, गठबंधन धर्म और मोदी सरकार के राजधर्म की अग्निपरीक्षा का यह दौर है। हालांकि हमें कोई बड़ा संकट या राजनीतिक दरारों के हालात नहीं लगते, क्योंकि आर्थिक विकास और आर्थिक सुधारों के पक्षधर चंद्रबाबू नायडू और

## अब भी बरकरार है हर पुराना खतरा

राकेश अचल

देश में आम चुनाव हो गए। गठबंधन की नयी सरकार बन गयी। विभागों का वितरण भी हो गया। छत्तीसगढ़ में हिंसा भी हो गयी, और सबसे बड़ी बात की जिस मणिपुर की हिंसा पर प्रधानमंत्री आजतक नहीं बोले उसके बारे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अधिनायक डॉ मोहन भागवत भी बोल गए। इस सबके बावजूद असली बात ये है कि चुनाव से पूर्व देश जिन खतरों का समान कर रहा था, वे सब आज भी बरकरार हैं।

आप गौर से देखें तो ये नई सरकार अल्पमत की और गठबंधन की सरकार जरूर हैं लेकिन इसका केवल नाम बदला हैं, काम नही। नई सरकार के हाथों में आज भी वे सब हथियार और सिपाहसालार हैं जो चुनाव से पहले आपके मंगलसूत्र के लिए खतरा बता रहे थे। आपकी भैंस खोले जाने का हौवा खड़ा कर रहे थे। हिन्दू-मुसलमान और धर्म के आधार पर आरक्षण को रोकने की बात कर रहे थे। यानि हौवा भी मौजूद हैं और हौवा खड़े करने वाले भी।

गठबंधन कि सरकार में ईडी और सीबीआई जैसे हिंसक चौपाये अभी भी गठबंधन कि अगुवाई कर रही भाजपा के पास हैं। यानि विपक्ष को कुचलने और परेशान करने के सारे औजार भाजपा ने अपने हाथों में रखे है। सहयोगी दलों को उन्हें छूने भी नहीं दिया, क्योंकि मुमकिन हैं कि आने वाले कल में इन हथियारों का इस्तेमाल भाजपा को अपने गठबंधन के साथियों के खिलाफ ही करना पड़े ! अतीत में भाजपा ने ऐसा किया भी हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिस हिकमत अमली से नए मंत्रियों को विभागों का वितरण किया हैं उससे साफ जाहिर हैं कि उनकी निगाहें कहीं और निशाना कहीं और हैं। माननीय का देश को कांग्रेस विहीन करने का सपना अभी मरा नहीं हैं बल्कि शीतनिन्द्रा में चला गया हैं। जैसे ही आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों कि घोषणा होगी इस सरकार के छिपे हुए नाखून फिर से बाहर निकल आएंगे। आपको पता हैं न कि नाखून छिपाने की कला केवल हिंसक प्रवृत्ति के जानवरों में होती हैं, भले ही वे जंगली जानवर हों या पालतू।

आपको भूलना नहीं चाहिए कि भाजपा 365 दिन, 24 घंटे चुनावी मोड में रहने वाली पार्टी हैं। इसलिए ये पार्टी अपना 2029 और 2047 तक का सपना पूरा करने के लिए आने वाले दिनों में क्या कुछ करेगी, कहना कठिन हैं। मै तो मश्विरा दूंगा कि नयी सरकार में इतने सारे विभागों के साथ एक पृथक विभाग चुनावों का होना चाहिये। इसका प्रभार माननीय प्रधानमंत्री खुद अपने पास रखें। इस विभाग के लिए बजट के साथ ही चुनाव केयर फंड भी बनाया जाना चाहिए प्रधानमंत्री केयर फंड की तरह। इस तरह के फंड का कोई हिसाब-किताब न रखना पड़ता हैं और न देना पड़ता हैं। और यदि गिरीश मुर्मू जैसा सीएजी हो तो इसकी जांच भी कोई नहीं कर सकता।

बहरहाल बात चल रही थी उन खतरों की जो बरकरार है। पहला खतरा संविधान पर ही हैं। माननीय ने भले ही संसदीय दल, गठबंधन और सदन का नेता चुने जाने से पहले संविधान की प्रति को माथे से लगाया था लेकिन देश में शायद ही किसी को इस बात पर यकीन हो कि नयी सरकार संविधान की कसम खाकर सबके साथ सबका विकास करेगी। नई सरकार में देश कि 20 करोड़ की मुस्लिम आबादी का कोई प्रतिनिधि नहीं है। माननीय राष्ट्रपति चाहें भी तो इस समाज के किसी प्रतिनिधि को सदन में नामजद कर उसे मंत्री बनाने के लिए भी नहीं कह सकतीं। उनके हाथ बंधे हैं। यानी भाजपा हिन्दू राष्ट्र तो नहीं बना सकी लेकिन उसने देश को एक हिन्दू सरकार जरूर दे दी, जिसमें भाजपा की दुश्मन नंबर दो मुसलमान बिरादरी नहीं है। भाजपा की दुश्मन नंबर एक तो कांग्रेस हैं, जो बीते दस साल में मर कर भी नहीं मर रही। हर चुनाव के बाद दोगुने उत्साह से खड़ी हो जाती है। भले ही सत्ता उसके लिए अभी भी कोसों दूर हैं सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत का बयान हैं जो उन्होंने नई सरकार को समझाइश बतौर दिया हैं। डॉ मोहन भागवत की भागवत को भाजपा पहले ही सुनने से इंकार कर चुकी है। चुनावों के बीच में ही भाजपा अध्यक्ष माननीय जेपी नड्डा जी ने अपने श्रीमुख से कहा था कि भाजपा को संघ की जरूरत नहीं हैं। उन्होंने एकदम सही कहा था। भाजपा को भले संघ की जरूरत न हो किन्तु संघ को तो भाजपा कि जरूरत है। संघ ने तो आजतक नहीं कहा कि उसे भाजपा की जरूरत नहीं हैं? संघ प्रमुख शंकराचार्य की मुद्रा में नयी सरकार को सीख दे रहे हैं कि नई सरकार जलते मणिपुर को देखे। विपक्ष को प्रतिपक्ष समझे। डॉ भागवत ने भाजपा को बेनकाब करते हुए मुजाहिरा किया हैं कि इस बार भी हमने अपने लोकमत जागरण का काम किया है. वास्तविक सेवक मयार्दा का पालन करते हुए चलता है. अपने कर्तव्य को कुशलता पूर्वक करना आवश्यक है.लेकिन क्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के असली शांकराचार्यों की बात न मानने वाले लोग संघ के शंकरचार्य की बात मानेंगे?

चूंकि मै अविनाशी नहीं हूँ इसलिए मेरे पास कोई तीसरा नेत्र नहीं हैं, किन्तु मेरे पास एक अंतर्चेतना हैं जो मुझे आगाह करती है। मुझे लगता हैं कि जिस तरह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी, उनकी भाजपा ने अपना एजेंडा नहीं बदला हैं उसी तरह संघ ने भी अपना एजेंडा नहीं बदला हैं। डॉ भागवत ने कहा, हजारों वर्षों से जो पाप हमने किया, उसका प्रायश्चित करना होगा। भारतोद्भव जो लोग हैं, उनसे मिलना आसान है क्योंकि इसकी एक ही बुनियाद है। वही यम नियमात्मक आचरण का पुरस्कार सर्वत्र है। पैगंबर साहब का इस्लाम क्या है, सोचना पड़ेगा? ईसा मसीह की ईसाइयत क्या है सोचना पड़ेगा? भगवान ने सबको बनाया है। भगवान की बनाई जो कायनात है

# देखना है गठबंधन के कितने दबाव में काम करते हैं मोदी?

अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। वैसे शपथ ग्रहण की रात में भारत ने टी20 विश्व कप 2024 में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ ही टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बना दिए। यह जीत एक तरह से नई सरकार का स्वागत ही मानी जाएगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना अजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा। हालाकि पाकिस्तान में ये काम चल रहा है। काफी समस ये वहां रह रहे भारत विरोधी आंतकियों को चुन- चुन कर कत्ल किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता वापस में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी। लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते है। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल हैं।





**अशोक मधुप**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्रीपद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है। हालाकि 2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और उसे सत्ता में बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। वैसे शपथ ग्रहण की रात में भारत ने टी20 विश्व कप 2024 में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ ही टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड बना दिए। यह जीत एक तरह से नई सरकार का स्वागत ही मानी जाएगी।

चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना अजेंडा बताते रहे हैं किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा। हालाकि पाकिस्तान में ये काम चल रहा है। काफी समस ये वहां रह रहे भारत विरोधी आंतकियों को चुन- चुन कर कत्ल किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता वापस में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी। लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते है। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल हैं। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। ।नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए ह्यमोदी की गारंटीह्ण पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। मोदी ने आयुष्मान भारत के तहत प्रदान की जाने वाली मुफ्त स्वास्थ्य सेवा तक अभूतपूर्व पहुंच पर जोर दिया। भाजपा के 2024 के घोषणापत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नही होगा और यह सरलता से लागू हो जाएगा।

चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपहसालार कहते घूमते रहे हैं कि सरकार बनी तो पाक अधिकृत कश्मीर पर भारत का कब्जा होगा। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता हरियाणा के रोहतक में व्यापारियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि कि आने वाले दो-तीन साल में किसी भी क्षण पाक अधिकृत कश्मीर भारत में शामिल हो सकता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक बयान में पीओके को लेकर भारत के दावे को दोहराया था। सेरामपुर पश्चिम बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। योगी आदित्यनाथ तो सबसे आगे बढ़ गए। चुनाव के बाद के मोदी जी को तीसरे कार्यकाल पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज पाकिस्तान के लिए पीओके को भी बचाना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने दीजिए, अगले छह महीने के अंदर ह्यपाक अधिकृत कश्मीरह्ण भारत का हिस्सा होगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हमें 400 सीट इसलिए चाहिए ताकि पीओके ले सकें। भाजपा के सिपहसालार की पाक अधिकृत कश्मीर पर चुनाव प्रचार के दौरान कब्जे की बात करते रहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर चुप्पी साधे रखी। किंतु कांग्रेस के मणिशंकर अय्यर, और जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला के ये कहा कि भाजपायी पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान ने चूड़ी नही पहन रखी। पाकिस्तान के पास एटम बम है। अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मसले पर चुप्पी साधे थे। किंतु पाकिस्तान ने चूडी नही पहन रखीं, पर उन्होंने जरूर कहा कि कांग्रेसी और कुछ विपक्षी नेता कह रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ी नही पहन रखीं तो उसे पहना दी जाएंगी। प्रधानमंत्री के इस कथन से साफ होता है कि उनके सिपहसालारों के पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की घोषणा उनकी अपनी नही है। यह कहीं केंद्रीय नेतृत्व में पक रहा है और नई सरकार बनने पर वह इस पर कार्रवाई कर सकता है। इतना सब होने के बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते है। क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके है। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे है। क्योंकि अन्य विपक्षी दल चाहे वह कांग्रेस हो या फिर आरजेडी दोनों ही इस जातिगत जनगणना की मांग कर रही है। हालाकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस : बाल-श्रम की अंधी गलियों में बेहाल बचपन कब तक?

बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पहल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने की थी, जिसका मकसद बाल श्रम को रोकना था। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की आधिकारिक थीम है– ह्यआइए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें–बाल श्रम समाप्त करें! यह दिन जागरूकता बढ़ाने, परिवर्तन की वकालत करने तथा बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। मालूम हो कि इसको मनाने के पीछे एक खास वजह यह थी कि बच्चों को मजदूरी न कराकर उनको स्कूलों की ओर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मालूम हो कि बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज बाल श्रम के कारण नशे, अपराध एवं जटिलताओं की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 12–14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते, गारा उठाते, या खाना परोसते देखते हैं





**ललित गर्ग**
**लेखक शिक्षाविद है**

पूरी दुनिया में बाल श्रम एक ज्वलंत समस्या है, कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पहल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने की थी, जिसका मकसद बाल श्रम को रोकना था। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की आधिकारिक थीम है- ह्यआइए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें-बाल श्रम समाप्त करें!ह्ण यह दिन जागरूकता बढ़ाने, परिवर्तन की वकालत करने तथा बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

मालूम हो कि इसको मनाने के पीछे एक खास वजह यह थी कि बच्चों को मजदूरी न कराकर उनको स्कूलों की ओर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मालूम हो कि बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज बाल श्रम के कारण नशे, अपराध एवं जटिलताओं की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते, गारा उठाते, या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर ह्यहमें क्या लेना हैह्ण या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। बचपन से जुड़ी इस त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण के लिये, बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, पिछले दो दशकों से पूरी दुनिया में बाल श्रम को कम करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान संघर्षों, संकटों और कोरोना महामारी ने विश्व में कई परिवारों को गरीबी में धकेल दिया है, जिसके कारण लाखों बच्चों को बाल श्रम के लिए मजबूर होना पड़ा है। आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। आज दुनिया में 160 मिलियन बच्चे अभी भी बाल श्रम में लगे हुए हैं। यह दुनिया भर में लगभग दस में से एक बच्चा है। बाल श्रम के मामले में अफ्रीका सभी क्षेत्रों में सबसे ऊपर है। अफ्रीका और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दुनिया भर में बाल श्रम में लगे हर दस बच्चों में से लगभग नौ बच्चे बाल-श्रमिक हैं। शेष बाल श्रमिक आबादी अमेरिका (11 मिलियन), यूरोप और मध्य एशिया (6 मिलियन) और अरब राज्यों (1 मिलियन) में विभाजित है। जबकि बाल श्रम में बच्चों का प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में सबसे अधिक है, वास्तव में उनकी संख्या मध्यम आय वाले देशों में अधिक है। निम्न-मध्यम आय वाले देशों में 9 प्रतिशत बच्चे और उच्च-मध्यम आय वाले देशों में 7 प्रतिशत बच्चे बाल श्रम में हैं।

पिछले कुछ वर्षों में बाल श्रम को कम करने में बहुत प्रगति हुई है, हाल के वर्षों में वैश्विक रुझान उलट गए हैं और अब पहले से कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई में तेजी लाने के लिए मिलकर काम किया जाए। 2022 में बाल श्रम के उन्मूलन पर 5वें वैश्विक सम्मेलन के बाद प्रतिनिधियों द्वारा अपनाई गई डरबन कॉल टू एक्शन रास्ता दिखाती है। अब बाल श्रम के उन्मूलन को वास्तविकता बनाने का समय आ गया है। मालूम हो कि बाल श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई छोड़कर मजबूरी में मजदूरी का रास्ता चुनना पड़ता है। हालांकि, कई बच्चों को अपराध रैकेट द्वारा बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। भारत की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार तो लगभग 5 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। इन बाल श्रमिकों में से 19 प्रतिशत के लगभग घरेलू नौकर हैं, ग्रामीण और असंगठित क्षेत्रों में तथा कृषि क्षेत्र से लगभग 80 प्रतिशत जुड़े हुए हैं। शेष अन्य क्षेत्रों में, बच्चों के अभिभावक ही बहुत थोड़े पैसों में उनको ऐसे ठेकेदारों के हाथ बेच देते हैं जो अपनी व्यवस्था के अनुसार उनको होटलों, कोठियों तथा अन्य कारखानों आदि में काम पर लगा देते हैं। उनके नियोक्ता बच्चों को थोड़ा सा खाना देकर मनमाना काम कराते हैं। 18 घंटे या उससे भी अधिक काम करना, आधे पेट भोजन और मनमाफिक काम न होने पर पिटाई यही उनका जीवन बन जाता है।

केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीड़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्जी के अनुसार करने होते हैं। इन समस्त कार्यों के अतिरिक्त कूड़ा बीनना, पोलीथिन की गंदी थैलियाँ चुनना, आदि अनेक कार्य हैं जहाँ ये बच्चे अपने बचपन को नहीं जीते, नरक भुगतते हैं परिवार का पेट पालते हैं। इनके बचपन के लिए न माँ की लोरियां हैं न पिता का दुलार, न खिलौने हैं, न स्कूल न बालदिवस। इनकी दुनिया सीमित है तो बस काम काम और काम, धीरे धीरे बीड़ी के अधजले टुकड़े उठाकर धुआं उडाना, यौन शोषण को खेल मानना इनकी नियति बन जाती है। इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं? बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइट्स और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में सार्थक पहल की है। बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और बाल-श्रमिक एवं अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। ऐसा न हो इसके लिए आवश्यक है

# मोदी कैबिनेट के 71 मंत्रियों में कांस्टेबल से लेकर अध्यापक तक

डॉ श्रीगोपाल नारसन–

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में 9 जून की शाम 7.15 बजे 71 मंत्रियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई हैं। उससे पहले नरेंद्र मोदी ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वे अटलजी की समाधि और नेशनल वॉर मेमोरियल गए। नरेंद्र मोदी को जवाहर लाल नेहरू की बराबरी पर लाने के लिए कुछ लोग प्रचारित कर रहे है किनेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बने मोदी !जबकि यह पूरी तरह गलत है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत में 4 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने सन1947, 1952, 1957व1962 में प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया। इसके बाद श्रीमति इंदिरा गांधी ने 3 बार प्रधान मंत्री पद की शपथ सन 1967, 1971, व 1980 में ली थी। अटल बिहारी वाजपेई ने भी 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 1996, 1998, 1999 में ली थी। जिसके बाद नरेंद्र मोदी ने पहली बार 2014, दूसरी बार 2019 और अब तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ ली है। मोदी ने जिन्हें मंत्री बनाया उन्हें अपने आवास पर चाय पर बुलाया था। इन नए मंत्रियों में अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला रमण, जयशंकर, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, कुमारस्वामी, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अर्जुन राम मेघवाल आदि शामिल है। उत्तर प्रदेश से 8 मंत्री बनाये गए है, जबकि उत्तराखंड से अल्मोड़ा सुरक्षित से अजय टम्टा को मंत्री बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह, अपना दल (एस) प्रमुख अनुप्रिया पटेल, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, पीलीभीत से सांसद जितिन प्रसाद, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, महाराजगंज से सांसद पंकज चौधरी, आगरा से सांसद एसपी सिंह बघेल और बांसगांव से सांसद कमलेश पासवान शामिल हैं। मोदी मंत्रिमंडल में कुछ नाम एकदम चौंकाने है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लोगों को चौका दिया है। इनमेंनवसारी सीट से 7.77 लाख वोटों के अंतर से जीतकर आए सीआर पाटिल को मोदी मंत्रिमंडल में जगह दी गई हैं।

पाटिल भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष हैं। सीआर पाटिल का जन्मड महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ था। पाटिल 2009 के चुनाव से पहली बार नवसारी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2014, 2019 और 2024 के चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से बंपर जीत हासिल की। पाटिल की जीत का अंतर हर चुनाव में बढ़ जाता है। यही उनके मंत्री बनने का आधार बना है। मोदी के करीबी नेताओं में गिने जाने वाले सीआर पाटिल ने आईटीआई करने के बाद गुजरात पुलिस बल में कांस्टेबल की नौकरी भी की थी। सन 1984 में नौकरी छोड़ खुद का बिजनेस शुरू किया। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हो गए। सन 1989 में भाजपा में शामिल हुए। दक्षिण गुजरात में भाजपा की मजबूती का श्रेय पाटिल को दिया जाता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
नई दिल्ली, बुधवार, 11 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भारत नेपाल सीमा से 176 बोतल नेपाली शराब जब्त

बेतिया(घनश्याम) ।भारत नेपाल सीमा के खम्हिया गांव के समीप इनरवा पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह नेपाली शराब को जब्त किया है. हालांकि पुलिस को देख कारोबारी फरार होने में सफल हो गया. थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि नेपाल से शराब की खेप खम्हिया बॉर्डर के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है. थानाध्यक्ष ने सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर 176 बोतल नेपाली कश्तूरी शराब को जब्त कर लिया. इधर कांड संख्या 65/24 अंकित कर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### प्रेम प्रसंग में अपहृत लड़की रक्सौल से बरामद

बेतिया(घनश्याम) ।इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रेम प्रसंग के मामले में अपहृत लड़की को रक्सौल से बरामद कर लिया गया है. थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की बरामद की गई लड़की को 164 के बयान पर मेडिकल जांच की लिए भेज दिया गया है. वही अपहरणकर्ता अलाउद्दीन उर्फ अंगूर मियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इधर बताते चले कि अपहृत पीड़िता के पिता विगत 2 जून को इनरवा पुलिस को आवेदन देकर बताया की शादी के नियत से मेरी लड़की की अपहरण कर लिया गया है. भंगहा थाना क्षेत्र के जब्दी निवासी अलाउद्दीन उर्फ अंगूर मियां, सलाउद्दीन मियां, कलामुद्दीन मियां, शेर मोहम्मद मियां और ताजमहम्मद मियां पर प्राथमिकी दर्ज करायी थी.

### कार्यकताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का 77 वां जन्मदिन

बेतिया(घनश्याम) ।मैनाटांड प्रखंड स्तिथ राजद कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77 वां जन्मदिवस सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में केक काटकर मनाया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा देश के करोड़ों गरीब शोषित वंचितों की आवाज लालू यादव के जन्मदिवस पर खासकर अति पिछड़ी, पिछड़ी, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों में काफी हर्षोल्लास है. लोग लालू प्रसाद यादव के दीघार्यु की कामना कर रहे हैं. मंगलवार को रमपूरवा में लालू जी का जन्म दिवस पर शोषित कमजोर और गरीब परिवारों के बीच केक बांट कर मनाया गया है. लालू प्रसाद एक व्यक्ति नहीं एक ऐसी विचार हैं. जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोग शोषित और वंचित समाज के लोगों की आवाज है. मौके पर विनोद यादव, विकास कुमार यादव, उप प्रमुख खुर्शीद आलम, रितेश यादव, यमुना यादव, सुरेंद्र दास, खोभारी यादव आदि दार्जनाधिक कार्यकर्ता मौजूद रहें

### विद्यालयों के बंद होने पर शिक्षकों व अभिभावकों ने ली राहत की सांस

जलालपुरेप्रखंड सहित राज्य के सभी विद्यालयों को बढती गर्मी व ऊष्ण लहर के कारण एक सप्ताह 17 जून तक सरकार द्वारा बंद कर दिए जाने पर अभिभावको व शिक्षको ने राहत की सांस ली हैक ई अभिभावको ने बताया कि हमारे बच्चे बिना खाए पिए सुबह 6.30 मे स्कूल चले जाते हैं तथा छुट्टी के बाद ठीक बीच दोपहर मे घर आते हैंइससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैउनके स्वास्थ्य की शिकायतें जैसे बुखार, चक्कर आना, मुर्छित होने के लक्षण से चिकित्सकों के पास दौड़ना पर रहा हैं अब स्कूल बंद हो जाने से वे कड़ी धूप से बचेंगेवहीं शिक्षकों के लिए भी इस बार विद्यालय बंद हो जाने से शिक्षक भी प्रसन्न नजर आ रहे है क ई महीनो बाद उन्हे एक सप्ताह की छुट्टी मिली हैक ई शिक्षकों ने बताया कि एक सप्ताह की छुट्टी मिलने से भीषण गर्मी व लू मे बड़ी राहत मिली है

### तुषार रंजन नेआईआईटी में सफलता हासिल कर बढाया मान सम्मान



छपरा कार्यालय। स्थानीय कामता सखी मठ प्रभूनाथ नगर निवासी सेवानिवृत जिला उप शिक्षा निदेशक प्रमोद रंजन सिन्हा के पौत्र तुषार रंजन ने देश के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा आईआईटी क्व्ळ खएए ट्रंल्लर 99.73% परसेंटाइल के साथ क्वालीफाई किया, तुषार रंजन के इस सफलता पर पूरे मुहल्लेवाशियों में हर्ष हैं, सभी लोग तुषार के सफलता पर आश्चर्यचकित हैं, तुषार को इस अद्भुत कृतिमान के लिए बारंबार बधाई और शुभकामनाएं, दे रहे हैं, तुषार ने अपने सफलता का श्रेय अपने दादा जी को और अपने गुरुजनों को दिया,आपको बता दे की तुषार बचपन से ही पढ़ने में काफी मेघावी था, इसके पिता जी सुशांत रंजन भी पटना में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है।

# एचआईएमएस पोर्टल पर अपलोड करें संस्थागत प्रसव का डाटा

- नियमित टीकाकरण एवं परिवार नियोजन की रिपोर्ट 2 तारीख तक दें, निजी नर्सिंग होम व क्लीनिक - अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार
- जिले के 10 प्राइवेट रजिस्टर्ड अस्पतालों का हुआ निबंधन

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) । एचआईएमएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए सभी प्राइवेट नर्सिंग होम की बैठक डब्लू एचओ के कार्यालय में आयोजित की गई। जिले के संस्थागत प्रसव परिवार नियोजन और नियमित टीकाकरण का डाटा प्रतिवेदन स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराने के लिए लेकर प्राइवेट इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीकांत दुबे ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम से कहा गया कि सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति दृढ़ संकल्प है, इसीलिए प्राइवेट संस्थानों से आग्रह किया गया कि वह संस्थागत प्रसव ,परिवार नियोजन एवं नियमित टीकाकरण का प्रतिवेदन हर माह के 2 तारीख तक प्रस्तुत करें अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी विनय कुमार नेह्लएचआईएमएस पोर्टलह्ल के फॉर्मेट की विस्तृत जानकारी दिया गया।जिला टीकाकरण पदाधिकारी ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का नियमित टीकाकरण नहीं हो पा रहा है, उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग से विभिन्न इंडिकेटर में डाटा अपलोड करने के लिए ह्लएचआईएमएस पोर्टलह्ल लॉन्च किया गया है, उक्त मीटिंग में 10 प्राइवेट हॉस्पिटल (जिनका आईडी पहले से बना है)

भारत सरकार के पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करने पर जिले की उपलब्धि होगी बेहतर

जिला अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार सिँह बताया की स्वास्थ्य विभाग से निबंधित सभी नर्सिंग होम व क्लिनिक को आईडी पासवर्ड बना कर उपलब्ध करा दिया जायेगा ताकि प्रत्येक माह होने वाले प्रसव की संख्या एंव परिवार नियोजन की दिए जाने वाले सेवाओं को एचआईएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। पीएसआई डीसी ने बताया की रिपोर्टिंग करने मे सावधानी बरतनी होंगी। सही संख्या व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करनी है। प्रत्येक माह की 05 तारीख तक रिपोर्ट अपलोड कर देना है। ताकि उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर मातृ व शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाया जा सके।अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार ने विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया साथ हीं भारत सरकार के द्वारा बनाये गये पोर्टल एचएमआईएस पर डाटा को कैसे एंट्री करना है एक एक बिन्दु को सरलता पूर्वक समझाया गया एंव प्रत्येक इंडिकटर के महत्व को बताया।बैठक में मौके पर पीएसइंडिया ,डब्लूएचओ , पिरामल स्वास्थ्य चाय संस्था के प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित थे।

## 01 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून को लेकर बगहा पुलिस जिला के पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। आगामी 01 जुलाई से लागू हो रहे तीन नए अपराधिक कानूनों की जानकारी देने को लेकर सोमवार को पुलिस सभागार भवन बगहा - 02 में बगहा पुलिस जिले के पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 को 1 जुलाई से लागू किया जाना है।

पुलिस मुख्यालय के द्वारा तीन नये आपराधिक कानूनों पर आयोजित त्रि दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के अलावे पुलिस उपाधीक्षक (मुड्ड), पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहें।जिसमें यह बताया गया कि कानून की धाराओं में कुछ बदलाव किए जा रहे है। कई धाराओं को हटाया गया है। जिन धाराओं की आवश्यकता है वे ही कार्य मे लाये जाएंगे। इसे लेकर बगहा पुलिस भी नए कानून को बेहतर तरीके से समझ रही है। ताकि इसे कार्य क्षेत्र में अच्छी तरह से उपयोग में लाया जाए। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि कानून ने कुछ बदलाव किए गए हैं। जो 1 जुलाई से लागू होंगे। इससे पूर्व ही बगहा पुलिस जिले के पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कुछ धाराओं को नए नाम भी दिए गए हैं। कुछ अपराध सजा बढ़ाई गई है तो कुछ में कम की गई है।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण तीन दिवसीय चलेगा।जिसमें बगहा पुलिस जिला के सभी स्तर के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के दूसरे दिन यानी मंगलवार को पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।एसपी ने कहा कि नए कानून में डिजिटल साक्ष्य पर विशेष जोड़ दिया गया है।एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नए कानूनों को अच्छे से समझ लें। आपके लिए धाराओं को जानना बहुत जरूरी है। इसे प्राथमिकता के रूप में लें।एसपी ने बताया कि अब सीसीटीएनएस को बहुत जल्द आईसीजेएस से जोड़ दिया जाएगा। यानी पुलिस अब पूरी तरीके से डिजिटल होगी। अनुसंधानकताओं को लैपटॉप और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे उनके समय की भी बचत होगी।अनुसंधान करने में भी काफी सहूलियत मिलेगा साथ ही साथ अनुसंधान भी ऑनलाइन तरीके से होगा।वहीं, वादी के बयान में या पीड़ित के बयान में किसी तरह की छेड़छाड़ भी नहीं हो पाएगी।मौके पर एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, यातयायत डीएसपी दिलीप कुमार सहित तमाम थानाध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## वाहन जांच अभियान तेज, चौतरवा पुलिस ने वसुला 22 हजार रुपये की जुमार्ना : थानाध्यक्ष

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना पुलिस असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों के साथ ही बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाने के लिए वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। ताकि असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा सकें। वाहन जांच अभियान को तेज करते हुए चौतरवा पुलिस ने मंगलवार को एन एच 727 मुख्य मार्ग के परसौनी, बसवरिया, चौतरवा चौक समेत विभिन्न जगहों पर धंटों वाहन जांच अभियान चला कर 22 हजार रुपये की जुमार्ना वसुल किया है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में नियमित व सुचारू रुप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब इन्स्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में धंटों वाहन जांच अभियान चलाई गई। उन्होंने बताया कि असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाने, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाते हुए असमाजिक तत्वों व शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा कसें।उन्होंने बताया कि वाहन जांच के क्रम में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए शराब धंधेबाजों के विरुद्ध चौतरवा थाना पुलिस मुहिम छेड़ रखी है। ताकि असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाई जा सकें। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान हेलमेट, इंशोरेंश, लाईसेंस समेत विभिन्न प्रकार की कागजातों की सत्यापन की गई। तथा बाईक की कागजात नहीं होने पर चालकों से जुमार्ना वसुल की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच से चोरी पर लगाम लगेगी, तथा बाईक चोर भी पुलिस की गिरप्त में रहेंगे। उन्होंने सड़क सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों की पालन करने की अपील वाहन चालकों से की। चौतरवा पुलिस की वाहन जांच अभियान चलाने से वाहन चालकों में हडकंप मच गया है।

## 04 अभियुक्त गिरफ्तार, 36.88 लीटर देशी शराब, एक मोटरसाईकिल बरामद



- बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच में 81,500 रुपए का लगाया गया जुमार्ना

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला में सोमवार को विगत 24 घंटा में 04 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है ।कुल-06 वारंट का निष्पादन किया गया है,जिसमें जमानतीय 04 तथा अजमानतीय 02 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने दिया ।उन्होंने बताया कि भितहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।ठकराहा थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बगहा थाना द्वारा वारंट में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 36.88 लीटर देशी शराब,01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया ।एसपी ने आगे बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-28,000, रामनगर थाना द्वारा-23,500, धनहाँ थाना द्वारा-12,000, पटखौली थाना द्वारा-7,000, बगहा थाना द्वारा-6,000 चौतरवा थाना द्वारा-5,000,इस प्रकार कुल 81,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया ।वही मंगलवार को पुलिस अधीक्षक,बगहा के निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गस्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंक, बाजार एवं वाहन इत्यादि की चेकिंग की गई।

## जिलाधिकारी ने नगर निकायों के साथ की बैठक

- पेय जल, साफ सफाई, योजनाओं के क्रियान्वयन, मानसून पूर्व तैयारी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था आदि को लेकर की समीक्षा, दिया महत्वपूर्ण निदेश



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज अपने कार्यालय वेश्म में जिला के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। वर्तमान में जारी हीट वेब की स्थिति को लेकर पेयजल की व्यवस्था के प्रति सभी को संवेदनशील रहने को कहा गया। नल जल एवं चापाकलों से संबंधित शिकायत/समस्या के निवारण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित कर इसका दूरभाष संख्या को सार्वजनिक करने को कहा गया। नगर क्षेत्र के सभी उपयुक्त एवं आवश्यक स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पर्याप्त संख्या में टैंकर की भी व्यवस्था रखने को कहा गया जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार करने को कहा गया। पेयजल हेतु निर्मित टंकी की सफाई कराने को कहा गया। सभी वार्डों के पेयजल के नमूने को संग्रहित कर पीएचईडी के सहयोग से इसके गुणवत्ता की जाँच सुनिश्चित कराने को कहा गया। नगर क्षेत्र में साफ-सफाई कार्य मे लगे कर्मियों के संदर्भ में जानकारी ली गई। कचरे के निस्तारण हेतु जिन नगर निकायों में लैंडफिल साइट चिन्हित नहीं हुआ है, वहाँ के लिये अंचलाधिकारी के सहयोग से जमीन चिन्हित करने का निदेश सभी कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया।

मॉनसून पूर्व तैयारी के तहत नगर क्षेत्र के सभी नाले एवं नालियों की उड़ाही एवं साफ सफाई 15 जून तक सुनिश्चित कराने को कहा गया।

योजनाओं के क्रियान्वयन के संदर्भ में प्रत्येक नगर निकाय में स्थानीय आवश्यकता एवं परिस्थितियों के आधार पर ऐसी कम से कम 5 योजनाओं की प्लानिंग करने को कहा गया जिससे स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन में सहूलियत हो सके। इसमें पार्क, प्ले ग्राउंड,पुस्तकालय, घाट का निर्माण/सौंदर्यीकरण, बाजार का सौंदर्यीकरण, वेंडिंग जोन का निर्माण, सम्राट अशोक भवन का निर्माण, वाक वे, वृहत वृक्षारोपण आदि जैसी योजनाओं के लिये स्थानीय आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुरूप पहल करने को कहा गया।

बैठक में परिक्ष्यमान सहायक समाहर्त्ता सहित विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रचंड गर्मी से डायरिया मरीजों में हो रहा है इजाफा, सदर अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह अलर्ट

सिविल सर्जन डॉक्टर सागर दुलार सिंहा ने कहा गर्मी का ज्यादा असर बच्चों और बड़े बुजुर्गों पर

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा । प्रचंड गर्मी को लेकर जिला में डायरिया का प्रकोप बढ़ने लगा है, और अस्पताल में डायरिया के मरीज में इजाफा होने लगा है । प्राप्त जानकारी के अनुसार रिविलगंज के गोदना में वार्ड संख्या 15 एवं 16 में डायरिया मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिला के लिए बनाए गए स्पेशल वार्ड में डायरिया से प्रभावित मरीजों को भर्ती कराया गए हैं ' मिली जानकारी के मरीजों की संख्या लगभग दो दर्जन होने की खबर हैं । भीषण गर्मी के कारण जिला के कई प्रखंडों में डायरिया से लोग प्रभावित हो रहे हैं । डायरिया से प्रभावित मरीज ग्रामीण इलाकों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सदर अस्पताल तक लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं । हालांकि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खास कर सदर अस्पताल में इसकी मुकम्मल व्यवस्था की गई है ' भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार द्वारा 11 जून से 15 जून तक सभी शिक्षण संस्थानों को भी बंद कर दिया गया है, जिससे स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने राहत की सांस ली है ' डायरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है । जिला के ललहादपुर, तरैया, गरखा,एवं नगर पंचायत रिविलगंज में डायरिया प्रभावित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सदर अस्पताल पूरी तैयारी में है ' सदर अस्पताल में डायरिया से प्रभावित मरीजों का इलाज चल रहा है, उन में सीमा देवी,दीपाली,देव कुमार मांझी,सृष्टिकुमारी, ऋषभ कुमार मांझी, जयंती देवी, चन्दन कुमार, राधेश्याम, वंदना कुमारी, रिया कुमारी, अरविंद माझी, रामनाथ राय, गिरिजा कुमारी,प्रिया देवी, सविता कुमारी,अनुष्का, छोटू कुमार, शंभू, माला कुमारी तथा मुस्कान आदि का नाम शामिल है ' वहीं मौसम में बदलाव के कारण प्रचंड गर्मी से लू प्रकोप बढ़ने से लोग प्रभावित हो रहे हैं ' इस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने कहा है कि गर्मियों के कारण घर के बुजुर्गों की त्वचा खराब होने की संभावना बढ़ जाती है, फलस्वरूप संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है । चिकित्सकों के अनुसार सरकारी अस्पताल में डायरिया की बेहतर इलाज की व्यवस्था है । मिली जानकारी के अनुसार डायरिया से अब तक तीन लोगों की अपनी जान गंवानी पड़ी है ' प्रचंड गर्मी से बढ़ रहे डायरिया के प्रकोप को लेकर स्वास्थ्य विभाग में पूरी तरह अलर्ट है । जबकि रिविलगंज के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार लगातार कैंप कर रहे हैं । वहीं चल रहे हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से दिन में घर से नहीं निकलने की सलाह दी है, और कहा है कि गर्मियों में लू लगने से डिहाइड्रेशन का खतरा होता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है ' हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से होने वाली बीमारियों से आम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है ' सिविल सर्जन डॉ सागर दुलार सिंहा ने इस संबंध में कहा कि गर्मी का सबसे ज्यादा असर घर के बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है, हीट वेव के दौरान शरीर में पानी की कमी से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन होने वाली बीमारियों से सुरक्षित और बचाव को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है ।

## अंडर-15 के ट्रॉयल में रक्सौल की बेटी अक्षरा का बेहतर प्रर्दशन

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा कराया जा रहा है ट्रॉयल मैच



प्रात :किरण संवाददाता

रक्सौल। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर-15 क्रिकेट टीम को लेकर पटना में कराये जा रहे ट्रॉयल मैच के दौरान रक्सौल की बेटी अक्षरा गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से रक्सौल का नाम रौशन किया है। शहर के वार्ड नंबर 4 सुंदरपुर रोड निवासी रीना गुप्ता व राजकिशोर साह की पुत्री अक्षरा गुप्ता पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में पहले ट्रॉयल मैच में टीम ए के तरफ से खेलते हुए बतौर ओपनर बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंद में 134.55 के स्ट्राइक रेट से 74 रन बनायी है। जिसमें 13 चौके शामिल है। जबकि गेंदबाजी में भी अक्षरा गुप्ता ने 6 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट लिये है। 6 ओवर में अक्षरा गुप्ता के द्वारा 2 मेडन ओवर भी कराया गया है, जबकि मंगलवार को हुए खेल में 37 रन बनाकर बैटिंग कर रही अक्षरा गुप्ता को वापस बुला लिया गया। ऐसा इसलिए कि ट्रॉयल मैच में अन्य दूसरे खिलाड़ियों को भी मौका मिल सके।यहां बता दे कि अंडर-15 क्रिकेट टीम के चयन के लिए पूरे बिहार से 60 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनके बीच चार टीम बनायी गयी है। इसी में एक टीम जिसका नाम टीम ए दिया गया है, उसमें अक्षरा गुप्ता खेल रही है. इसी ट्रॉयल के प्रदर्शन के आधार पर आगे नवंबर महीने में होने वाले मैच के लिए बिहार की टीम का सेलेक्शन किया जायेगा। इधर अक्षरा के इस प्रदर्शन से उसके परिजनों के साथ-साथ शहरवासी उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे है और सभी की हार्दिक इच्छा है कि अक्षरा गुप्ता के प्रदर्शन के आधार पर वह टीम का सदस्य बनकर बिहार और चंपारण का नाम देश में रौशन करेगी। अक्षरा के इस प्रदर्शन पर बधाई देने वालो में उसके दादा फागु साह सहित राजू साह, राजेश्वर साह, रामकृपा गुप्ता, वार्ड नंबर 4 के पार्षद प्रतिनिधि निप्पू गुप्ता सहित अन्य शामिल है।

## केंद्र में पुनः एक बार एनडीए की सरकार बनने से देश के साथ-साथ बिहार का चौमुखी विकास होगा : भाजप

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।केंद्र में पुनः एक बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने पर भाजपा एवं एनडीए के कार्यकताओं में खुशी एवं हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहां कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः केंद्र में एक बार फिर एनडीए की तीसरी पारी की शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने अपने मंत्रिमंडल में फिर से पुराने साथियों के रिपिट का मतलब है कि सरकार अपनी सभी पुरानी योजनाओं को पुरा करेगी। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित मंत्रीयों को भी शुभकामनाएं दी। अब केंद्र के साथ-साथ बिहार का भी चौमुखी विकास होगा और एक बार फिर 2025 में बिहार में हम सब नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाएंगे। महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अपने अभिवादन में भारत के कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करना, हम सभी को नई ऊर्जा एवं हर्ष से भर देता है। पुनः देश में एनडीए की सरकार बनने पर खुशी व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद,वेद प्रकाश उपाध्याय, बंशीधर तिवारी,राम दयाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह सेंगर, लोकसभा संयोजक धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र सिंह,निरंजन शर्मा, रमाशंकर शांडिल्य, मनोज कुशवाहा,अनु सिंह,तारा देवी,गायत्री देवी,महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार साह,शत्रुघ्न भक्त,जिला मंत्री रंजन यादव,अर्द्धेन्दु शेखर, मिडिया प्रभारी बलवंत सिंह, संजय सिंह, मदन सिंह, पंकज यादव, आदि प्रमुख हैं।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। साहेब कंट्रक्शन तेलपा छपरा के धर्मकाटा का उद्घाटन, राजेन्द्र प्रसाद राय, पूर्व अध्यक्ष सारण जिला परिषद्, छपरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर साहेब कंट्रक्शन के प्रबंधक श्री बबन राय, एवम् असर्फी लाल प्रसाद जी ने कहा की बालू का पर्याप्त उपलब्धता होने का कारण मखदूमगंज घाट पर कभी भी किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। प्रबंधक अमिताभ बच्चन यादव ने कहा की बालू चालान लेकर बालू का व्यापार सुगम तरीका से करने की जरूरत है। जिला खनिज विकास पदाधिकारी श्री लाल बिहारी प्रसाद ने कहा की तेलपा, घेघता, मखदुमगंज घाट यूनिट संख्या 06 से सभी स्थानीय बालू वाहन धर्मकाटा का उपयोग कर उचित लाभ लेने से नही चुके। इस अवसर पर खनन निरीक्षक, अंजनी कुमार भी मौजूद थे। तेलपा घेघटा मखदूमगंज बालू घाट पर व्यापार की असीम संभावनाओं विद्यमान है। पूर्व मुखिया श्री अजय सिंह ने इस व्यवसाय में हर संभव सहयोग का वादा किया। बिहार के सबसे प्रमुख बालू व्यवसाय का यह क्षेत्र उदगम स्थल रहा है। आप सभी बालू वायवसायी बंधुओ से निवेदन है कि उचित लोडिंग कर आवश्यक कागजात के साथ, वैध चालान के साथ सुगमता पूर्वक बालू का व्यवसाय कर सकते है। इस अवसर पर अभय कुमार मुनचुन, अनिल कुमार यादव, बृज राय, मंटू राय, इंद्रजीत राय, शंकर राय, मोहन राय, मुकेश कुमार टुनटुन कुमार इत्यादि मौजूद थे। इस अवसर पर मुफासिल थाना से आये अधिकारियों ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## तेज बाइक चलाने से मना करने से नाराज बाइक चालक के परिजनों ने घर पर ईंट पत्थर चाकू व लाठी डंडे से किया हमला

प्रात :किरण संवाददाता

मांझी। अतिउत्साही युवक को तेज बाइक चलाने से मना करने से नाराज बाइक चालक के परिजनों ने घर पर ईंट पत्थर चाकू व लाठी डंडे से हमला कर दिया तथा घर में घुसकर चार लाख रुपये नकद व महिलाओं के जेवरात आदि झपट लिया। यह लोमहर्षक घटना मंगलवार को माँझी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गाँव में घटी। इस सम्बंध में पीड़ित पक्ष की ओर से लगनदेव चौधरी ने माँझी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराकर एक महिला समेत कुल सात लोगों को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि मंगलवार को दोपहर में गाँव के ही सचिन कुमार नामक युवक उनके दरवाजे के सामने तेज गति से बाइक दौड़ा रहा था जिसपर उन्होंने आपत्ति जताते हुए युवक को बाइक धीरे चलाने की नसीहत दी। उनका कहना था कि उनके परिवार के बच्चे बाइक से चोटिल हो सकते हैं। नसीहत सुनने के बाद युवक कथित तौर पर नाराज हो गया तथा कुछ ही देर बाद अपने अन्य सात आठ परिजनों के साथ मिलकर उनके घर पर ईंट पत्थर तथा चाकू एवम लाठी डंडे से घर पर हमला कर दिया जिसमें कई लोग जख्मी हो गए।

## खरीफ कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

लहलादपुरः आत्मा, सारण के सौजन्य से प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में खरीफ कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने भाग लिया तथा प्रशिक्षण से लाभान्वित हुआ. शिविर का उद्घाटन डीपीडी समशेर आलम, बीडीओ नीलेश कुमार, बीएओ चंद्रशेखर सिँह, बीटीएम विष्णुपाल शर्मा एवं आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर के सम्बोधन में वक्ताओं ने धान, मक्का, मडूआ आदि मोटे अनाजों के उत्तम बीज, उसके रख-रखाव, उत्तम एवं उपजाउ फसल के लिए बीजों की मात्रा, खेतों की जुताई वैगरह के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया. किसानों के लिये लाभान्वित सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी. शिविर की खाश बात यह थी कि सभी वक्ताओं ने जैविक खाद के उपयोग तथा मोटे अनाजों के उत्पादन पर अधिक बल दिया. साथ ही मिट्टी की जांच, खेतों की सिंचाई, रोपनी-बोअनी के लिये समय का ख्याल रखने के साथ कम लागत में अधिक फसल उपजाने के गुर सिखलाये गये. शिविर को बीएचओ अतुल पांडेय, प्रशिक्षित किसान बब्बन राय, प्रकाशचंद्र राय, हीरालाल पांडेय, अमित कुमार सिँह सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया.

## बिहार स्टूडेंट कार्ड योजना को ले पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा मंगलवार को सात निश्चय योजना के तहत संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर बैठक की गई। जिलाधिकारी ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति का निदेश दिया गया। इस वर्ष सारण जिला के जो बच्चे क्व्ळक, टइइउ, ठएएळ में उत्तीर्ण हुये हैं, उन सभी बच्चों को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से लाभान्वित करने का निदेश दिया गया। इस योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को 4 प्रतिशत एवं छात्राओं को 1 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर अनुदानित शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही शिक्षण अवधि के दौरान यह ऋण ब्याज मुक्त होता है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वर्त्त

## इंडो नेपाल सीमा पर दो युवक को मिट्टी में दफनाया हुआ शव को नेपाल पुलिस ने किया बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) । इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित भंगहा बॉर्डर से सटे नेपाल में दो युवक का शव मिट्टी में दफनाये जाने की खबर मिलते ही बॉर्डर पर अफरा तफरी का माहौल हो गया. इधर दोनों देशों के नागरिकों की भीड़ एकत्रित हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही भंगहा पुलिस, नगरदेही एसएसबी समेत नेपाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई. बताया जाता है कि सुबह में ओरिया नदी के तट पर टहलने के लिए कुछ बच्चें गये थे. टहलते-टहलते बच्चों की नजर नेपाल क्षेत्र में पड़ी जहां सियार मिट्टी उधेड़कर डेड बॉडी को निचोड़ जा रहा था. बच्चों ने इसकी जानकारी नेपाल के पांडेपुर गांव के ग्रामीणों को दी. यह सुन गांव में आग की तरह खबर फैल गई. इधर भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद ने बताया कि डेड बॉडी की शिनाख्त नहीं हो पाई है. वही नेपाल पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु ले गई।

# कलयुग एक्ट्रेस स्माइली सूरी का 19 साल बाद छलका दर्द



क्या आपको मोहित सूरी की फिल्म कलयुग मूवी याद है? 2005 में रिलीज इस फिल्म से कुणाल खेमू ने बतौर हीरो डेब्यू किया था और उनकी हीरोइन थीं स्माइली सूरी। इस फिल्म से स्माइली रातोंरात फेमस हो गई थीं, लेकिन वो अपनी सफलता को आगे भुना नहीं पाईं। चकाचौंध भरी दुनिया से लगभग गायब हो गईं। अब 19 साल बाद उन्होंने खुलासा किया है कि उनका करियर बर्बाद होने के पीछे कजिन पूजा भट्ट का हाथ था। कलयुग फिल्म से मोहित सूरी की बहन स्माइली सूरी ने बॉलीवुड में कदम रखा था। रेणुका आहूजा के रोल में उन्हें पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद उन्होंने कई फिल्में कीं, लेकिन वैसी सफलता नहीं मिली, जैसी कलयुग से मिली थी। स्माइली सूरी ने हाल ही में अपनी चचेरी बहन पूजा भट्ट की 2006 में निर्देशित फिल्म हॉलिडे से निकाले जाने के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि हॉलिडे से निकाले जाने के बाद भी उन्हें महेश भट्ट की फिल्म कलयुग में रोल मिला, लेकिन फिल्ममेकर अपनी बेटी पूजा के दबाव के कारण उन्हें कोई और रोल नहीं दे सके।

पूजा की वजह से डिप्रेशन में चली गई थीं स्माइली अब 41 साल की स्माइली सूरी ने सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए कहा, पूजा ने मुझे अपनी पहली फिल्म हॉलिडे से निकाल दिया था। मुझे खुशी है कि मुझे फिल्म से निकाल दिया गया, क्योंकि मुझे कलयुग करने का मौका मिला जो हिट रही। उन्होंने आगे कहा, मैं बहुत शर्म और डिप्रेशन से गुजर रही थी।

### महेश भट्ट पर पूजा ने बनाया दबाव

जब स्माइली हॉलिडे से निकाले जाने के बाद डिप्रेशन से जूझ रही थीं, तब महेश भट्ट ने उनकी मदद की और उन्हें कलयुग ऑफर की। उन्होंने कहा, जब मैं हॉलिडे के सेट से वापस आई तो मैंने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। उस समय भट्ट साहब (महेश भट्ट) ने मुझसे कहा कि मैं कलयुग करूंगी। मुझे लगता है कि कलयुग के बाद भट्ट साहब मुझे कोई फिल्म ऑफर नहीं कर पाए, क्योंकि उन्हें अपनी बेटी की बात माननी थी और मैं उन्हें दोष नहीं देती।

### दर्दनाक समय, नहीं करनी बात

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी हॉलिडे से निकाले जाने के पीछे की वजह के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, यह उनका फैसला था। मैंने वास्तव में वह प्रोजेक्ट बनाया था। मैंने कोरियोग्राफर संदीप सोपारकर के साथ काम किया। हमने रिहर्सल की। मुझे निकालना उनका फैसला था, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगी कि छह महीने तक उस फिल्म पर काम करते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। मुझे निकालने के पीछे की वजह के बारे में तो वो ही जानती हैं। बहुत कुछ हुआ और वह एक दर्दनाक समय था, इसलिए मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहती।

### इस वेब सीरीज से स्माइली सूरी का कमबैक

स्माइली सूरी, फिल्म निर्माता मोहित सूरी की बहन और आलिया भट्ट, इमरान हाशमी और राहुल भट्ट की चचेरी बहन हैं। कलयुग के बाद स्माइली ने कुछ फिल्मों में एक्टिंग की और बाद में एक पेशेवर पोल डांसर बन गईं। वह वेब सीरीज हाउस ऑफ लाइज से वापसी कर रही हैं, जिसमें संजय कपूर भी हैं।



## थंडेल के लिए कमर कस रहे नागा चैतन्य

साउथ स्टार नागा चैतन्य अपनी नई फिल्म थंडेल के लिए कमर कस रहे हैं। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता ने बताया था कि थंडेल की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। वहीं, अब इसकी शूटिंग पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता कब और कहां थंडेल की शूटिंग करेंगे–

### थंडेल की शूटिंग पर आया अपडेट

थंडेल का अगला शेड्यूल 10 जून को रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाला है। आरएफसी में कुछ दिनों की शूटिंग के बाद, टीम कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को फिल्माने के लिए श्रीकाकुलम जाएगी। बताते चलें कि फिल्म का निर्माण गीता आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है, जिसे संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने अपनी धुनों से सजाया है। जानकारी तो यह भी है कि देवी प्रसाद ने पहले ही दो गानों की री–रिकॉर्डिंग पूरी कर ली है। वहीं, निर्देशन की कमान चंदू मोंदेती ने संभाली है।

### साई पल्लवी होंगी मुख्य हीरोइन

थंडेल में एक बार फिर साई पल्लवी और नागा चैतन्य की जोड़ी जमने वाली है। इससे पहले दोनों ने शेखर कमुला की लव स्टोरी में साथ काम किया था। वहीं, इस फिल्म से नागा चैतन्य को काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि उन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा है।

### सच्ची घटना पर आधारित है थंडेल

थंडेल की कहानी साल 2018 में हुई घटना पर आधारित है, जिसमें आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम के कुछ मछुआरे गलती से पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। मालूम हो कि नागा चैतन्य ने खुद उन मछुआरों से मुलाकात की थी और उस परेशान कर देने वाली घटना को लेकर उनके अनुभव भी जाने थे। निर्माता इस फिल्म को 20 दिसंबर 2024 को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

## करण जौहर के साथ अनबन पर कार्तिक आर्यन ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड में कुछ वक्त पहले कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच अनबन की खबरें सामने आईं। इस चक्कर में करण जौहर ने कार्तिक को अपनी फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। यह मामला दरअसल 2021 का है। करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म दोस्ताना 2 में कार्तिक के अभिनय की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरीं। कुछ ही महीनों बाद धर्मा की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि पेशेवर परिस्थितियों के चलते दोस्ताना 2 की कास्टिंग फिर से होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि रचनात्मक मतभेदों के चलते कार्तिक आर्यन इस प्रोजेक्ट से दूर हुए। मतभेदों के चलते उनके और करण जौहर के बीच दरार आ गई थी। इस मामले पर कार्तिक आर्यन ने चुप्पी साधे रखी। लेकिन हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस पर बात की है। कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह मसला अब काफी ज्यादा पुराना हो गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अक्सर गलत कम्युनिकेशन होता है और चीजों को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया जाता है। खासकर जब इस बारे में लिखा जाता है तो यह अलग लगता है।





## अगस्त्य ने इक्कीस से साझा की अपनी झलक

अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने फिल्म द आर्चीज से अभिनय में कदम रखा। जल्द ही वह अपनी अगली फिल्म इक्कीस में नजर आएंगे। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए अभिनेता ने पूरी तैयारी कर ली है। अगस्त्य ने फिल्म से अपनी एक झलक साझा की है, जिसे देखकर फैंस का उत्साह और बढ़ गया है। इसमें वह सफेद शर्ट पहने हुए कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं, जिसे पर 21 लिखा है। इक्कीस में जयदीप अहलावत भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

## पिता को याद कर भावुक हुईं प्रियंका चोपड़ा

हर बेटी की तरह प्रियंका चोपड़ा भी अपने पिता से बहुत प्यार करती हैं। उन्होंने अपने इंस्टग्राम हैंडल से एक पोस्ट को साझा करते हुए लिखा है, आप आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आप की मौजूदगी को मैं हर दिन अपने आस–पास महसूस करती हूं। मुझे तो अभी भी यकीन नहीं होता है कि आप हमारे बीच नहीं रहे। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे लिखा है, आप हमारे बीच रौशनी की तरह मौजूद हैं। आपके होने से ही हमारी जिंदगी रौशन है। आप को गए 11 साल हो गए, लेकिन मैं अब भी इस बात को स्वीकार नहीं कर पाई हूं। प्रियंका चोपड़ा के लिए उनका परिवार काफी महत्व रखता है। वे अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपने पति, मां और बेटी पर प्यार लुटाती नजर आती हैं। आज भी अपने पिता के लिए लिखे गए पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा है, अपने करीबी लोगों के साथ समय बिताएं। उन्हें प्यार दें क्योंकि इस दुनिया में हर कोई एक लिमटेड समय के साथ ही आया है। हो सकता है कि आपके पास किसी को देने के लिए कम समय हो। पिछले कई वर्षों में ऐसे कई मौके आए हैं जब प्रियंका चोपड़ा अपने पिता को याद करती नजर आई हैं। अपनी शादी के बाद एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने पिता को याद करते हुए कहा था, जब मेरी शादी हो रही थी तब लगातार मुझे उनकी याद आ रही थी। जब भी मैं मां को सबकुछ अकेले करते देखती हूं मुझे उनकी याद आती है। वे मेरी शादी को लेकर बहुत उत्साहित रहते थे।





## जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करेंगी सोनाक्षी!



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है अफवाह सच है। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि हीरामंडी की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने सलमान खान की फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोनाक्षी ने 2010 में दबंग से डेब्यू किया था, जबकि जहीर की पहली फ़िल्म 2019 में नोटबुक थी। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने 2022 में कॉमेडी–ड्रामा फिल्म डबल एक्सएल में भी साथ काम किया। पिछले हफ्ते जहीर ने सोनाक्षी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में वे दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर किस जगह की थी, ये पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों छुट्टियां बिता रहे थे। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, जन्मदिन मुबारक सोनाक्षी।



## टीवी से फिल्मों में आने के कारण कभी नहीं हुआ भेदभाव

अवनीत कौर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लव की अरेंज मैरिज के लिए चर्चा में हैं। उनके लिए यह एक सही फैसला साबित हुआ है। फिल्म की कहानी, उनका किरदार और फिल्म में अनुभवी सितारों की मौजूदगी उनके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है । फिल्म की कहानी उनकी मां का किरदार निभा रहीं सुप्रिया पाठक के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म में अनुभवी कलाकार अन्नू कपूर, उनके साथी के पिता बने हैं। फिल्म का हिस्सा बन कर अवनीत काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए अनुभव पर कहा, मैं हमेशा सुप्रिया मैम के हाव भाव को ध्यान से देखा करती थी, जब भी वह शूटिंग करती थीं। उनके सहज अभिनय को देखना मेरे लिए एक काफी सीखने वाला अनुभव रहा। मुझे उनकी सभी फिल्में काफी पसंद आती हैं। मुझे याद है कि गोलियों की रासलीला रामलीला में अपने अभिनय से उन्होंने मुझे चौंका दिया था।

### टीवी से होने के कारण नहीं हुआ भेदभाव

अभिनय से अवनीत कौर का रिश्ता 14 साल पुराना है। उन्होनें अपने अभिनय करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उसके बाद उन्होंने फिल्मों का रूख किया। रानी मुखर्जी अभिनीत साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी से उन्होंने डेब्यू किया था। उन्होंने टीवी अभिनेताओं के बॉलीवुड में करियर बनाने के दौरान आने वाली चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं फिल्मों में आने की कोशिश कर रही थी, तो बहुत से लोगों ने मुझसे कहा कि यह असंभव है। हालांकि, अब मेरी धारणा अब बहुत बदल गई है। टीवी से आने के कारण फिल्म उद्योग में मेरे साथ कभी बुरा व्यवहार नहीं किया गया। वरुण धवन और अनन्या पांडे मेरे अच्छे दोस्त हैं। लव की अरेंज मैरिज 14 जून 2024 को जी 5 पर प्रीमियर होने वाली है। यह इशरत आर खान द्वारा निर्देशित फिल्म है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी–ड्रामा है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि प्यार उम्र से परे है। फिल्म में अवनीत कौर के अलावा सनी सिंह, अनुभवी अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव आदि कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का लेखन राज शांडिल्य ने किया है।

## गुरमीत चौधरी की पहली वेब सीरीज का टीजर जारी



गुरमीत चौधरी टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। वह अब तक कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। अब गुरमीत अपनी पहली वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार हैं। इस वेब सीरीज में वह दहशतगर्दों के खिलाफ लड़ते नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस शो का टीजर सामने आया है इस टीजर को देखकर गुरमीत के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।




## संक्षिप्त समाचार



### घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री मई में 4 प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई : सियाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गयी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मई 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने एक बयान में कहा, ''यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 14,71,550 इकाई थी। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 48,610 इकाई थी।

### पांच माह के शीर्ष पर पहुंच सकती है खुदरा महंगाई, गर्मी से खाने-पीने की चीजों के बढ़े दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सब्जियों की महंगाई दर भी मई में बढ़कर 30 फीसदी के आसपास पहुंच सकती है, जो अप्रैल में 27.7 फीसदी रही थी। पिछले महीने सब्जियों के दाम मासिक आधार पर 5.2 फीसदी बढ़े हैं।

खाने-पीने की वस्तुओं और खासकर फल-सब्जियों की कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई मई, 2024 में एक बार फिर बढ़कर 5.14 फीसदी पर पहुंच सकती है। अगर ऐसा हुआ तो यह दिसंबर, 2023 के बाद इसका पांच महीने का उच्च स्तर होगा। उस समय खुदरा महंगाई 5.69 फीसदी रही थी। अप्रैल में यह घटकर 11 महीने के निचले स्तर 4.83 फीसदी पर आ गई थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में बढ़ते तापमान ने सब्जियों और फलों की फसल को प्रभावित किया है। इससे खाद्य महंगाई मई में बढ़कर 9.1 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है, जो अप्रैल में 8.7 फीसदी रही थी। इसका असर कुल महंगाई पर देखने को मिल सकता है। सरकार बुधवार को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर सकती है। मुख्य महंगाई (खाद्य औ ऊर्जा को छोड़कर) भी 3.3 फीसदी से बढ़कर मई में 3.5 फीसदी पहुंच सकती है। सीएमआईई के मुताबिक, फलों और सब्जियों की महंगाई दर में करीब दो फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे मई में फलों की महंगाई अप्रैल के 3.5 फीसदी से बढ़कर 5.5 फीसदी पहुंच सकती है। क्रमिक रूप से फलों की कीमतें पिछले महीने 2.5 फीसदी बढ़ी हैं।

### पेटीएम ने तीन महीने में 3,500 लोगों को निकाला, कर्मचारियों की संख्या घटकर 36,521 पहुंची

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पेटीएम की मालिकाना हक वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने जनवरी-मार्च तिमाही में करीब 3,500 कर्मचारियों की छंटनी की है। यह छंटनी बिक्री विभाग में की गई है।?इसके साथही, पेटीएम के कर्मचारियों की संख्या घटकर 36,521 रह गई।कंपनी ने कहा, वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। कंपनी का 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। एजेंसी

# ब्रिक्स देशों के व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर

## नया कोटा फॉर्मूला अपनाने का भी आह्वान




**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के निजनी नोवगोरोड में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक बैठक हुई। इस दौरान ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चर्चाएं हुईं।

ब्रिक्स देशों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही इन देशों ने नियम आधारित खुले एवं पारदर्शी वैश्विक व्यापार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### ब्रिक्स की एक बैठक हुई

बता दें, रूस के निजनी नोवगोरोड में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक बैठक हुई। इस दौरान ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चर्चाएं हुईं। बैठक में मंत्रियों ने माना कि वैश्विक वित्तीय संरचना के सुधार की आवश्यकता है।

### कौन-कौन से देश सदस्य?

ब्रिक्स, जो ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संक्षिप्त रूप है, एक अनौपचारिक साझेदारी है जो सदस्य देशों के बीच सहयोग और संचार को बढ़ावा देती है। ब्रिक्स देशों के बीच कोई औपचारिक या कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता नहीं है। ब्रिक्स शब्द जिम ओनील द्वारा बनाया गया था, जिन्होंने उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था के भीतर इन देशों की क्षमता पर जोर देने के लिए इस शब्द का प्रयोग किया था। जब ओनील ने बिल्डिंग बेटर ग्लोबल इकोनॉमिक ब्रिक्स शीर्षक से अपना पेपर प्रकाशित किया, तो उनका मानना था कि ये देश, अपने आर्थिक विकास, संसाधनों और बढ़ती आबादी के कारण, 21वीं सदी के भीतर आर्थिक महाशक्ति बन जाएंगे।

### नेताओं को रिपोर्ट करने का काम

संयुक्त बयान के अनुसार, उन्होंने जोहानिसबर्ग द्वितीय घोषणापत्र के पैराग्राफ 45 का जिक्र किया, जिसमें ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को स्थानीय मुद्राओं, भुगतान उपकरणों और मंचों के मुद्दे पर विचार करने और ब्रिक्स नेताओं को रिपोर्ट करने का काम सौंपा गया है।

### इन मांगों को भी दोहराया

इसके अलावा, विदेश मंत्रियों ने सीओपी27 में की गई मांग को दोहराया कि यह गारंटी दी जाए कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान सुधार में वित्तपोषण के दायरे का विस्तार करने और संसाधनों तक आसान पहुंच को सुविधाजनक बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2025 इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट शेयरधारक समीक्षा एक बड़ी सफलता होगी।

### नया कोटा फॉर्मूला अपनाने पर जोर

विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के ब्रिक्स मंत्रियों की बैठक के अंत में जारी एक संयुक्त बयान में एक मजबूत वैश्विक वित्तीय सुरक्षा आवरण पर भी जोर दिया गया, जिसके केंद्र में कोटा-आधारित और पर्याप्त संसाधनों वाला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) हो। बयान के मुताबिक कोटा की सामान्य समीक्षा के तहत आईएमएफ व्यवस्था की सुधार की प्रक्रिया को जारी रखने का आह्वान किया। इसमें नया कोटा फॉर्मूला अपनाने की बात भी कही गई। वहीं रूस के विदेश मंत्री का कहना है कि उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में सुधार और राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार के लिए एक मंच विकसित करने पर सक्रिय रूप से काम करना शुरू कर दिया है।

## लगातार कम कारोबार वाले स्टॉक्स को बाहर करने की तैयारी, सेबी लाया ये नया प्रस्ताव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को डेरिवेटिव खंड में व्यक्तिगत शेयरों को शामिल करने के लिए सख्त मानदंडों का प्रस्ताव किया। नए प्रस्ताव के मुताबिक शेयर बाजार के वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड से लगातार कम कारोबार वाले शेयरों को बाहर किया जाएगा। सेबी ने इस बारे में जारी परामर्श पत्र में बाजार नियामक ने कहा है कि अंडरलाइन कैश मार्केट में पर्याप्त गहराई के बिना बाजार में हेरफेर, अस्थिरता में वृद्धि और निवेशक सुरक्षा से समझौता होने का जोखिम बढ़ सकता है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए सेबी के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि डेरिवेटिव खंड में सिर्फ आकार, नकदी और बाजार गहराई के संदर्भ में उच्च गुणवत्ता वाले शेयर ही उपलब्ध हों। प्रस्ताव के तहत, किसी व्यक्तिगत शेयर को डेरिवेटिव कारोबार में शामिल करने के लिए उसका कुल में से कम से कम 75 प्रतिशत कारोबारी दिवसों में कारोबार होना चाहिए। इसके अलावा कम से कम 15 प्रतिशत सक्रिय व्यापारियों या 200 सदस्यों (जो भी कम हो) ने इस शेयर में कारोबार किया हो और इसका औसत दैनिक कारोबार 500 करोड़ रुपए से 1,500 करोड़ रुपए के बीच होना चाहिए।

**अनुबंधों की अधिकतम संख्या का भी प्रस्ताव:** सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि इसके अलावा अंडरलाइन शेयर के लिए खुले अनुबंधों की अधिकतम संख्या 1,250 करोड़ रुपए और 1,750 करोड़ रुपए होनी चाहिए। वर्तमान में यह आंकड़ा 500 करोड़ रुपए है। इन प्रस्तावों का मकसद संबंधित शेयर में पर्याप्त कारोबार सुनिश्चित करना है। सेबी ने इस प्रस्ताव पर 19 जून तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं।

**इन शेयरों पर लटक सकती है तलवार:** बाजार नियामक की तरफ से डेरिवेटिव बाजार में शेयरों के प्रवेश और निकास के लिए सलेक्शन मानदंडों की समीक्षा करने का प्रस्ताव लागू हुआ तो एलआईसी, जोमैटो, यस बैंक, जियो फाइनेंशियल, पेटीएम, आरवीएनएल और अदानी ग्रीन जैसे कम से कम 78 शेयर एफएंडओ सूची में शामिल हो सकते हैं।

## जेपी इन्फ्रा दिवाला मामले में यीडा को 133 करोड़ रुपए की पहली किस्त का भुगतान करेगा सुरक्षा ग्रुप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी रियल्टी कंपनी जेपी इन्फ्राटेक की कमान संभालने वाला मुंबई स्थित सुरक्षा समूह किसानों को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में तीन महीने के भीतर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को लगभग 133 करोड़ रुपए की पहली किस्त का भुगतान करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने 24 मई को जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) का अधिग्रहण करने के लिए सुरक्षा रियल्टी की तरफ से लगाई बोली को बरकरार रखा था। इसके साथ ही इसे किसानों को मुआवजे के रूप में यमुना यीडा को 1,334 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश भी दिया था। इसके पहले मार्च, 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने दिवाला प्रक्रिया पर मुहर लगाई थी। एनसीएलटी ने जेआईएल को खरीदने के लिए सुरक्षा समूह की तरफ से लगाई बोली को मंजूरी दे दी थी।

हालांकि, यीडा सहित कई पक्षों ने एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देते हुए एनसीएलएटी में याचिका दायर की थी। यीडा ने किसानों के मुआवजे के रूप में लगभग 1,700 करोड़ रुपए का दावा किया था। पिछले सप्ताह सुरक्षा समूह ने जेआईएल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अटकी कई परियोजनाओं के लगभग 20,000 घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए तीन सदस्यीय बोर्ड का गठन करके जेआईएल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा समूह जल्द ही दिल्ली-एनसीआर में रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं का निर्माण पूरा करने के लिए 125 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी डालेगा। उन्होंने कहा कि समूह मंजूरी की तारीख से 90 दिन के भीतर यीडा को 133.43 करोड़ रुपए की पहली किस्त भी देगा। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा समूह मंजूरी की तारीख से एक साल के भीतर प्राधिकरण को 200.15 करोड़ रुपए का भुगतान करेगा। समूह मंजूरी की तारीख से दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ष के अंत में भी हर साल 333.8 करोड़ रुपए का भुगतान करेगा।

जेआईएल के निदेशक मंडल में शामिल सुरक्षा समूह के प्रवर्तक सुधीर वी वालिया को गैर-कार्यकारी निदेशक, आलोक चंपक दवे को कार्यकारी निदेशक और उषा अनिल कदम को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। दवे को जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी नियुक्त किया गया है।

## स्लोन इन्फोसिस्टम्स लिमिटेड ने 11.81 करोड़ मूल्य का महत्वपूर्ण आर्डर प्राप्त किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारतभर में तैयार आईटी सेवाओं के साथ लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर्स और नेटवर्क इक्विपमेंट की बिक्री और रेंटल सहित आईटी हार्डवेयर सॉल्यूशंस प्रदान करने में सुविज्ञता रखने वाली, स्लोन इन्फोसिस्टम्स लिमिटेड (एनएसई- स्लोन) को कुल 5000 लेनोवो 114 त्र3 लैपटॉप की सप्लाई के लिए 11.81 करोड़ मूल्य का आर्डर प्राप्त हुआ है. कंपनी को मुंबई की तीन कंपनियों से लेनोवो 114 त्र3 लैपटॉप के लिए आर्डर प्राप्त हुआ है. सिलिकॉन रेंटल सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 3 जून, 2024 को 3000 यूनिटों के लिए आर्डर दिया . उसके तुरंत बाद 5 जून, 2024 को बीहिव टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने 500 लैपटॉप का आर्डर दिया और उसी दिन कॉमप्रिंट टेक सॉल्यूशंस (आई) प्राइवेट लिमिटेड ने भी 1500 लैपटॉप का आर्डर दिया.

कंपनी के 24 वर्ष के इतिहास में यह सबसे बड़ा ऑर्डर क्लाइंट्स द्वारा स्लोन इन्फोसिस्टम्स लिमिटेड में दर्शाए गए भारी विश्वास को रेखांकित करता है. यह न सिर्फ आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है बल्कि आईटी हार्डवेयर सॉल्यूशंस मार्केट में कंपनी की अग्रणी स्थिति को भी मजबूत करता है. आगे देखने पर यह उपलब्धि ना सिर्फ कंपनी की ख्याति में वृद्धि करती है बल्कि उसे भावी परियोजनाओं के लिए एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में स्थापित करती है.यह स्पर्धात्मक आईटी उद्योग में निरंतर ग्रोथ और सफलता सुनिश्चित करते हुए , इन बड़े ऑर्डर की डिलीवरी कंपनी में कंपनी की क्षमता पर रोशनी डालती है. आर्डर प्राप्त करने के बारे में बोलते हुए स्टोन इंफोसिस्टम्स के एमडी एवं चेयरमैन, श्री राजेश खन्ना ने कहा, हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित है कि कंपनी को तीन सम्मानित ग्राहकों से 11.81 करोड मूल्य का उल्लेखनीय आर्डर प्राप्त हुआ है. यह सीमाचिन्ह आईटी हार्डवेयर की बढ़ती हुई मांग और महत्वपूर्ण भूमिका, जो हमारे निरंतर ग्रोथ एवं सफलता में गुणवत्ता एवं समयिक सेवा अदा करती है।

## पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन ने वित्त वर्ष 24 में शुद्ध लाभ में 62 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की

**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टिंग और उपकरण उद्योग की एक प्रमुख खिलाड़ी, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई - पीईजीएल, क्क्क43912) ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.

वित्त वर्ष 24 में कुल आय 7.09 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 102.03 करोड़ हुई .एबिटडा 44.53 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 12.36 करोड़ हुआ . एबिटडा मार्जिन 314 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 12.13 प्रतिशत हुई .कर बाद लाभ 62.13 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 5.93 करोड़ हुआ /कर बाद लाभ मार्जिन 205 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 5.81 प्रतिशत हुई .ईपीएस 65.49 प्रतिशतवार्षिक बढ़कर 4.70 हुई

वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में कुल आय 39.91 करोड़ हुई .एबिटडा 114.25 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 4.59 करोड़ हुआ . एबिटडा मार्जिन 678 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 11.49 प्रतिशत हुई . कर बाद लाभ 116.14 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 2.71 करोड़ हुआ . कर बाद लाभ मार्जिन 408 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 6.79 प्रतिशत हुई . ईपीएस 121.65 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 2.15 हुई

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर,श्री पदमराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, हम सहर्ष वित्त वर्ष 24 के मजबूत वित्तीय परिणाम की रिपोर्ट देते हैं, जो हमारी बाजार उपस्थिति और व्यूहात्मक निष्पादन को दर्शाती है. स्पर्धात्मक आर्थिक वातावरण के बावजूद हमने आय और लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है.

एनर्जी सक्षम पावर सॉल्यूशंस और आधुनिक बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम्स सहित हमारे सर्विस पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय विस्तार के साथ हमारे विस्तृत इलेक्ट्रिकल, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ने हमारी सफलता को आगे बढ़ाया है. मई , 2023 में एनएसई और बीएसई के मुख्य बोर्ड पर जाने से हमारी बाजार विजिबिलिटी और साख में वृद्धि हुई है.

वित्त वर्ष 24 में दोनों एबिटडा और शुद्ध लाभ में प्रभावशाली वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ हमारे वित्तीय आंकड़ों में पर्याप्त रूप से सुधार दिखाई दिया है. यह प्रदर्शन परिचालन कार्य कुशलता और लागत मैनेजमेंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. चौथी तिमाही विशेष रूप से मजबूत रही, जो स्पर्धात्मक वातावरण को अपनाने और उसमें टिके रहने की हमारी क्षमता को दर्शाती है.

# कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की एसयूवी, हाइब्रिड और यूरोपीय वाहनों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले लुब्रिकेंट पेश किए

**मुंबई, एजेंसी।** कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने आज कैस्ट्रॉल एज लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करेंगे।

इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक स्टे अहेड है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान टी20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है।

यह विज्ञापन बहुत चतुराई से आज की पैपराजी संस्कृति पर आधारित है। इसमें मशहूर हस्तियों को शटरबग्स से 'आगे रहने' के लिए नए-नए तरीके खोजते हुए दिखाया गया है। इस टीवी विज्ञापन का मुख्य संदेश यह है कि कैस्ट्रॉल एज में जरूरत के मुताबिक इंजन के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) को बढ़ाने की क्षमता है, जिससे ड्राइवर किसी भी स्थिति और इलाके में इसके बेहतरीन प्रदर्शन पर भरोसा कर सकते हैं।




हास्यास्पद अंदाज में बनाई गई इस फिल्म में उन अनूठे तरीकों को दिखाया गया है, जिनसे शाहरुख जैसे सेलेब्स पैपराजी से दो कदम आगे रहते हैं।

कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और मार्केटिंग हेड श्री रोहित तलवार ने कहा, हम शाहरुख खान के इस आकर्षक मल्टीमीडिया कैंपेन के साथ हाई परफॉर्मेंस कार लुब्रिकेंट्स की अपनी रेंज कैस्ट्रॉल एज को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह कैंपेन शाहरुख को खुद के रूप में पेश करता है, उनके जीवन के एक हिस्से को प्रदर्शित करता है, जहां ब्रांड वास्तव में उन्हें फायदा दे सकता है। कैस्ट्रॉल एज की शुरुआत के साथ, इनोवेशन पर हमारा फोकस भारत की कारों से बेहतर परफॉर्मेंस की बढ़ती मांग को पूरा करता है।

इस टीवी विज्ञापन के निर्माण पर चर्चा करते हुए, ओगिल्वी इंडिया के सीसीओ सुकेश नायक ने कहा, हमें कैस्ट्रॉल के लिए कुछ खास करना था। शाहरुख के साथ मिलकर हम उनकी रचनात्मक क्षमता को सबसे बेहतर रूप में दिखाना चाहते थे। फिर हमने खुद से सवाल किया, एसआरके को ऑन डिमांड परफॉर्मेंस की जरूरत क्यों है और यहीं से स्टे अहेड का विचार आया। यह सिर्फ़ एक टेलीविजन विज्ञापन नहीं है, बल्कि एक पूर्ण विकसित कैंपेन है, जिसमें मज़ेदार टीज़र, शाहरुख की पहली इमेज गैलरी, रोमांचक चेज़ और हास्य शामिल है। यह विज्ञापन निश्चित रूप से उपभोक्ताओं से जुड़ाव बनाने में मदद करेगा।

अमीन लखानी, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर, माइंडशेयर साउथ एशिया ने कहा, ''कैस्ट्रॉल एवं एसआरके दो ऐसे आइकॉनिक ब्रांड्स हैं जिनका आकर्षण आज भी बरकरार है और इनका अलग-अलग दर्शक वर्गों एवं क्षेत्रों में अपना आकर्षण है। हमें इस ब्लॉकबस्टर कैंपेन में योगदान करके बेहद गर्व हो रहा है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड कोटक म्यूचुअल फंड)ने आज 10 जून 2024 को कोटक स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो विशेष स्थितियों की थीम पर आधारित है। यह स्कीम सब्सक्रिप्शन के लिए 10 जून, 2024 को खुल रही है और 24 जून, 2024 को बंद हो जाएगी।

यह फंड निवेशकों को विशेष परिस्थितियों की थीम पर निवेश करने का अवसर प्रदान करेगा। किसी अर्थव्यवस्था, इंडस्ट्री या कंपनी की यात्रा के दौरान कई चुनौतियां आती हैं। ये चुनौतियां अनिश्चितताओं को जन्म देती हैं और साथ ही कई अवसरों को भी जन्म देती हैं। कोटक स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड का लक्ष्य इन अवसरों का लाभ उठाना है। कोटक स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड के साथ, केएमएएमसी का लक्ष्य अलग अलग विशेष स्थितियों जैसे कंपनी स्पेसिफिक घटनाओं, कॉरपोरेट रिस्ट्रक्चरिंग, सरकारी नीति में परिवर्तन, रेगुलेटरी बदलाव, टेक्नोलॉजी के कारण व्यवधान या अस्थायी लेकिन अनूठी चुनौतियों से गुजरने के दौरान फायदा लेने वाली कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश के माध्यम से लंबी अवधि में पूंजी में बढ़ोतरी करना है।

टी-20 वर्ल्ड कप

# मैथ्यू वेड ने आईसीसी आचार संहिता का किया उल्लंघन, लगी फटकार




**बारबाडोस (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। आईसीसी के बयान में कहा गया है, 'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है।

ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में हुए इस मुकाबले में इंग्लैंड पर 36 रन से जीत दर्ज की थी। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की।

विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। इसके अलावा, वेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था।

# 'खो खो' गुमनामी से अंतर्राष्ट्रीय शिखर तक : सुधांशु मित्तल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पीछा करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीन काल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। 'खो' मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला 'खो खो' प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। 'खो खो' की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में 'खो खो' रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने 'खो खो' में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और 'खो खो' के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुँचाया था।





लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'खो खो' को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित 'अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल' द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में 'खो खो' खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने 'खो खो' खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया।

आज 'खो खो' भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'खो खो' की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में 'अखिल भारतीय खो-खो मंडल' की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को आयोजित किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में 'खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वीं एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में 'खो खो' की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे 'खो खो' को अंतर्राष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेता जी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में 'इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन' का गठन किया गया जिसका हेडक्वार्टर लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई।

आज 'खो खो' भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है। यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का हिस्सा है जिसमें लगभग 20 देशों की राष्ट्रीय खो-खो टीमें हैं। ऐसे गौरवशाली इतिहास के साथ खो-खो की लोकप्रियता आने वाले वर्षों में भी बढ़ती रहेगी।

# टी20 विश्व कप में गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गये लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गये 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ। सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।



भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्नील बाटमैंन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है।

टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनेंगे संग्राम सिंह

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार संग्राम ने कहा, 'कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा, 'एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।



# अकमल ने सिखों को लेकर दिया विवादित बयान

- **हरभजन ने याद करवाया इतिहास, कहा- लख दी लानत**



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान अर्शदीप सिंह के धर्म का अपमान करने के लिए पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल की आलोचना की। वायरल वीडियो में अकमल- जो एआरवाई न्यूज पर एक पैनल का हिस्सा थे- ने एक विवादास्पद टिप्पणी की और अन्य पैनलिस्टों के साथ हंसे।

**हरभजन ने याद करवाया इतिहास** - इस पर हरभजन ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, लख दी लानत तेरे कामरान अकमल.. आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जानना चाहिए। हम सिखों ने अपनी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था, समय हमेशा 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए तुम लोगों को.. कुछ आभार मानो।

**कामरान अकमल का वायरल वीडियो** - वायरल वीडियो में अर्शदीप सिंह को आखिरी ओवर देने पर कामरान अकमल को यह कहते हुए सुना गया, कुछ भी हो सकता है... आखिरी ओवर अर्शदीप सिंह ने कराया है। वैसे उसका रिदम नहीं लगा। 12 बज गए हैं। अकमल के बयान कई क्रिकेट प्रेमियों को पसंद नहीं आए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'बिल्कुल घृणित।' दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, 'उस पर शर्म आनी चाहिए, वह ऐसा कुछ कैसे कह सकता है।' तीसरे यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम सभी एक-दूसरे के बारे में मजाक बनाते हैं, लेकिन शालीनता की सीमा नहीं लांघनी चाहिए।'

**कामरान अकमल ने माफी मांगी** - हरभजन द्वारा आलोचना करने के तुरंत बाद कामरान अकमल ने माफी मांगी है। अकमल ने एक्स पर लिखा, मुझे अपनी हालिया टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं।

साउथ अफ्रीका- बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप

# 'यह अच्छा फैसला नहीं था', तौहीद ने हार के बाद अंपायरिंग की आलोचना की

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदय ने नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रन चेज के 17वें ओवर में एक विवादास्पद फैसले का हवाला देते हुए दक्षिण अफ्रीका से 4 रन से मिली हार के दौरान अंपायरिंग मानकों की आलोचना की। बांग्लादेश के रन चेज के 17वें ओवर में ओटनील बार्टमैन की एक गेंद महमूदुल्लाह के पैड से टकराकर चार रन के लिए चली गई। दक्षिण अफ्रीका ने एलबीडब्ल्यू की अपील की जिसे शुरू में सही माना गया लेकिन रिव्यू में खारिज कर दिया गया। चूंकि मैदानी अंपायर ने इसे आउट करार दिया था, इसलिए गेंद को डेड मान लिया गया। इस फैसले ने बांग्लादेश को चार रन नहीं मिल पाए और आखिरकार वे उसी अंतर से मैच हार गए।



मैच के बाद तौहीद ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इतने कड़े मुकाबले में हमारे लिए यह अच्छा फैसला नहीं था। मेरे हिसाब से, अंपायर ने इसे आउट दे दिया, लेकिन यह हमारे लिए बहुत मुश्किल था। वे चार रन मैच का रुख बदल सकते थे। कानून मेरे हाथ में नहीं हैं। उस समय वे चार रन वास्तव में महत्वपूर्ण थे। अंपायर फैसला ले सकते हैं और वे भी इंसान हैं और गलतियां कर सकते हैं। उन्होंने कुछ मौकों पर वाइड भी नहीं दिए, जो वाइड थे।

विवादास्पद फैसले के पांच गेंद बाद तौहीद ने 34 गेंदों पर 37 रन बनाए, उन्हें कैगिसो रबाडा की गेंद पर एलबीडब्लू आउट दे दिया गया जबकि रीप्ले में दिख रहा था कि गेंद केवल लेग स्टंप को छू रही थी। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि इस तरह के करीबी खेल में अंपायरिंग का स्तर बेहतर हो सकता था, खासकर जब वे छोटे लक्ष्य का पीछा कर रहे थे।

उन्होंने कहा, इस तरह के मैदान में जहां कम स्कोर वाले मैच हो रहे हैं, एक या दो रन बहुत बड़ी बात है। मुझे लगता है कि वे चार रन या दो वाइड करीबी कॉल थे और मुझे अंपायर के कॉल पर आउट दिया गया था और इसमें सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, %वास्तव में हम उस स्कोर से बहुत आश्वस्त थे और उस स्थिति से मुझे मैच खत्म कर देना चाहिए था। नए बल्लेबाज के लिए परिस्थितियों के अनुकूल ढलना मुश्किल होता है। उस स्थिति में मुझे मैच खत्म कर देना चाहिए था।

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम स्कोर 113/6 का सफलतापूर्वक बचाव किया और बांग्लादेश पर रोमांचक जीत के साथ सुपर 8 चरण के लिए अपनी योग्यता लगभग पक्की कर ली।

# आज ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजरें सुपर आठ पर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा) (एजेंसी)।** लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले लीग मैच में 36 रन की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी।



ओमान को 39 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं। स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। शीर्ष पर चल रहे स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को पछाड़कर सुपर आठ में जगह बनाने का मौका है। इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं। स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। ऑस्ट्रेलिया ने दो हफ्ते पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को नौ विकेट पर 119 रन पर रोकने के बाद सात विकेट से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे डेविड वार्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक जड़ा और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 16 गेंद में 39 रन बनाकर टीम के सात विकेट पर 201 रन के बड़े स्कोर की नींव रखी।

वार्नर ने नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भी अर्धशतक जड़ा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 141.79 के स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए हैं। वार्नर के सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड भी अच्छी फॉर्म में हैं और दोनों ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज शुरुआत देना चाहेंगे। नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में चार बार ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुका है। अब तक टूर्नामेंट में अपने आठ ओवर में सिर्फ एक छक्का और एक चौका खाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर बर्नार्ड श्कोल्ट्ज से भी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### टीमें इस प्रकार हैं


**ऑस्ट्रेलिया** - मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा।

**नामीबिया** - गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक, जेपी कोट्जे, डेविड वाइसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

**समय** - सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार)।

# पीसीबी ने दिया प्रस्ताव, 19 फरवरी से शुरू हो सकती है चैंपियंस ट्रॉफी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष देश में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को 19 फरवरी से शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत बोर्ड ने टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में कराने का विचार बनाया है। कराची में टूर्नामेंट का उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच होंगे। वहीं लाहौर में फाइनल समेत कुल सात मैच तथा पिंडी क्रिकेट ग्राउंड में कुल पांच मैच होंगे जिसमें दूसरा सेमीफाइनल भी होगा। रिपोर्ट के अनुसार भारत का हर मैच लाहौर में कराने की तैयारी है। इसका मतलब है कि यदि भारत सेमीफाइनल में जाता है तो एक सेमीफाइनल में कराची या रावलपिंडी से निकालकर लाहौर लाना होगा। सुरक्षा के मद्देजनर भारतीय टीम को अधिक यात्रा से बचाते हुए मैचों एक ही शहर में कराए जाने की योजना है।



लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है तो भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा। हालांकि अभी तक यह निश्चित नहीं है कि भारत टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। वर्ष 2008 में एशिया कप के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है और 2012-13 के बाद से दोनों टीमों के बीच कोई द्विपक्षीय सीरीज़ भी नहीं खेली गई है। पिछले वर्ष जब पीसीबी ने एशिया कप होस्ट किया था तो भारत के सभी मैच श्रीलंका में खेले गए थे। भारत ने फाइनल में जीत दर्ज की थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) बार-बार कहता रहा कि भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना भारत सरकार के निर्णय पर निर्भर है।

# ओलंपिक के लिए राइफल और पिस्टल टीम घोषित, दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी।

टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में 8 राइफल और 7 पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था।

निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं। राइफल और पिस्टल में उसने सभी आठ आठ कोटा स्थान हासिल किए हैं। भारत ने इससे पहले कभी इतनी अधिक कोटा स्थान हासिल नहीं किए थे। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत ने 15 कोटा स्थान हासिल किए थे।



### पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की टीम

**राइफल** - संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

**पिस्टल** - सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की वापसी का जश्न मनाने पर मारे चाकू, पांच लोगों को किया अरेस्ट



**बेंगलुरु, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार की वापसी का जश्न मनाकर लौट रहे भाजपा के दो कार्यकर्ताओं पर कर्नाटक के मंगलुरू में 5 लोगों ने हमला बोल दिया। इन लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को चाकू से गोद डाला, जो फिलहाल अस्पताल में एडमिट हैं। इनमें से एक खतरे से बाहर है, जबकि दूसरे का ऑपरेशन होना है। पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल ने बताया कि इस घटना में 41 साल के हर्ष और 24 साल के नंदकुमार पर हमला हुआ था। दोनों मोदी सरकार की वापसी के मौके पर आयोजित एक विजय जुलूस में हिस्सा लेने गए थे और वहीं से लौट रहे थे। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने धार्मिक स्थल के बाहर नारेबाजी की थी, जिसके बाद उनसे भिड़ंत हो गई। भाजपा कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमला बोलने के आरोप में मोहम्मद शाकिर, अब्दुल रज्जाक, अबू बकर सिद्दीकी, सवाद और हफीज को अरेस्ट किया गया है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यह विवाद एक बार के बाहर हुआ था। यहां 20 से 25 बाइक सवार युवकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं का पीछा किया था। उन दोनों भाजपा वर्कर्स पर आरोप था कि उन्होंने नारेबाजी की थी। पुलिस ने इस मामले में मस्जिद से जुड़े पीके अब्दुल्ला की अर्जी पर केस दर्ज किया है। अब्दुल्ला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पीटे गए भाजपा कार्यकर्ता उकसाने वाले नारे लगा रहे थे। इसके अलावा वहां बाहर खड़े लोगों को गालियां भी दी थीं। इस मामले से सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील कर्नाटक में नया विवाद छिड़ सकता है। फिलहाल कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और भाजपा आरोप लगाती रही है कि वह मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करती है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में 240 सीटें जीतने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने फिर से एनडीए के घटक दलों के समर्थन से सरकार बनाई है और रविवार को पूरे मंत्री परिषद के साथ शपथ भी ग्रहण कर ली है।

### केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ठुकरा दिया राज्य सरकार का न्योता

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में पिनाराई विजयन की सरकार और राज्यपाल के बीच तनातनी लंबे समय से चल रही है। इसी बीच केरल सरकार ने जब लोक केरल सभा के उद्घाटन के लिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आमंत्रित किया तो उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। बता दें कि तीन दिन चलने वाली लोक केरल सभा दुनियाभर के केरलाइट्स का एक कार्यक्रम होता है। चीफ सेक्रेटरी वी वेणु प्रसाद खुद राज्पाल को आमंत्रित करने राजभवन गए थे। बता दें कि कई मामलों को लेकर केरल की सरकार और राज्यपाल में मतभेद देखने को मिलता है। वहीं खान ने चीफ सेक्रेटरी से कहा कि सीपीआई (एम) के नेता उनपर निराधार आरोप लगाते रहते हैं। वहीं सार्जनिक जगहों पर भी उनके छात्र और युवा ऐक्टिविस्ट उनका रास्ता रोकने लगते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जब मंत्रियों ने खुले आम प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया तो उससे उन्हें बहुत दुख पहुंचा। मीटिंग के दौरान राज्यपाल ने कहा कि आखिर सरकार इस तरह से अचानक उनके प्रति अपना रवैया क्यों बदल रही है। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी कई कार्यक्रम कराए गए जिनमें उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था। बता दें कि केरल विधानभवन में ही दुनियाभर के केरलाइट्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। यह 13 से 15 जून तक चलेगा। बता दें कि बीते साल दिसंबर में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भारतीय उद्योग के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में एसएफआई के कार्यक्रातओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। केरल राज्यपाल ने कहा था कि यह इस तरह की पांचवीं घटना है। उन्होंने कहा था कि झंडों को रॉड में लगाया गया था।

# लोकसभा रिजल्ट आते ही अजित पवार के बदले बोल ! चाचा शरद पवार की तारीफ

### कहा- विचारधारा नहीं बदली

**महाराष्ट्र, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं और नई सरकार का गठन भी हो चुका है। महाराष्ट्र में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार से बीते साल ही बगावत कर ली थी और अपनी नई पार्टी बनाकर चुनाव में उतरे थे। उनके दल को महाराष्ट्र में एक सीट पर ही जीत मिली थी। इसके अलावा बारामती लोकसभा सीट पर अजित पवार की पत्नी सुनेत्र को सुप्रिया सुले के मुकाबले हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों को अजित पवार के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है, जो भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के साथ गठबंधन सरकार में डिप्टी सीएम हैं।

इस बीच नतीजों के बाद अजित पवार के बोल बदलते दिख रहे हैं। उन्होंने सोमवार को एनसीपी के 25 साल पूरे होने के मौके पर शरद पवार की तारीफ की। अजित पवार ने कहा, शरद पवार ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर अलग होकर नई पार्टी का गठन किया था। वह तब से ही पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और हमारे संगठन को दिशा दे रहे हैं। जून 2023 में शरद पवार से अलग होने के बाद से ऐसा पहली बार है, जब अजित पवार ने उनकी तारीफ की है। अजित पवार की ओर से ऐसे वक्त में तारीफ किया जाना कयासों को जन्म दे रहा है, जब उनके गुट को महज एक लोकसभा सीट मिली। वहीं शरद पवार खेमे ने 10 पर जीत हासिल की है।



इस मौके पर अजित पवार ने एनडीए के साथ अपने रिश्तों और मोदी सरकार में मंत्री पद न लेने पर भी सफाई दी। उन्होंने कहा, हमारा कहना था कि प्रफुल्ल पटेल पहले भी कैबिनेट मिनिस्टर रहे हैं। ऐसे में वह राज्य मंत्री क्यों बनेंगे। हमने इस बार में भाजपा की लीडरशिप को बता दिया है। हम कुछ समय इंतजार करेंगे और एनडीए में ही बने रहेंगे। इसके अलावा 15 अगस्त से पहले तक ही हमारी राज्यसभा में एक बजाय तीन सीटें हो जाएंगी। वहीं भाजपा सूत्रों का कहना है कि अजित पवार को नेतृत्व ने कह दिया था कि 7 सीटें जीतने वाले एकनाथ शिंदे गुट को एक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का ही पद मिला है। इसलिए एक सीट वाले आपके दल के लिए यह ऑफर ठीक है। अजित पवार ने यह भी साफ किया कि भले ही वह भाजपा और एकनाथ शिंदे सेना के साथ हैं, लेकिन हमारी विचारधारा में कोई बदलाव नहीं आया है। हमारी विचारधारा वही है। वही राह है, जो महात्मा फुले, भीमराव आंबेडकर और शाहू जी महाराज ने दिखाई थी। एनडीए की ओर से संविधान बदले जाने के सवाल पर अजित पवार ने कहा कि विपक्ष ने गलत नैरेटिव फैलाया था, जिसमें वह सफल रहा।

### दांत साफ कर रहे बच्चे की भाई ने ऐसे थपथपाई पीठ, गले में फंस गया ब्रश; मची चीख-पुकार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** दांत साफ करते समय एक बच्चे के गले में ब्रश फंस गया। दर्द के मारे बच्चे की चीख-पुकार मच गई। हालत और बिगड़ने लगी तो घरवाले उसे अस्पताल ले गए। बच्चे की जान बचाने के लिए डॉक्टरों को उसकी सर्जरी करनी पड़ी। डॉक्टरों ने बताया कि अगर समय रहते सर्जरी नहीं होती तो सांस न ले पाने के कारण उसकी मौत भी हो सकती थी। डॉक्टरों ने उसी दिन गले का ऑपरेशन करके उसे अस्पताल से भी छुट्टी दे दी। पुडुचेरी का सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी पोस्ट ग्रेचुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइसेंज (एमजीपीजीआईडीएस)के डॉक्टरों ने किशोर की जान बचाई। डॉक्टरों की टीम ने 14 वर्षीय लड़के के गले में फंसा टूथब्रश निकाला है। 45 मिनट के कठिन ऑपरेशन के बाद अस्पताल ने बच्चे को उसी दिन डिस्चार्ज भी दे दिया। हालांकि डॉक्टरों का कहना था कि ऑपरेशन इतना आसान नहीं था।

लड़के की पहचान विल्लुपुरम जिले के किलियानूर के किसान सुरेश के बेटे एस दीबेश के रूप में हुई है। उसे शनिवार की सुबह तब अस्पताल में भर्ती किया गया, जब डॉक्टरों को जानकारी हुई कि उसके गले में ब्रश फंस गया है। जानकारी के अनुसार, दीबेश अपने भाई के साथ ब्रश कर रहा था। तभी खेल-खेल में उसके भाई ने उसकी पीठ जोर से थपथपा दी। इससे हुआ यूं कि दीबेश के हाथ से ब्रश की पकड़ ढीली हुई और ब्रश उसके गले के अंदर जाकर फंस गया। मारे दर्द के दीबेश की चीख निकलने लगी। जब उसके घरवालों को यह जानकारी मालूम हुई तो उन्होंने उसे तुरंत अस्पताल ले जाने का फैसला लिया।



### अपमानित नहीं होना चाहता, नहीं लड़ूंगा जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव- उमर अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट से करारी हार मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के लिए राज्य विधानसभा चुनाव का विकल्प है। लेकिन, उन्होंने यह कहते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया कि वे केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव जीतकर विधानसभा की सीढ़ियां नहीं चढ़ना चाहते, क्योंकि वह खुद को अपमानित नहीं करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वह भले ही चुनाव न लड़ें लेकिन, पार्टी के चुनावी अभियान का नेतृत्व जरूर करेंगे। जेल में बंद शेख अब्दुल रशीद उर्फ ??इंजीनियर रशीद से बारामूला लोकसभा चुनाव हारने को उमर अब्दुल्ला परेशान करने वाली बात नहीं मानते। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनावी राजनीति में हार के लिए भी तैयार रहना पड़ता है। अगर आप इस तथ्य को अलग रखें कि मैं हार गया, तो कुल मिलाकर मुझे लगता है कि हमारी पार्टी नेशनल कॉफ्रेंस के पास संतुष्ट होने के लिए बहुत कुछ है। जहां तक मेरी अपनी सीट का सवाल है, मैं निराश होने के अलावा और क्या कर सकता हूं? लेकिन यह चुनावी राजनीति है।

### डॉक्टर की लग्जरी कार से शराब तस्करी, तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर मध निषेध की पुलिस ने दो लग्जरी कार में यूपी के शराब के साथ तीन शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। लग्जरी कार पर डॉक्टर का स्टिकर लगा कर शराब की तस्करी कर रहा था।द टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर जिले के पारू थाना क्षेत्र में लालू छपरा गांव में विदेशी शराब को कार में लादकर पताही ले जा रहे है। टीम लालू छपरा गांव में छापेमारी करने पहुंची। जहां पुलिस टीम ने दो लग्जरी कार से 45 कार्टन शराब बरामद की। मौके से तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। एक कार का नंबर प्लेट बंगाल और एक कार पर डॉक्टर लिखा हुआ है।

**मोहमदपुरखाजा गांव के रहने वाले हैं बदमाश :** दो तस्कर की पहचान करजा थाना क्षेत्र मोहमदपुरखाजा गांव निवासी के रूप में हुई है। मध निषेध की इंस्पेक्टर शिबेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर टीम ने पारू थाना क्षेत्र लालू छपरा में कार्रवाई की। दो लग्जरी कार से शराब की खेप लेकर पहुंचे तीन लोग पकड़े गए।

## तेरहवीं के दिन जिंदा घर लौटा युवक, मरा समझ परिवार ने कर दिया था अंतिम संस्कार

**श्योपुर , एजेंसी।**
मध्य प्रदेश के श्योपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहं एक व्यक्ति को उसके परिवार द्वारा मरा हुआ समझ अंतिम संस्कार करने के बाद तेरहवीं की रस्म वाले दिन पहले वह जीवित घर लौट आया। अब यह बात पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई है।

दरअसल, हाल ही में राजस्थान के सवाई माधोपुर के पास सूरवाल में हुए एक हादसे की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें घायलों की शिनाख्त की अपील की गई थी। इस फोटो को देख, मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के लाहचोड़ा गांव के एक परिवार ने घायल व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र शर्मा के रूप में की और उसे जयपुर ले गए, जहां उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जयपुर में डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई है। थाना प्रभारी लाल बहादुर मीना ने बताया कि परिवार ने शुरुआत में हादसे में मरने वाले व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र के रूप में की थी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। शव का अंतिम संस्कार 28 मई को किया गया। परिवार जब सुरेंद्र की तेरहवीं के दिन की रस्मों की तैयारी कर रहा था, तभी उन्हें एक दिन पहले सुरेंद्र का फोन आया। शुरू में उन्हें लगा कि यह कोई मजाक है, लेकिन उसके भाई ने सुरेंद्र से वीडियो कॉल के जरिये पुष्टि करने को कहा। वीडियो कॉल पर जब उन्होंने सुरेंद्र को जिंदा देखा, तो उन्होंने उसे तुरंत घर लौटने के लिए कहा और तेरहवीं की सभी तैयारियां बंद कर दीं। यह भ्रम तब शुरू हुआ जब सुरवाल में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। श्योपुर में एक सड़क किनारे के रेस्तरां का एक खाद्य बिल उसकी जेब से मिला, जिससे सुरवाल पुलिस को दुर्घटना में मरने वाले व्यक्ति की पहचान करने में मदद मिली। सोशल वर्कर बिहारी सिंह सोलंकी ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो पोस्ट की, जिसमें सुरेंद्र के परिवार ने गलती से उसे सुरेंद्र के रूप में पहचान लिया और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। सुरेंद्र की मां कृष्णा देवी ने बताया कि परिवार ने एक अज्ञात शव की पहचान सुरेंद्र के रूप में की और सभी अनुष्ठान भी कर दिए। उन्होंने कहा कि उनके पास जब सुरेंद्र का फोन आया, तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ।



## अमेरिकी-इस्राइली जासूसी सेल को विद्रोहियों ने किया गिरफ्तार, हूती के अधिकारी ने दी जानकारी

**सना, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच यमन के हूती विद्रोही भी काफी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को उन्होंने एक अमेरिकी-इस्राइली जासूसी सेल को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले ही विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के लगभग एक दर्जन कर्मचारियों को हिरासत में लिया था। हूती के आरोपों पर अब तक इस्राइल की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने भी आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।



हूती के खुफिया प्रमुख अब्देल हकीम अल खैवानी ने सोमवार को बताया कि कथित सेल में यमन में अमेरिकी दूतावास के पूर्व कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सेल ने दशकों तक दुश्मन के पक्ष में आधिकारिक और अनौपचारिक संस्थानों में जासूसी और तोड़फोड़ की है। सेल के सदस्यों और अमेरिकी अधिकारियों ने तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम दिया। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी दूतावास में अपने पदों का फायदा उठाया। अमेरिकी दूतावास के सना से जाने के बाद, सेल के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय और संयुक्त राष्ट्र संगठनों की आड़ में अपने तोड़फोड़ के एजेंडे को जारी रखा।

हूतियों का उदय 1980 के दशक में यमन में हुआ। यह यमन के उत्तरी क्षेत्र में शिया मुस्लिमों का सबसे बड़ा आदिवासी संगठन है। हूती उत्तरी यमन में सुन्नी इस्लाम की सलाफी विचारधारा के विस्तार के विरोध में हैं। 2011 से पहले जब यमन में सुन्नी नेता अब्दुल्ला सालेह की सरकार थी, तब शियाओं के दमन की कई घटनाएं सामने आईं। ऐसे में शियाओं में सुन्नी समुदाय के तानाशाह नेता के खिलाफ गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने देखा कि अब्दुल्ला सालेह की आर्थिक नीतियों की वजह से उत्तरी क्षेत्र में असमानता बढ़ी है। वे इस आर्थिक असमानता से नाराज थे। बताया जाता है कि हूती विद्रोहियों को सीधे तौर पर ईरान का समर्थन हासिल है। दरअसल, ईरान शिया बहुल देश है और हूती मुस्लिम भी इसी समुदाय से आते हैं। इसी सामुदायिक जुड़ाव के चलते ईरान पर हूतियों की मदद के आरोप लगते रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हूतियों के पास जो हथियार और मिसाइलें मिलती हैं, वे भी ईरान द्वारा निर्मित होती है। इतना ही नहीं इस्लामिक जगत में राज के लिए ईरान का पहले ही सऊदी अरब और यूएई से लंबा विवाद रहा है। ऐसे में ईरान के लिए यमन को अरब देशों के प्रभाव में जाने से रोकना बड़ी चुनौती है। इसीलिए वह हूती विद्रोहियों का समर्थन कर यमन में सऊदी अरब और यूएई को रोकने की कोशिश में लगा है।

## हमास से जंग के बीच इस्राइल ने लेबनान पर किया हमला, हिजबुल्ला के तीन सदस्य मारे गए

**गाजा, एजेंसी।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इस्राइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्राइल ने लेबनान में टैंकरों के एक काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्ला के तीन सदस्य भी मारे गए।

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के साथ जारी जंग के बीच हिजबुल्ला ने भी इस्राइल को निशाना बनाया है। लेबनान में आठ महीने से अधिक समय से जारी हिंसा में कम से कम 462 लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग 90 नागरिक और लगभग 300 हिजबुल्ला लड़ाके शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में सैन्य सूत्र के हवाले से बताया गया इस्राइल ने सीरिया की सीमा पर स्थित हरमेल जिले के एक गांव में टैंकरों के एक काफिले और एक इमारत को निशाना बनाया। उसने नौ हमले किए, जिसमें हिजबुल्ला के तीन लोग मारे गए। साथ ही उन्होंने बताया कि तीन लोग घायल हुए हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर के अनुसार, हमले में दो अन्य लोग भी मारे गए हैं। एनजीओ के निदेशक रामी अब्देल रहमान ने बताया, सीरिया की सीमा पर लेबनान में प्रवेश करने वाले टैंकरों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इस्राइली हमले में हिजबुल्ला के साथ काम करने वाले तीन सीरियाई और दो लेबनानी मारे गए। उन्होंने कहा कि हमले के बाद पांच अन्य घायल हो गए और दो लोग लापता हैं। युद्ध की निगरानी करने वालों ने बताया कि हमले का मुकाबला करने के लिए सीरियाई विमानरोधी रक्षा को सक्रिय किया गया था। हिजबुल्ला के लड़ाके लंबे समय से सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना के समर्थन में तैनात हैं। सोमवार के हमलों से कुछ घंटे पहले, हिजबुल्ला ने एलान किया था की कि उसने लेबनान के ऊपर एक और इस्राइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है, जो फरवरी के बाद से इस प्रकार का पांचवां ड्रोन है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम का प्रस्ताव पारित किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में युद्ध विराम के लिए अमेरिका का प्रस्ताव पारित हो गया। इसके तहत बंधकों की रिहाई के बदले में इजरायल के साथ संघर्ष को समाप्त करने की जिम्मेदारी हमास पर डाल दी गई है।

अमेरिका द्वारा लाये गए प्रस्ताव पर सोमवार को चीन सहित 14 सदस्य देशों ने वोट किया, जबकि रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इसके साथ ही ये प्रस्ताव पारित हो गया। इसके तहत तीन-चरण में गाजा में शांति प्रस्ताव लागू किया जाएगा, जिसमें कतर और मिस्र की भूमिका भी होगी। अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि लिंडा थोमा-ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा, आज, इस परिषद ने हमास को एक स्पष्ट संदेश दिया है - युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करो।

उन्होंने कहा, इजरायल पहले ही इस समझौते पर सहमत हो चुका है और अगर हमास भी ऐसा ही करता है तो लड़ाई आज ही रुक सकती है। उन्होंने कहा, मिस्र और कतर ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे हमास के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने के लिए काम करना जारी रखेंगे और अमेरिका यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि इजरायल भी अपने दायित्वों को पूरा करे, बशर्ते कि हमास इस समझौते को स्वीकार कर ले। इजरायली राजनयिक रीट शापिर बेन-नफ्ताली ने परिषद से कहा, अगर हमास बंधकों को रिहा कर दे और आत्मसमर्पण कर दे तो युद्ध समाप्त हो जाएगा। एक भी गोली नहीं चलेगी। परिषद का यह प्रस्ताव अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के इजरायल पहुंचने के बीच आया। इजरायली वॉर कैबिनेट में शामिल विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ ने रविवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर बंधकों को वापस लाने और युद्ध को समाप्त करने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले इजरायली सेना ने शनिवार को गाजा में हमास के कब्जे वाले क्षेत्र से चार बंधकों को नाटकीय ढंग से बचाया था। बेन-नफ्ताली ने कहा, हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने से इनकार करने से यह साबित हो गया है कि बंधकों को वापस लाने के प्रयास में सैन्य साधनों को भी शामिल किया जाना चाहिए। और यह शनिवार को साबित हो गया कि इसे कैसे हासिल किया जा सकता है। परिषद कक्ष के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए फिलिस्तीन के पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने कहा, हम फिलिस्तीन के लोग देखना चाहते हैं कि यह प्रस्ताव कैसे लागू होगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि हमने बड़ी संख्या में लोगों की जान जाते हुए देखा है और हत्याओं के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। हमास द्वारा नियंत्रित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के जवाबी हमलों में अब तक 36,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। थॉमस-ग्रीनफील्ड के अनुसार, सुरक्षा परिषद द्वारा स्वीकृत योजना छह सप्ताह के युद्ध विराम के साथ शुरू होगी, जिसमें इजरायली बंधकों, जिसमें महिलाएं, घायल और बुजुर्ग हैं, को छुड़ाया जाएगा और इसके बदले में इजरायली हिरासत से फिलिस्तीनियों को छोड़ा जाएगा। फिर इजरायल को गाजा के आबादी वाले क्षेत्रों से अपने सैनिकों को वापस बुलाना होगा और नागरिकों को अपने घरों में लौटने की अनुमति दी जाएगी। दूसरे चरण में, गाजा में मौजूद सभी अन्य बंधकों की रिहाई और गाजा से इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी के बदले में शत्रुता का स्थायी अंत होगा। अंतिम चरण में गाजा के लिए एक पुनर्निर्माण योजना की शुरुआत होगी, और गाजा में मौजूद इजरायली और अन्य लोगों के अवशेषों को उनके परिवारों को वापस किया जाएगा। इजरायल को आश्वस्त करते हुए थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा, जैसा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने स्पष्ट किया है, हमास अब 7 अक्टूबर की घटना को फिर से दोहराने लायक नहीं है, और इजरायल की आत्मरक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता अटल है। रूस के स्थायी प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने प्रस्ताव पर संदेह व्यक्त किया और कहा कि यह प्लान कितना सफल होता है, देखना बाकी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मास्को इसे रोकना नहीं चाहता, क्योंकि इसे अरब देशों का समर्थन प्राप्त है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129